


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791





वर्ष : 01, अंक : 302 | रांची, गुरुवार, 17 अक्टूबर 2024 (आश्विन शुक्ल पूर्णिमा, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## अब 'अंधा' नहीं होगा कानून! न्याय की देवी की आंखों से उतरी पट्टी, हाथ में थामा संविधान

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** आपने अक्सर लोगों को कहते सुना होगा कि कानून तो अंधा होता है। लेकिन अब लोग ऐसा नहीं बोल सकते, क्योंकि न्याय की देवी की आंखों से अब पट्टी हट चुकी है। बुधवार को न्याय की देवी की नई मूर्ति का अनावरण हुआ, जिसमें काफी कुछ बदलाव नजर आया। इस मूर्ति की आंखों को कोई काली पट्टी नहीं बंधी है। साथ ही अब न्याय की देवी के हाथ में तलवार नहीं भारत का संविधान नजर आया। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड के आदेश पर अब अदालतों में दिखने वाली न्याय की देवी की मूर्ति में अहम बदलाव किए गए हैं।





ये बदलाव स्पष्ट रूप से बड़े संदेश दे रहे हैं।

**क्यों पहले मूर्ति की आंखों पर बांधी गई थी पट्टी?** : बता दें कि, न्याय की देवी की मूर्ति की आंखों पर पहले पट्टी बंधी रहती थी, लेकिन अब इस पट्टी को खोल दिया गया है, जिससे संभवतः आम लोगों के बीच यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि कानून अंधा नहीं है। आमतौर पर पहले लोग इसी मूर्ति का हवाला देकर कहा करते थे कि कानून अंधा होता है। हालांकि पहले इस बंधी पट्टी का संदेश यह था कि न्यायिक प्रक्रिया के दौरान अदालत मुंह देखकर फैसला नहीं सुनाती है, बल्कि हर व्यक्ति के लिए समान न्याय होता है।

**इस वजह से हाथ में रखा गया संविधान** : रिपोर्ट के अनुसार, इसके साथ ही पहले न्याय की देवी की मूर्ति के बाएं हाथ में तलवार रहा करती थी, जिसे हटा दिया गया है। अब तलवार की जगह संविधान रखा गया है, जिससे यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि हर आरोपी के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। अदालत में लगी न्याय की देवी की मूर्ति ब्रिटिश काल से ही चलन में है, लेकिन अब इसमें बदलाव करके न्यायपालिका की छवि में समय के अनुरूप बदलाव की सराहनीय पहल की गई है। शेष पेज 08 पर

## वीआईपी सुरक्षा से हटेंगे एनएसजी कमांडो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकर ने आदेश दिया है कि सभी वीआईपी सिक्योरिटी ड्यूटी एनएसजी कमांडो को हटा लिया जाए। क्योंकि इनका इस्तेमाल सिर्फ आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए किया जाएगा। जिन वीआईपी लोगों को बहुत ज्यादा खतरा है, उनकी सिक्योरिटी की कमान अब सीआरपीएफ के हवाले होगा। अगले महीने से आदेश लागू हो जाएगा। संसद की सुरक्षा से सेवामुक्त हुए सीआरपीएफ जवानों को स्पेशल ट्रेनिंग दिलाकर उन्हें सीआरपीएफ वीआईपी सिक्योरिटी विंग में भेजा गया है। इसके लिए नई बटालियन बनाई गई है। अब ये जवान वीआईपी की सुरक्षा करेंगे। सूत्रों की मानें, तो इस समय 9 जेड-प्लस कैटेगरी के वीआईपी है, जिनकी सिक्योरिटी एनएसजी के ब्लैक कैट कमांडो करते हैं।

सीआरपीएफ संभालेगी कमान



**इनके वीआईपीएस के पास एनएसजी की सिक्योरिटी** : ये हैं- यूपी की सीएम योगी आदित्यनाथ, बसपा सुप्रीमो मायावती, केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम रमन सिंह, जम्मू और कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद, एनसी नेता फारुक अब्दुल्लाह, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू। अब इनके पास से एनएसजी कमांडो हट जाएंगे। सीआरपीएफ सिक्योरिटी विंग कमान संभालेगी। सीआरपीएफ के पास 6 सिक्योरिटी बटालियन अब बनाई गई सातवीं : सीआरपीएफ के पास पहले से छह वीआईपी सिक्योरिटी बटालियन मौजूद है। नई बटालियन के साथ ये सात हो जाएंगी। नई बटालियन कुछ महीने पहले तक संसद की सुरक्षा में लगी थी। अब यह काम सीआईएसएफ को सौंपा गया है।

**राजनाथ और योगी के पास एडवांस्ड सिक्योरिटी लाइसनः** एनएसजी सिक्योरिटी वाले 9 वीआईपी में से दो यानी राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ के पास एडवांस्ड सिक्योरिटी लाइसन प्रोटोकॉल है। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त खबरें

### दिसंबर तक टला भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी की घोषणा कर दी है। राज्यसभा के संसद सदस्य के लक्ष्मण को राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी बनाया गया है। सांसद के लक्ष्मण के नेतृत्व में भाजपा के संगठन चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव दिसंबर तक या जनवरी 2025 में होगा। सदस्यता अभियान का कार्य 17 अक्टूबर तक चलेगा। इसके बाद राज्यों के संगठन के चुनाव होंगे। उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का कार्यक्रम अभी घोषित नहीं हुआ है। कार्यक्रम घोषित होने के बाद नामांकन और मतदान की तारीख का एलान किया जाएगा।

### देवघर के सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा 70 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार



देवघर। झारखंड के देवघर जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है। दुमका एसीबी टीम ने देवघर के सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा को 70 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के साथ एसीबी टीम इन्हें पूछताछ के लिए दुमका ले गयी है। पश्चिम बंगाल के पश्चिम वर्द्धमान के रेलपार निवासी मो महफुज आलम के आवेदन पर यह कार्रवाई की गई। मो आलम ने लिखित आवेदन देकर सूचित किया कि देवघर जिले के कॉलेज रोड मधुपुर में वर्ष, 2020 में बंगाल नर्सिंग होम के नाम से एक दस बेड के हॉस्पिटल की शुरुआत की थी। इनके नर्सिंग होम का 9 जून, 2024 तक का प्रोविजनल प्रमाण पत्र (संख्याब-2035000217) था। इसका रिनुअल कराना था। शेष पेज 08 पर

## मोदी सरकार ने केंद्रीय कर्मियों व किसानों को दिया दिवाली गिफ्ट

# तीन प्रतिशत बढ़ा महंगाई भत्ता, सैलरी में होगा इजाफा

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** दिवाली से पहले केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। जी हां, सूत्रों के हवाले से जो अपडेट सामने आया है, उसके मुताबिक, केंद्र सरकार ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 फीसदी का इजाफा करने का एलान कर दिया है। इस इजाफे के बाद डीए बढ़कर 53 फीसदी हो गया है। इससे पहले इसी साल मार्च में 4 फीसदी का डीए हाइक मिला था।

**53% हो गया कर्मचारियों का डीए** : केंद्रीय कर्मचारियों को फिलहाल 50 फीसदी डीए मिल रहा था और सरकारी सूत्रों के मुताबिक दिवाली से पहले ही सरकार इसमें 3 फीसदी का इजाफा करके उन्हें बड़ा तोहफा दे दिया है। डीए में ये ताजा बढ़ोतरी का लाभ 1 जुलाई 2024 से मिलेगा। मतलब केंद्रीय कर्मचारियों की दिवाली और भी रोशन हो गई है, क्योंकि उनकी सैलरी में बंपर इजाफा देखने को मिलेगा।



### कर्मचारियों की सैलरी का कैलकुलेशन

अब बात करते हैं कि सरकार द्वारा महंगाई भत्ते में 3 फीसदी के इजाफे के बाद कर्मचारियों की सैलरी में कितना इजाफा होगा। तो कैलकुलेशन के मुताबिक, किसी कर्मचारी की बेसिक सैलरी 55,200 रुपये है, तो फिलहाल 50% पर उनका महंगाई भत्ता 27,600 रुपये है। वहीं अगर डीए 53 फीसदी हो जाता है तो उनका महंगाई भत्ता बढ़कर 29,256 रुपये हो जाएगा। यानी कर्मचारियों का वेतन 29,256 रुपये - 27,600 रुपये = 1,656 रुपये बढ़ेगा।

**साल 2024 की ये दूसरी बढ़ोतरी** : आम तौर पर केंद्र सरकार जनवरी और जुलाई में कर्मियों के डीए में संशोधन करती है। शेष पेज 08 पर

### छह फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया



| रबी फसल | नई एमएसपी रुपये प्रति क्विंटल में | वृद्धि रुपये में |
|---|---|---|
| गेहूं | 2425 | 150 |
| जौ | 1980 | 130 |
| चना | 5650 | 210 |
| मसूर | 6700 | 275 |
| सरसों | 5950 | 300 |
| सूरजमुखी | 5940 | 140 |

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने रबी की फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी में इजाफा किया है। इस फैसले का मकसद किसानों को उनकी उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करना है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने मार्केटिंग सीजन 2025-26 के दौरान रबी फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दी है। शेष पेज 08 पर

#### पीएम मोदी ने किया पोस्ट



प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अपने किसान भाई-बहनों के कल्याण के लिए हम निरंतर बड़े फैसले लेने में जुटे हैं। इसी दिशा में आज हमारी सरकार ने 2025-26 के विपणन सत्र के लिए गेहूं और चना सहित अनिवार्य रबी फसलों की एमएसपी को बढ़ाया है। इससे हमारे अन्नदाताओं का जीवन और आसान होगा।



### पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने झारखंड के नवनिर्माण के लिए युवाओं से की अपील

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद पक्ष और विपक्ष हमलावर हैं। इस बीच पूर्व सीएम और बीजेपी नेता चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया के जरिये युवाओं को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति के कंधों पर किसी भी राज्य तथा राष्ट्र का भविष्य होता है। मात्र 24 साल पुराने हमारे झारखंड राज्य को लेकर आपके मन में कई सपने, उम्मीदें एवं आकांक्षाएं होंगी। युवाओं की परेशानियों को हमने करीब से देखा : चंपाई सोरेन ने युवाओं से कहा कि आप में से कई साथी अपने परिवार, समाज, राज्य तथा राष्ट्र के लिए बहुत कुछ करना चाहते हैं, लेकिन व्यवस्था की वजह से मजबूर हैं। आपकी परेशानियों तथा आपके मुद्दों को हमने करीब से देखा एवं समझा है। पिछले साढ़े चार दशकों के अपने बेदाग राजनीतिक सफर में हमने हमेशा युवाओं, छात्रों, महिलाओं एवं बड़े-बुजुर्गों समेत समाज के सर्वांगीण विकास हेतु काम किया है। शेष पेज 08 पर

## भाजपा ने 20 वर्षों में झारखंड को बनाया पिछड़ाः हेमंत सोरेन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक्स पर पोस्ट के जरिए कहा कि उन्हें पता है कि अभी भी कई क्षेत्र में बहुत कुछ करना बाकी है। विपक्ष ने 20 वर्षों तक राज्य को इतना पिछड़ा बनाया कि इसे आगे ले जाने के लिए अभी कई गुना जोर लगाना है और यह जोर हम मिलकर लगाएंगे। आने वाले विधानसभा चुनाव में हमें भाजपा और विपक्ष के धनतंत्र, झूठ, साजिश और समाज को तोड़ने वाली राजनीति के खिलाफ मिलकर लड़ना है। आपके विश्वास और समर्थन के साथ हम मिलकर समृद्ध, विकसित और खुशहाल झारखंड का निर्माण करेंगे।



**दिशोम गुरुजी के सपनों का समृद्ध झारखंड बनकर रहेगा** : दिशोम गुरुजी के सपनों का समृद्ध झारखंड बनकर रहेगा। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि उन्होंने चुनौतियों को संयम से दूर किया। दिसंबर 2019 में जनादेश के बाद राज्य की बागडोर संभाली। उनका मकसद झारखंड की जड़ें मजबूत करना है। शेष पेज 08 पर

#### सरकार के किए कार्यों की लंबी फेहरिस्त गिनाई

**शिक्षा**

- सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की श्रृंखला शुरू की, जो पंचायत स्तर तक जाएगी।
- प्री और पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप की राशि दो से तीन गुनी बढ़ाई गई
- गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मरांग गोमके ओवरसीज स्कॉलरशिप, साइकिल वितरण।

**कल्याण**

- राज्य की लाखों माताओं-बहनों और बेटियों को मंईयां सम्मान योजना से जोड़ा।
- दिसम्बर से 18-50 वर्ष की माताओं-बहनों को 2500 रुपए की सम्मान राशि भी मिलने लगेगी।
- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जैसी योजनाओं से भी जोड़ा।

**नियुक्ति**

- युवाओं को नौकरी और रोजगार से जोड़ने के लिए कई नियमावलियां बनाईं
- पेपर लीक रोकने वाला सख्त कानून भी बनाया।
- निजी क्षेत्र में स्थानीय को रोजगार के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण लागू किया।

## झारखंड पार्टी ने पांच सीटों पर उतारे अपने उम्मीदवार

- पूर्व मंत्री एनोस एक्का के बेटे-बेटी भी मैदान में

**रांची।** 1949 में गठित झारखंड पार्टी राज्य की सबसे पुरानी पार्टियों में से एक है। 75 वर्षों में झारखंड पार्टी कई हिस्सों में टूटी। लेकिन आजादी के बाद बिहार विधानसभा में भी झारखंड पार्टी (झापा) की गिनती प्रमुख विपक्षी पार्टियों में होती थी। कई दशक तक झापा ने छोटानागपुर संताल परगना क्षेत्र में कांग्रेस को कड़ी चुनौती दी। लेकिन पार्टी में अनेक बार टूट और बिखरने बावजूद अलग झारखंड राज्य गठन के बाद भी झापा की सरकार में बड़ी भूमिका रही।



**एनोस एक्का ने 5 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की** : 1970 के दशक में झारखंड आंदोलन के बड़े नेता एनई होरो ने इस पार्टी को पुनर्जीवित किया था। बाद में एनोस एक्का ने पार्टी की कमान संभाली। शेष पेज 08 पर



### मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

- बाल-बाल बचे

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को लेकर जा रहे एक हेलीकॉप्टर को बुधवार को मुनस्यारी के निकट रालम गांव में खराब मौसम के कारण आपात स्थिति में उतारना पड़ा। शेष पेज 08 पर

## उमर अब्दुल्ला ने ली जम्मू-कश्मीर के सीएम पद की शपथ

- सुरिंदर चौधरी बने डिप्टी सीएम
- गठबंधन करके चुनाव में उतरी कांग्रेस ने सरकार में न शामिल होने का लिया फैसला

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में उन्हें और उनके चुने हुए सदस्यों को पद की शपथ दिलाई। वरिष्ठ एनसी नेता सुरिंदर चौधरी ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। गठबंधन करके चुनाव में उतरी कांग्रेस ने सरकार में न शामिल होने का फैसला लिया है, इसलिए कांग्रेस के किसी भी विधायक को शपथ नहीं दिलाई गई है। केंद्र सरकार की ओर से 2019 में अनुच्छेद



370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद उमर अब्दुल्ला का मुख्यमंत्री के रूप में पहला कार्यकाल होगा। शेष पेज 08 पर

### हरियाणाः नायब सिंह सैनी आज मुख्यमंत्री पद की लेंगे शपथ, राज्यपाल से मिलकर दावा ठोका

**हरियाणा।** नायब सिंह सैनी लगातार दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बनने वाले हैं। बुधवार को उन्होंने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे।



**सैनी को सर्वसम्मति से चुना गया बीजेपी विधायक दल का नेता** : इससे कुछ घंटे पहले ही पंचकूला में हुई बैठक में सैनी को सर्वसम्मति से हरियाणा में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए। नवनिर्वाचित विधायकों कृष्ण कुमार बेदी और अनिल विज ने सैनी के नाम का प्रस्ताव दिया था। शेष पेज 08 पर

### केंद्रीय मंत्री ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना, कहा

## हरियाणा की तरह झारखंड में भी बनेगी एनडीए की सरकार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चिरकुंडा।** बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा ग्रामीण जिला धनबाद की ओर से चिरकुंडा टाउन हॉल में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि झारखंड में इस बार एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी। मेघवाल ने कहा कि डबल इंजन सरकार बनने के बाद ही झारखंड का सर्वांगीण विकास संभव है। जनता ने इस बार मन बना लिया है कि राज्य में बीजेपी की सरकार लाएगी।



**मोदी सरकार में देश लगातार कर रहा प्रगति** : केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए मोदी जी ने नारी वंदन अधिनियम के द्वारा लोकसभा व विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है। शेष पेज 08 पर

## भारत ने पाकिस्तान-चीन को दिखाया आईना

- एससीओ समिट में गिनाईं 'तीन बुराइयां', कहा- ऐसे कभी नहीं बढ़ सकता है सहयोग

**लाहौर।** 23वें एससीओ समिट की मेजबानी इस बार पाकिस्तान में हुआ। भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर सम्मेलन में हिस्सा लेने पाकिस्तान गए थे। बुधवार को भारत वापस लौट आए। वहीं सम्मेलन के दूसरे दिन एस जयशंकर ने पाकिस्तान को उसी की धरती पर परोक्ष रूप से कड़ा संदेश दिया। अपने संदेश में जयशंकर ने तीन बुराइयों का जिक्र करते हुए पाकिस्तान की परोक्ष रूप से लताड़ लगाई। विदेश मंत्री ने कहा कि यदि सीमा पार की गतिविधियां आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की तीन बुराइयों पर आधारित होंगी, तो व्यापार, ऊर्जा और संपर्क सुविधा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की संभावना नहीं है। जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापार और संपर्क पहलों में क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दी जानी चाहिए और भरोसे की कमी पर ईमानदारी से बातचीत करना आवश्यक है।



### चार्टर का सख्ती से पालन करें सभी सदस्य देश : जयशंकर

एससीओ की बैठक में भारत के विदेश मंत्री ने एससीओ के प्रत्येक सदस्य राष्ट्र को समूह के चार्टर का सख्ती से पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आपसी विश्वास, मित्रता और अच्छे पड़ोसी के भाव को मजबूत करने करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसमें क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दी जानी चाहिए। इसे वास्तविक साझेदारी पर आधारित होना चाहिए, न कि एक तरफा एजेंडे पर। अगर हम वैश्विक व्यवस्था, खासकर व्यापार और पारगमन के क्षेत्रों में अपने फायदे के हिसाब से चयन करेंगे, तो सहयोग आगे नहीं बढ़ सकता। विदेश मंत्री की इस टिप्पणी को व्यापार एवं संपर्क सुविधा जैसे अहम मुद्दों पर चीन के आक्रामक रवैये के परोक्ष संदर्भ के रूप में देखा जा रहा है।

**जयशंकर ने गिनाईं 'तीन बुराइयां':** अपने पाकिस्तान दौरे और एससीओ सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि यदि सीमा पार की गतिविधियां आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद से जुड़े हैं, तो उनके साथ-साथ व्यापार, ऊर्जा प्रवाह, संपर्क और लोगों के बीच आपसी लेनदेन को बढ़ावा मिलने की संभावना नहीं है। शेष पेज 08 पर

## बिहार में जहरीली शराब का कहर छह की मौत, 14 हॉस्पिटल में भर्ती



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**सीवान।** बिहार में जहरीली शराब पीने से छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 24 अन्य लोग हॉस्पिटल में भर्ती हैं। अफसरों ने बताया कि सीवान में चार और सारण में दो लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पीड़ितों ने मंगलवार की रात को ही जहरीली शराब पी थी, जिसके बाग वे बीमार पड़ गए। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### मां लक्ष्मी की पूजा हर्षोल्लास से सम्पन्न



**सिल्ली।** शरद पूर्णिमा के मौके पर बुधवार को सिल्ली मुरी एवं आसपास के दुर्गा मंदिर एवं दुर्गा पंडाल परिसरों में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर भव्यता के साथ पूजा की गई। सिल्ली के आदि दुर्गा मंदिर परिसर, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महावीर चौक एवं सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति राधिका मैदान समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के कई दुर्गा पंडालों में भी मां लक्ष्मी की पूजा का आयोजन किया गया। जहां श्रद्धालुओं ने मां लक्ष्मी को नये अन्न का भोग लगाकर पुजा-अर्चना कर सुख समृद्धि एवं मंगल कामना की। पंडालों में मां लक्ष्मी की आराधनामयी गीतों, भजनों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। समृद्धि और धन्य-धान की देवी मां लक्ष्मी की पूजा मंदिर के पुरोहित ने विधि-विधान से कराया। देर शाम पुजा के पश्चात खीर प्रसाद वितरण किया गया।

### सिल्ली के नये बीडीओ ने लिया प्रभार



**सिल्ली।** सिल्ली के नए बीडीओ अनिल कुमार ने सिल्ली प्रखंड कार्यालय का प्रभार ले लिया। निवर्तमान बीडीओ रेणु बाला देवी ने नए बीडीओ को प्रभार सौंपा। इससे पूर्व रेणु बाला ने नए बीडीओ का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बीडीओ अनिल कुमार ने कहा कि सिल्ली का सम्यक विकास करना उनकी प्राथमिकता होगी उन्होंने आम जनता से सिल्ली के विकास में सहयोग की अपील की है।

### बंगाल बॉर्डर पर चला वाहन चेकिंग अभियान



**सोनाहातू ।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड के अधिकारियों ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया है। प्रखंड के बंगाल बॉडर ओर सिल्ली - जमशेदपुर सड़क पर बुधवार को दिन भर वाहन चेकिंग किया। चार पहिया वाहनों के डिक्की आदि की जांच किया गया। दो पहिया वाहनों के चालकों के बैग आदि की जांच किया गया। इस दौरान बॉडर में लगा चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया और आवश्यक निर्देश दिये गए।अभियान में सोनाहातू बीडीओ खगेश कुमार, सीओ मनोज महथा,थाना प्रभारी चंदन कुमार ,पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### बाइक की टक्कर में जम्हार चर्च के फादर की मौत

**खूंटी।** जिले के जरियागढ़ थानांतर्गत डोड़मा-गोविंदपुर रोड पर मंगलवार की शाम दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में आरसी विद्यालय जम्हार के फादर फुलजेम्स बागे (49) की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार फादर फुलजेम्स बागे मंगलवार की शाम अपनी मोटरसाइकिल से मुरहू के हस्सा स्थित संत नॉबर्ट चर्च से जम्हार लौट रहे थे।

# डीसी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक, आचार संहिता का पढ़ाया पाठ

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय सभा कक्ष में विभिन्न राजनीतिक दालों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया।

इस दौरान सभी को जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है।

मौके पर उनके द्वारा विधानसभा क्षेत्र रामगढ़ जिले में 22 बड़कागांव, 23 रामगढ़ एवं 24 मांडू विधानसभा अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की जानकारी दी गयी।

मौके पर उपायुक्त ने सभी प्रतिनिधियों को पेड न्यूज मॉनिटरिंग, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग आदि के तहत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी ।

वहीं, उन्होंने आदर्श आचार्य संहिता का शख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने की बात कही।

बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पीपीटी के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के दौरान क्या करें क्या ना करें इस संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि आचार संहिता के बाद निम्न कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध है।

वाहनों और बैठकों में लाउडस्पीकर का प्रयोग करने की अनुमति सुबह 6 बजे से लेकर रात 10 बजे तक ही दी जाएगी। इसके बाद आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। किसी भी वाहन किसी भी पार्टी का झंडा नहीं लगाया जा सकेगा। केवल राजनैतिक दलों के पदाधिकारी आरओ से अनुमति लेकर गाड़ी में झंडे का प्रयोग कर सकेंगे।

किसी भी दशा में बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग निषेध किया गया है। वहीं किसी भी जुलूस व रैली के लिए जगह, समय और रुट का निर्धारण पहले से करके पुलिस प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना पूर्व सूचना के किसी भी जुलूस/रैली को अनुमति नहीं दी जाएगी।




### इन कार्यों पर भी पूर्ण प्रतिबंध

- ऑफिशियल कार्यों को कैम्पेनिंग के कार्यों में मिक्स नहीं किया जाएगा।
- किसी भी प्रकार का प्रलोभन चाहे आर्थिक अथवा कोई और तरह से मतदाताओं को देने पर रोक है।
- निर्वाचक के द्वारा किसी भी प्रकार की जातीय और साम्प्रदायिक अपील नहीं की जाएगी।
- दूसरी पार्टियों व उनके कार्यकताओं के द्वारा असत्यापित आरोपों और विकृतियों के आधार पर किसी की आलोचना नहीं की जाएगी।
- किसी भी धार्मिक स्थल का प्रयोग चुनाव प्रचार (जैसे भाषणों, पोस्टरों, बैनरों) के लिए नहीं किया जाएगा।
- ऐसे किसी भी जगह पर रैली की अनुमति नहीं दी जाएगी जहां पर पहले से किसी पार्टी की बैठक चल रही हो।
- बूथों और पोलिंग स्टेशनों के आस पास किसी भी प्रकार के झंडे, पोस्टर, चिन्हों या प्रचार सामग्री का प्रयोग करना निषेध है।
- सरकारी परिसर में किसी भी प्रकार का डिफेंसमेंट (जैसे वॉल पेंटिंग, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग व झंडे) की अनुमति नहीं होगी।
- गेस्ट हाउसों में किसी भी प्रकार की पॉलिटिकल एक्टिविटी की अनुमति नहीं होगी।
- लाउड स्पीकर के प्रयोग के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति के लाउड स्पीकर का प्रयोग निषेध है।

### सरकारी वाहन राजनीतिक कार्य में प्रयोग नहीं

निर्वाचन के समय मे कोई भी सरकारी कर्मचारी पॉलिटिकल एक्टिविटी में शामिल नहीं हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो इसे भी अचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्रियों द्वारा ऑफिशियल वाहनों का प्रयोग राजनैतिक कार्यों के लिए रोक लगा दी गई है।

### 200 मीटर के दायरे में प्रचार नहीं

पोलिंग स्टेशनों के 200 मीटर दायरे के अंदर किसी भी प्रकार की चुनावी मीटिंग, कन्वेंसिंग, कोई भी आपत्तिजनक कार्य या कोई भी कैम्पेनिंग करने की अनुमति नही होगी। निर्वाचन के दौरान शराब का वितरण नहीं किया जा सकेगा। नॉमिनेशन के दौरान केवल 3 वाहनों को ही आरओ / एआरओ के कार्यालय के 200 मीटर के दायरे में आने की अनुमति होगी।

## बीडीओ ने अधिकारियों की टीम के साथ बूथों का किया निरीक्षण

### सात सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त



प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**इटकी।** आगामी 13 नवम्बर को विधान सभा चुनाव को लेकर अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ प्रवीण कुमार ने बुधवार को अधिकारियों के एक टीम के साथ प्रखण्ड के कई मतदान केन्द्रों का भौतिक निरीक्षण किया।

इस दौरान बीडीओ ने गड़गांव के बुथ संख्या 317 पलमा 323 और कुल्ली के 355, 356 ,357 और 358 पहुंच कर पानी , बिजली, रैंप, शौचालय भवन सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को बुथों में मतदाताओं को मिलने वाली मूलभूत व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने का दिशा निर्देश जारी किया। इसके बाद प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार में विभिन्न राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच हुई बैठक में सभी दलों को चौंक चौराहे हाट बाजार और सड़कों में लगी बैनर पोस्टर को निर्धारित समय में हटाने का निर्देश देते हुए आचार सहिता का अनुपालन करने की अपील की। इधर चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने इटकी प्रखण्ड के 49 बुथों के निगरानी के लिए सात सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त किया है। बैठक में सीओ मो० अनीश, बीडीओ प्रवीन कुमार,थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, बीपीआरओ रईस मलिक, बीएसओ हेमन्त एक्का , प्रमुख किरण उरांव,उप प्रमुख परवेज राजा, आजसू जिला सचिव मुतेर्जा आलम, कांग्रेस के राजन किस्पोट्टा, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष पम्पू इकबाल ,भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष सहित अन्य लोग उपस्थित।

## फंदे पर लटकता मिला महिला का शव

**खूंटी।** कर्रा थाना क्षेत्र के कांटी पोड़ाटोली से मंगलवार की देर रात फंदे पर लटका महिला का शव मिला। मृतक महिला बुधन देवी (21) है। सदर अस्पताल में बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बुधन देवी के मायके वाले इसे हत्या का मामला बता रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि पति सहित सांस-ससुर और जेठ बुधनी को बराबर प्रताड़ित करते थे। ससुराल में उसके साथ हमेशा मारपीट की जाती थी। उन्होने कहा कि बुधन? देवी ने आत्महत्या नहीं की है, उसकी हत्या की गई है।

## पुलिस ने गुप्त सूचना पर की कार्रवाई, चालक धराया

- कंटेनर से जब्त 38 पशुधन किसानों में वितरित
- लोहहदगा से आ रही थी गाड़ी
- पश्चिम बंगाल जा रही थी खेप

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रातू।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात बेलांगी के समीप लोहरदगा से पशुधन की खेप लेकर पश्चिम बंगाल जा रहे कंटेनर जेएच 01 8 जे 9124 को पकड़ा। उसमें 16 काड़ा और 22 भैंस लदे थे। दो भैंस मृत पायी गयी। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर उसे बेलांगी समेत काटू, लहना, मुरगू, मखमंदरो, चितरकोटा बड़काटोली, चितरकोटा छोटकाटोली और मांडर मलटोटी के 38 किसानों से आधार कार्ड लेकर उन्हें जिम्मा लगा दिया गया। ताकि, पशुओं का बेहतर देखभाल हो सके। चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। कंटेनर भी जब्त है।

थानेदार रामनारायण सिंह ने बताया कि मामले को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन्होंने जानकारी दी कि पुलिस वितरित काड़ा और भैसों पर सतत निगरानी रखेगी।




## मांडर विधान सभा क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज

### टिकट बंटवारा ही प्रमुख दलों की हार जीत करेगा सुनिश्चित

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**इटकी।** अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित मांडर विधान सभा क्षेत्र के संभावित उम्मीदवारों में टिकट का बटवारा ही प्रमुख पार्टियों की हार जीत सुनिश्चित करेगा। अटकलों का बाजार क्षेत्र के राजनीतिक गणितकारों के गलियारे में चर्चा गर्म है।

प्रमुख प्रतिद्वद्धि राजनीतिक पार्टी भाजपा में दो और कांग्रेस में तीन उम्मीदवारों का नाम चर्चा में है। भाजपा के नेता सन्नी टोप्पो को टिकट मिलने की अटकलों से मांडर विधान सभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी बढ़ती जा रही है। हलांकि पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर का नाम भी टिकट की प्रबल दावेदारी में है। वही राजनीतिक गलियारे में महापौर आसा लकड़ा का नाम भाजपा के टिकट पाने के चर्चा में है।

राजनीतिक गणितकारों में यह भी माना जा रहा है मांडर विधान सभा क्षेत्र में भाजपा का टिकट उसी ही मिलेगा जिसकी क्षेत्र व पार्टी में छवि अच्छी हो और आर्थिक स्थिति से मजबूत एवं उसकी पहुंच सीधे अलाकमान तक हो। ऐसे में भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो का ही नाम सबसे उपर है।वही कांग्रेस से इस विधान सभा क्षेत्र के सिटिंग एमएले शिल्पी नेहा तिर्की का नाम टिकट की दावेदारी में सबसे उपर है। अलाकमान तक पहुंच रखने से लेकर धन बल के साथ जमीनीस्तर से मजबूत है।

फिर भी कांग्रेस से संभावित उम्मीदवार पूर्व डीडीसी प्रमेश्वर भगत और पूर्व जिप सुनील उरांव टिकट के दावेदारी को लेकर चर्चा में है। ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम भी मांडर विधान सभा से अपना उम्मीदवार खड़ा करने की संभावना है।पूर्व के दो चुनावों में एआईएमआईएम पार्टी ने इस विधान सभा से अपनी उम्मीदवार खड़ा चुनाव लड़ा चुका है किन्तु उन्हें हार की मुंह खानी पड़ी। जेबीकेएसएस पार्टी से गुणा भगत और भारत आदिवासी पार्टी से आदिवासी नेता जगरे उरांव इस क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतरेंगे। जबकि संम्पूर्ण भारत क्रान्ती पार्टी से शिव उरांव टिकट के दावेदारी अव्वल है। वही पूर्व मंत्री देव कुमार धान, माईकल मिंज सहित कई संभावित उम्मीदवार किसी ना किसी पार्टी से टिकट पाने के लिए हाथ पैर मार रहे है।

## खूंटी में पेट्रोल पंपों पर चलाया मतदाता जागरुकता अभियान




प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही खूंटी जिले में राजनीतिक गतिविधि तेज हो गई है। जिला प्रशासन भी स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चला रहा हैं।

इसी कड़ी में बुधवार को जिले के कई पेट्रोल पंपों पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान पेट्रोल पंप पर आने वाले ग्राहकों और पंप पर कार्यरत कर्मियों को खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने वाले मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

मौके पर जागरूक मतदाता के रूप में पहचान पत्र दिखाने वाले ग्राहकों को पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही सभी कर्मियों एवं ग्राहकों को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया।

## आदर्श आचार संहिता का पूरा अनुपालन सुनिश्चित कराएं अधिकारीः दीपेश कुमारी



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी सह वरीय प्रभारी पदाधिकारी, आदर्श आचार संहिता कोषांग दीपेश कुमारी ने बुधवार को कार्यालय कक्ष में सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि फ्लाइंग स्क्वायड टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम समेत अन्य संबंधित लोग पूरी सक्रियता से अपने दायित्व का निर्वहन करें। जारी निषेधाज्ञा का अनुपालन कराने के अतिरिक्त चेकिंग अभियान समेत अन्य कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर करें और की जाने वाली सभी कार्रवाई की रिपोर्ट ससमय साझा करें। अनुमंडल पदाधिकारी ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की भी बात कही।

बैठक में डीसीएलआर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी समेत आदर्श आचार संहिता के अन्य सभी प्रभारी पदाधिकारी और सहायक पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### दर्जनों लोगों ने की आजसू की सदस्यता ग्रहण



**राहे।** प्रखंड के अंबाझरिया पंचायत के विभिन्न संगठनों से जुड़े कार्यकताओं ने आजसू की सदस्यता ग्रहण किया। आजसू अध्यक्ष सह विधायक सुदेश महतो के आवास में आयोजित मिलन समारोह में बेलजारा,अंबाझरिया के दर्जनों लोगों ने आजसू पार्टी के प्रति आस्था रखते हुए। आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो के विजन से प्रभावित होकर लोगों ने आजसू की सदस्यता ग्रहण किया है। पार्टी के पंचायत प्रभारी संजय मुंडा, उमेश महतो, पंचायत अध्यक्ष व्यास अहीर, किष्टो अहीर के नेतृत्व ओर प्रयास में लोगों ने आजसु पार्टी का दामन थामा है।

### स्वीप के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**रामगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो को विभिन्न प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों आदि के माध्यम से मतदाताओ को जागरूक करने हेतु कई दिशा निर्देश दिए । इसी क्रम में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने मतदान क्यों हमारे लिए जरूरी है इस विषय पर अपनी-अपनी लेखनी से मतदाताओ जागरूकता संदेश लिखा।प्रतियोगिता के दौरान शिक्षकों ने सभी बच्चों से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में 18 वर्ष या ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक करने का अपील किया गया।

### मतदान केंद्रों पर सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश



**खूंटी।** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी- एएमएफ सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर बुधवार को सभी छह प्रखंडों में स्थित स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मतदान केंद्रों एवं क्लस्टर पर एएमएफ सुविधा को दुरुस्त करने पर चर्चा की गई।एएमएफ सुविधा के तहत पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैंप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि विधानसभा चुनाव में मतदान करने कें लिए आनेवाले मतदाताओं एवं क्लस्टर पर मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों को कोई समस्या न हो और उन्हें मूलभूत सुविधा मुहैया कराई जा सके।

## फरार है लव जिहाद का मास्टरमाइंड शरीफुल, पुलिस पीट रही लकीर

### युवती को दिया शादी का झांसा, माइक्रोफाइनेंस कंपनी के रुपए का किया गबन

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** शहर में लव जिहाद का मास्टरमाइंड शरीफुल अंसारी अभी भी पुलिस के गिरफ्त से फरार है। घटना के एक महीने के बाद भी पुलिस सिर्फ लकीर ही पीट रही है। उसने पहले तो एक युवती को शादी का झांसा दिया और 8 महीने तक उसका शारीरिक शोषण किया। जब मामला थाने तक पहुंचा, तो उसने माइक्रो फाइनेंस कंपनी के लाखों रुपए भी गटक लिए।

दोनों मामलों में रामगढ़ थाना पुलिस को कुछ खास हाथ नहीं लगा है। रामगढ़ पुलिस एक महीने से सिर्फ सबूत को जुटा रही है। वह घटनास्थल का मुआयना कर रही है। लेकिन पुलिस की सारी गतिविधियों से दूर शातिर अपराधी शरीफुल मस्ती की जिंदगी जी रहा है। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है, लेकिन पुलिस अभी तक उसे ट्रेस नहीं कर पा रही है।

#### रामगढ़ में कई स्थानों पर था उसका ठिकाना



रामगढ़ शहर में किसान नगर और कॉलेज गेट के पास शरीफुल अंसारी ने अपना ठिकाना बना रखा था। उसने अलग-अलग समय में उन दोनों स्थानों पर किराए पर रूम लिया था। जहां वह भोली भाली लड़कियों को बहला फुसला कर उसका शारीरिक शोषण करता था। पिछले 24 घंटे में पुलिस ने उसके कई ठिकानों का जायजा लिया है। जिस स्थान पर वह लड़की का शारीरिक शोषण करता था वहां के आसपास के लोगों से पूछताछ की है। लोगों ने पुलिस को यह बताया कि शरीफुल अपने साथ लड़कियों को रखता था। एक लड़की तो काफी लंबे वक्त तक उसके साथ रही थी। जानकारी के अनुसार शरीफुल के खिलाफ रामगढ़ थाना में मामला दर्ज करने वाली युवती को धमकियां मिल रही है। शरीफुल ने यहां तक कहा है कि पुलिस उसका कुछ बिगाड़ नहीं सकती। वह पुलिस की पहुंच से काफी दूर है।

#### मूल रूप से गढ़वा का रहने वाला है शरीफुल अंसारी

शरीफुल अंसारी मूल रूप से गढ़वा जिले की बिशनपुरा अंतर्गत पिपहारी कला का रहने वाला है। उसके पिता रकीम अंसारी अपने परिवार के साथ वही रहते हैं। शरीफुल रामगढ़ में भारत फाइनेंस इंक्लूजन लिमिटेड माइक्रोफाइनेंस कंपनी में काम करता था। वह लोन दिलाने के नाम पर लोगों को अपने जाल में फंसाता था और फिर उसका शारीरिक शोषण करता था।

#### अनुसंधानकर्ता ने कहा-जुटाए जा रहे सबूत

इस पूरे मामले में अनुसंधानकर्ता राजेश कुमार मुंडा ने बताया कि वे शरीफुल अंसारी के खिलाफ सबूत जुटाए जा रहे हैं। उसके खिलाफ छापेमारी चल रही है। शिकायतकर्ता के द्वारा जो बातें बताई गई हैं वह हकीकत है। लेकिन हकीकत यह है भी है कि शरीफुल पुलिस को लगातार मात दे रहा है। वह इतनी बड़ी घटना को अंजाम देकर अभी भी पुलिस से काफी दूर है। शरीफुल के खिलाफ उसकी कंपनी के अधिकारियों ने भी 100000 से अधिक के गबन का आरोप लगाया है। हालांकि इस मामले में अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाई है।

**संक्षिप्त**

### भाजपा व लोजपा के बीच झारखंड विस चुनाव पर चर्चा

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शरमा और झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश प्रभारी सह जमुई सांसद अरुण भारती की नई दिल्लीर में शिष्टाचार मुलाकात 16 अक्टूरबर को हुई। मुलाकात के दौरान झारखंड विधानसभा चुनाव से संबंधित विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान झारखंड के सह प्रभारी सह खगड़िया लोकसभा से सांसद राजेश वर्मा भी उपस्थित रहे। जानकारी हो कि झारखंड में विधानसभा चुनाव भाजपा, आजसू पार्टी, जदयू और लोजपा (रामविलास) मिलकर लड़ रही है। इसमें गठबंधन के तहत एक सीट लोजपा को देने का निर्णय हुआ है।

### श्री श्याम मित्र मण्डल में शरद पूर्णिमा उत्सव आयोजित

**रांची :** श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर विराट रूप में शरद पूर्णिमा उत्सव आयोजित किया गया। श्री खाटूधाम की परम्परा के अनुसार ही हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया।
श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि वर्ष में मात्र एक दिन ही खाटूनरेश का श्वेत ( सफेद) श्रृंगार होता है जिसमें फूल, पोशाक, आभूषण, प्रसाद, लाईट सभी कुछ श्वेत (सफेद) रहता है। कोलकाता से मंगाए गए सुगंधित राजनीगंधा,आरकिड, स्टार,बेली, मोती के सफेद फूलों की मोटी-मोटी मालाओं से खाटूनरेश का अनोखा -दिव्य श्रृंगार किया गया। श्रीश्याम मंदिर हरमू रोड़ में विराजमान रिद्धी -सिद्धी, लड्डूगोपालजी , शालीग्राम जी, गरुड़ जी, हनुमान जी, शिव परिवार, प्राचीन चित्रो व गुरुजनों का विशेष श्रृंगार भी सफेद श्वेत फूलों से किया गया। खाटूनरेश के गर्भगृह का चन्दवा -परदा भी लगाया था।

### डॉ. ओम प्रकाश के संयोजन में वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित

**रांची :** राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय कांके रांची के प्रशिक्षुओं शिक्षकों ने चुनाव पर्व के तहत महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. ओम प्रकाश के संयोजन में वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया, जिसमें पोस्टर मेंकिंग, स्लोगन रेटिंग, एवं रील मेकिंग आई कैचिंग के माध्यम से मतदान के लिए जागरूक करने का प्रयास किया। मौके पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रमण कुमार झा ने सामूहिक रूप से सभी को मेरा वोट मेरा अधिकार थीम को विस्तार से बतलाया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। डॉ जाकिर हुसैन ने बतलाया कि 18 एवं 19 अक्टूबर 2024 को चुनाव पर्व स्वीप झारखंड वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम मुख्य निर्वाचन विभाग झारखंड के तहत रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित सॉन्ग, पोस्टर, स्लोगन, सॉर्ट वीडियो, रील, आई कैचिंग जैसे विभिन्न प्रतियोगिता में सभी प्रशिक्षु शिक्षक भाग लेंगे।

### योग उत्सव 2024 कार्यक्रम का आयोजन 26 व 27 को

**रांची :** बुधवार को नामकुम रोड स्थित जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल में 26 व 27 अक्टूबर होने वाले द्वितीय इंटर स्कूल योग प्रतियोगिता सह योग उत्सव 2024 कार्यक्रम को लेकर पोस्टर का अनावरण किया गया। इस अवसर पर जी डी गोयनका के उप निदेशक अमन सिंह, प्रचार्य डॉ सुनील कुमार, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी व नटराज योग संस्थान के निदेशक आर्य प्रहलाद भगत जी ने संयुक्त रूप से आयोजन संबंधित पोस्टर का अनावरण किया। इस अवसर पर सोनल गाबा, दिव्या सेहगल, रिया नायक आदि कई मौजूद थे। इस अवसर पर नटराज योग संस्थान के निदेशक आर्य प्रहलाद भगत ने बताया कि आगामी 26 व 27 अक्टूबर 2024 को नटराज योग संस्थान, जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय इंटर स्कूल योग प्रतियोगिता सह योग उत्सव 2024 का आयोजन जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल में किया जा रहा है।

# 804 विद्यालयों में मॉडल लैब्स की तर्ज पर व्यावसायिक शिक्षण प्रयोगशालाएं बनाने की तैयारी

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची :** राज्य के 804 सरकारी विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा को उन्नता प्रदान करने एवं विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और व्यवहारिक व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मॉडल प्रयोगशालाएं बनाई जाएंगी। इन उन्नत प्रयोगशालाओं में विद्यार्थियों को 11 व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की व्यवहारिक शिक्षा दी जायेगी। इन उन्नत लैब्स की अधिष्ठापना से पहले झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची में छह मॉडल प्रयोगशालाएं बनाई गयी है। इन छह मॉडल प्रयोगशालाओं में परिधान एवं फैशन, ऑटोमोटिव, हेल्थकेयर, ब्यूटी एंड वैलनेस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी शामिल है।



वर्तमान में छह प्रयोगशालाओं की स्थापना की गयी है। आने वाले कुछ दिनों में रिटेल, एग्रीकल्चर, आईटी, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट और मल्टीस्किल से जुडी प्रयोगशालाएं भी स्थापित की जाएंगी। इन्हीं प्रयोगशालाओं की तर्ज पर राज्य के 804 सरकारी विद्यालयों में प्रयोगशालाएं बनाई जाएंगी, जिससे बच्चो को व्यवहारिक व्यावसायिक शिक्षा में सहयोग मिलेगा।

## जेसीईआरटी में शिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण

झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में आने वाले व्यावसायिक प्रशिक्षक भी इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से व्यवहारिक व्यावसायिक शिक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसके बाद वे अपने विद्यालयों में जाकर स्कूली बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण दे सकें। इन प्रयोगशालाओं में उन्नत तकनीकों के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षक शिक्षा में नवाचार से अवगत रहेंगे। व्यावसायिक शिक्षा के प्रभाग प्रभारी श्री स्वप्निल हेमंत कुजूर ने बताया कि विद्यार्थियों को उन्नत व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने के लिए 2086 वोकेशनल प्रशिक्षक को प्रशिक्षण दिया जायेगा। वर्तमान में विद्यालयों में 11 प्रकार की व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। इसमें गुणवत्ता सुनिश्चित करने और शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण देने के मकसद से राज्य स्तर पर झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची में प्रयोगशालाएं बनाई गयी है। व्यावसायिक प्रशिक्षको के कार्यो का निरंतर मूल्यांकन किया जायेगा। साथ ही समय समय पर उन्हें व्यावसायिक शिक्षा में नवाचार से अवगत कराने के लिए जेसीआरटी में प्रशिक्षण भी मिलेगा। इन प्रयोगशालाओं का निरिक्षण किया गया है। जांच के दौरान जो कमियां पायी गयी, उन्हें त्वरित निष्पादित करते हुए नवीन उपकरणों एवं सामग्रियों के साथ 804 विद्यालयों में भी प्रयोगशालाएं अधिष्ठापित करने का निर्णय लिया गया है।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों संग बैठक, कहा

# सी-विजिल एप से तुरंत करें आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा आम निर्वाचन की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों एवं निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्याशियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने कुछ आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसका अनुपालन कर स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित होगा। वह बुधवार को विधानसभा निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर रहे थे।
निर्वाचन प्रक्रिया में सभी के लिए समान अवसर प्राप्त हो, इस उद्देश्य से प्रत्येक प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन के दौरान 40 लाख रुपए की खर्च सीमा तय की गई है। प्रत्याशियों के खर्च में पारदर्शिता लाने के लिए खर्च के ब्योरा की पंजी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करानी होती है। इस पंजी का जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा उनके कार्यालय की वेबसाईट पर सार्वजनिक की जाती है।
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा सुविधा एप बनाया गया है, जिसके इस्तेमाल से प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रक्रिया में उपयोग होने वाले सभी आवेदनों को भरा जा सकता है। साथ ही, नामांकन के दिन के लिए आरओ ऑफिस में अप्वातइंटमेंट भी ली जा सकती है। इसके साथ इस माध्यम से अपना ब्योरा भरने एवं एफिडेविट बनाने में भी सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सी-वीजिल एप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामलों पर त्वरित शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं।
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी प्रत्याशियों से अपेक्षा की जाती है कि निर्वाचन संबंधित सभी निर्देशों को समझते हुए इससे अपने कार्यकर्ताओं को भी अवगत कराएं, जिससे निर्वाचन संबंधी व्यय की गणना में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों द्वारा प्रचार-प्रसार, निर्वाचन प्रक्रिया, स्टार कैंपेनर, राजनीतिक दल आदि के लिए राज्य द्वारा कुछ नियम बनाए गए हैं। साथ ही, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भी 'क्या करे, क्या नहीं करें' की निर्देशिका जारी की गई है। निर्वाचन के दौरान इनका अनुपालन एवं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का अनुपालन कर किसी प्रकार के संशय से बचा जा सकता है।
इस अवसर पर सिस्टम एनालिस्ट एस एन जमील द्वारा निर्वाचन में उपयोग आने वाले ऑनलाइन एप्लीकेशन सी-विजिल, सुविधा एप, केवाईसी आदि प्रत्याशियों के उपयोग में आने वाले विभिन्न एप्लिकेशनों के इस्तेमाल के विषय में बिंदुवार जानकारी दी गई।
इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**सुविधा एप से प्रत्याशियों को नामांकन प्रक्रिया में होगी सहूलियत**



### निर्वाचन अवधि में टैक्स चोरी पर अंकुश लगाने के निर्देश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राज्य के सभी वाणिज्य कर के पदाधिकारियों से कहा कि निर्वाचन अवधि में टैक्स चोरी पर अंकुश लगाने एवं तत्संबंधी निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का पूर्णतया अनुपालन करें। आवश्यक प्रवर्तन की कार्रवाई में किसी प्रकार की कोताही नहीं करें।
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार एवं वाणिज्य कर के आयुक्त अमित कुमार के मार्गदर्शन में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिलों में गठित वाणिज्य कर सेल के नोडल पदाधिकारियों को कर्नाटक के वाणिज्य कर विभाग द्वारा निर्वाचन के दौरान कुशल व्यय प्रबंधन एवं प्रवर्तन से संबंधित किए गए अनुप्रयोगों को साझा किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा द्वारा जिले के पदाधिकारियों एवं कर्नाटक के वाणिज्य एवं कर विभाग के पदाधिकारियों के साथ समन्वय सूत्र के रूप जिलों के पदाधिकारियों के व्यय प्रबंधन एवं प्रवर्तन संबंधी शंकाओं का निराकरण किया गया।

## रांची से होकर चलेगी गया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** यात्रियों की सुविधा के लिए रेल मंत्रालय ने गया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस- गया एक्सप्रेस का परिचालन किया जायेगा। यह वाया रांची होकर चलेगा। इसका टाइम टेबल आ गया है। ट्रेन संख्या 22358 गया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस (वाया-रांची) यात्रा प्रारंभ 23 अक्टूबर, 2024 से प्रत्येक बुधवार को गया से प्रस्थान करेगी।
इस ट्रेन का गया प्रस्थान 19:00 बजे, मेसरा आगमन 23:34 बजे प्रस्थान 23:36 बजे, रांची आगमन 00:05 बजे प्रस्थान 00:10 बजे, हटिया आगमन 00:25 बजे प्रस्थान 00:30 बजे एवं लोकमान्य तिलक टर्मिनस आगमन (शुक्रवार) 05:50 बजे होगा।
ट्रेन संख्या 22357 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गया एक्सप्रेस (वाया-रांची) यात्रा प्रारंभ 25 अक्टूबर, 2024 से प्रत्येक शुक्रवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रस्थान करेगी।
इस ट्रेन का लोकमान्य तिलक टर्मिनस प्रस्थान से 13:15 बजे, हटिया आगमन (शनिवार) 15:50 बजे प्रस्थान 15:55 बजे, रांची आगमन (शनिवार) 16:20 बजे प्रस्थान 16:25 बजे, मेसरा आगमन (शनिवार) 17:08 बजे प्रस्थान 17:10 बजे एवं गया आगमन (शनिवार) 22:50 बजे होगा।
इन ट्रेनों में जनरेटर यान का 1 कोच, एसएलआरडी का 1 कोच, सामान्य श्रेणी के 4 कोच, रसोई यान का 1 कोच, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 1 कोच, वातानुकूलित 2-टियर के 2 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 3 कोच, वातानुकूलित 3-टियर इकॉनमी के 3 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 6 कोच यानी 22 कोच होंगे।

## सीसीएल के ढोरी क्षेत्र में शिकायत निवारण शिविर का किया आयोजन




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** स्पेशल कैंपेन 4.0 के तहत सीसीएल के ढोरी क्षेत्र में 16 अक्टूबर, 2024 को शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ढोरी, बीएंडके, कथारा और गिरिडीह क्षेत्रों के कर्मचारी और हितधारकों की शिकायतों का संयुक्त रूप से निवारण किया गया।
शिविर का आयोजन ढोरी क्षेत्र में हुआ। यहां ढोरी, कथारा, बीएंडके और गिरिडीह से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सुना गया। उनका समाधान करने का प्रयास किया गया।
इस अवसर पर महाप्रबंधक सीएमसी एनसी झा, मुख्य प्रबंधक (पी) समाधान ए.के. मलिक, जीएम ढोरी रंजय सिन्हा के साथ साथ ढोरी, बीएंडके, कथारा के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इसके अलावा, यूनियन प्रतिनिधि भी शिविर में उपस्थित रहे।
यह शिकायत निवारण शिविर सीसीएल के स्पेशल कैंपेन 4.0 का हिस्सा है। इसका उद्देश्य कर्मचारी और हितधारकों को शिकायत निवारण प्रक्रिया एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करना है।

## रांची: हटिया रेलवे स्टेशन से भारी मात्रा में गांजा जब्त



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से भारी मात्रा में गांजा जब्त किया है। आरपीएफ रांची के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि ऑपरेशन नारकोस के तहत हटिया स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट हटिया, आरपीएफ रांची की फ्लाइंग टीम और जीआरपी हटिया की ओर से संयुक्त जांच की गई। चेकिंग के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या दो पर दो ट्रॉली बैग, दो पिट्ठू बैग और एक बैग कुछ भारी चीज पड़ी हुई दिखाई पड़ी। इसका कोई वारिस आसपास नहीं था। यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों से उक्त बैग के बारे में पूछा गया लेकिन कोई भी दावेदार के रूप में सामने नहीं आया। संदेह होने पर, सभी पांच बैग को एक-एक करके खोला गया। बैग से मिले 20 पैकेटों का डीडी किट से परीक्षण किया गया जो पॉजिटिव पाया गया। जब्त गांजा का वजन कुल 41 किलोग्राम पाया गया, जिसका अनुमानित कीमत 4,10,000 रुपये आंका गया।

## आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर पंडरा स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा आगामी विधान सभा निर्वाचन 2024 को लेकर पंडरा स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था, राजेश्वर नाथ आलोक, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक कुमार सुमन, सभी निवार्ची पदाधिकारी, एश्ट नोडल पदाधिकारी और सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।
वोटिंग काउंटिंग सेंटर पंडरा रांची एवं पंडरा स्थित वज्रगृह के पुरे परिसर का अवलोकन जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा वोटिंग काउंटिंग सेंटर पंडरा रांची एवं पंडरा स्थित वज्रगृह के पुरे परिसर का अवलोकन करते हुए यहाँ के तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए यहाँ तमाम व्यवस्था को दुरस्त करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया।
मतगणना के वक्त तमाम व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहें इसको ले कई निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा निरीक्षण के क्रम में स्ट्रांग रूम में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) के रख-रखाव की व्यवस्था, काउंटिंग कक्ष, पोलिंग पार्टी रूट, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतगणना केंद्र का निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सी.सी.टी.वी. कैमरा, पंडाल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा कर्मियों, चुनाव में तैनात कर्मियों के लिए भोजन की व्यवस्था, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया।

# ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिए आदेश का सख्ती से पालन करे राज्य सरकार : हाई कोर्ट

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में ध्वनि प्रदूषण को लेकर कोर्ट के स्वत संज्ञान संज्ञान एवं रांची शहर में बैंक्विट हॉल, धर्मशाला, मैरिज हॉल में लाउडस्पीकर एवं डीजे के साथ रात 10:30 बजे के बाद बारात लगने से ध्वनि प्रदूषण रूल का उल्लंघन होने को लेकर दाखिल झारखंड सिविल सोसाइटी की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई।
सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट की खंडपीठ ने रांची में ध्वनि प्रदूषण को लेकर हाई कोर्ट के 19 सितंबर, 2023 के आदेश का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने यह भी मौखिक कहा है कि यदि ध्वनि प्रदूषण को लेकर कोई शिकायत करता है, तो उसके नाम का खुलासा न किया जाए, जिससे उसे किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।
इससे पहले प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि ध्वनि प्रदूषण को लेकर कोर्ट ने 19 दिसंबर, 2023 को विस्तृत आदेश पारित किया था लेकिन इसे लेकर राज्य सरकार गंभीर नहीं है। ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए लेकर वर्ष 2019 में गठित टास्क फोर्स कोर्ट के आदेश का सही तरीके से अनुपालन नहीं कर पा रही है। खंडपीठ को यह भी बताया गया कि कई साइलेंट जोन जिनमें सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल शामिल हैं इसके आसपास अभी भी ध्वनि प्रदूषण हो रहे हैं जबकि साइलेंट जोन में ध्वनि नहीं होना चाहिए था।
खंडपीठ को प्रार्थी की ओर से यह भी बताया गया कि रांची में ध्वनि प्रदूषण को लेकर शिकायत करने वालों का नाम सार्वजनिक हो जा रहा है, जिससे उन्हें डर का सामना करना पड़ रहा है। खंडपीठ ने मामले में ध्वनि प्रदूषण रोकने को लेकर कोर्ट के आदेश के अनुपालन को लेकर उठाए गए कदम के बारे में राज्य सरकार एवं झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 12 नवंबर निर्धारित की है।
सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से खंडपीठ को बताया गया कि हाई कोर्ट ने सितंबर 2023 के आदेश में रांची में रात 10:00 बजे से लेकर सुबह 6:00 बजे तक रांची शहर में डीजे बजने पर पाबंदी लगाई गई है। पर्व त्यौहार के मौके पर अधिकतम रात 12:00 तक ही डीजे बजाए जा सकता है। इसके लिए जिला प्रशासन से अनुमति लेनी होगी लेकिन टास्क फोर्स द्वारा कोर्ट के इस आदेश का अभी तक अनुपालन सही ढंग से किया जा रहा है।
उल्लेखनीय है कि पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि वर्ष 2019 में एक टास्क फोर्स गठित किया गया था, जिसमें एसडीओ, एसडीपीओ, रांची सिटी डीएसपी, रांची एसएसपी को रांची में ध्वनि प्रदूषण रोकने की जिम्मेदारी दी गई थी।



### हजारीबाग की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाए सरकार

हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह हजारीबाग के मुख्य चौक चौराहा पर ट्रैफिक सिग्नल लगाएं और सीसीटीवी और ट्रैफिक पुलिसकर्मी की संख्या बढ़ाये। खंडपीठ ने कहा कि हजारीबाग में ट्रैफिक सुधार के लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट के तहत ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाया जाना चाहिए। साथ ही जहां सीसीटीवी खराब है वहां दुरुस्त किया जाए और सीसीटीवी की संख्या बढ़ाई जाए। इससे ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वालों की पहचान एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम संभव हो सकेगी। इससे पूर्व हजारीबाग में ट्रैफिक स्थिति का अवलोकन करने को लेकर कोर्ट द्वारा नियुक्त किए गए एडवोकेट कमिश्नर की ओर से अपनी रिपोर्ट खंडपीठ को सौंप दी गई।

## संक्षिप्त

### जेबीकेएसएस प्रखंड उपाध्यक्ष आजसू में हुए शामिल

**विष्णुगढ़** : जेबीकेएसएस/जेएलकेएम प्रखंड उपाध्यक्ष सुजीत कुमार ने आजसू पार्टी के तिवारी महतो उर्फ निर्मल कुमार के कार्यशैली से प्रभावित होकर पुनः आजसू पार्टी मे बुधवार को शामिल हो गए, जिससे तिवारी महतो उर्फ निर्मल कुमार ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके पहले आजसू पार्टी के कार्यकर्ता थे। बीते एक वर्ष से जेबीकेएसएस/जेएलकेएम में चले गए थे, जिसमे जेबीकेएसएस के प्रखंड उपाध्यक्ष पद पर आसीन थे। एक वर्ष के बाद फिर से आजसू पार्टी में वापसी पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, उपाध्यक्ष दामोदर महतो ने बधाई दी है साथ ही आजसू पार्टी के अन्य कार्यकर्ता लोग भी सुजीत कुमार को सोशल मीडिया के माध्यम एवं उनके घर जाकर बधाई दे रहे हैं।

### समाजसेवी ने एनएच 522 स्थित बड़े गड्ढे को भराने का किया कार्य

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत अल्पिटो पंचायत के ग्राम उपरैली बोदरा में विष्णुगढ़-बगोदर मुख्य मार्ग एनएच 522 के किनारे लंबे समय से एक बड़ा गड्ढा लगातार बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा था। मुख्य मार्ग होने की वजह से स्थानीय लोगों के अलावा लंबी दूरी के छोटे बड़े सभी प्रकार के वाहनों का भारी संख्या में आवागमन लगा रहता है। दिन में आवागमन करने वाले वाहन इस गड्ढे से सचेत भी हो जाते थे, लेकिन रात्रि में कभी भी किसी भी वाहन की इस गड्ढे से दुर्घटना होने की प्रबल संभावना बनी हुई थी। लेकिन परिस्थिति की गंभीरता को समझते हुए अल्पिटो पंचायत के निवासी सह समाज सेवी रमेश यादव के द्वारा आखिरकार इस मामले को संज्ञान में लिया गया, जिसके उपरांत उन्होंने त्वरित पहल करते हुए अपने निजी खर्च से एनएच 522 स्थित इस बड़े गड्ढे को भरवाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि यह गड्ढा समय दर समय जानलेवा बनता जा रहा था, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। स्थानीय लोगों ने इस कार्य के लिए रमेश यादव का आभार व्यक्त किया।

### संघर्ष मोर्चा ने मनाया विश्व खाद्य दिवस

**मेदिनीनगर** : विश्व खाद दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई कार्यक्रम के अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने किया। संचालन संजय कुमार ने किया वर्ष 2024 की थीम है बेहतर जीवन बेहतर भविष्य के लिए भोजन का अधिकार मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर को दुनिया भर में हर साल मनाया जाने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है। इस दिवस को मानते हुए 35 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन दुनिया भर में भूखे पेट सोने वालों की संख्या में कमी नहीं आई है। यह संख्या आज भी तेजी से बढ़ती जा रही है। आज विश्व में कई ऐसे लोग हैं, जो भुखमरी और भूख से जूझ रहे हैं। विश्व के करीब 2 अब 30 करोड़ आबादी को भुखमरी और भूख का सामना करना पड़ रहा है, भारत सरकार भी हर व्यक्ति तक भोजन की पहुंच और विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं अंत्योदय अन्न योजना जैसे कार्यक्रम चलाती है। इस मामले में विकासशील या विकसित देशों में किसी तरह का कोई फर्क नहीं है विश्व की आबादी वर्ष 2050 तक नौ अरब होने का अनुमान लगाया गया है और इसमें 80 प्रतिशत लोग विकासशील देशों में रहेंगे।

### बनवासी कल्याण केन्द्र ने मनाया वन सब्जी महोत्सव

**मेदिनीनगर** : वनवासी कल्याण केंद्र पलामू यूनिट ने रामगढ़ प्रखंड के सरजा मैदान में वन सब्जी महोत्सव सह प्रदर्शनी का आयोजन किया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि वनवासी कल्याण केंद्र के क्षेत्रीय ग्राम विकास प्रमुख राघो राणा, प्रांत ग्राम विकास प्रमुख प्रदीप महतो, जिला सचिव अश्विनी मिश्रा, नगर समिति अध्यक्ष मदन मोहन पांडेय, रामगढ़ मुखिया उमाशंकर प्रसाद, समाज सेवी बनारसी सिंह आदि ने संयुक्त रूप से किया।

---

राजमहल पुलिस को एंटी क्राइम वाहन चेकिंग के दौरान मिली बड़ी कामयाबी

# देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**राजमहल** : थाना क्षेत्र की पुलिस ने एंटी क्राइम वाहन चेकिंग के दौरान अवैध देसी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। जहां उक्त बातों की जानकारी राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता करते हुए दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर राजमहल पुलिस द्वारा राजमहल उधवा मुख्य पथ पर कोयला बाजार मोड़ के समीप मंगलवार की देर संध्या एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।



जहां चेकिंग के दौरान पुलिस इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा, राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर, एसआई विक्रम कुमार, बिट्टू कुमार साह, साल्खु मुर्मू, महादेव उरांव, एएसआई तस्लीम रजा, अरविंद कुमार दास, आरक्षी वीर सिंह महतो, सुनील कुमार गुप्ता एवं गुलशन कुमार मौके पर अलर्ट थें और वाहनों की जांच में लगे थे। इसी दौरान एक ई रिक्शा वहां आकर रुकने वाला ही था तभी अचानक वहां पुलिस को देखकर दो युवक टोटो से कूदकर भागने लगे। जहां मौके पर पहले से तैनात पुलिस टीम ने दोनों को खदेड़ कर पकड़ लिया जहां दोनों की तलाशी लेने पर एक युवक की कमर में छिपा कर रखा हुआ एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतुस बरामद हुआ।

उधर पूछताछ करने पर एक युवक ने अपनी पहचान नयाबाजार बिरसा मुंडा टाउन हॉल के समीप निवासी धनराज हजारी उम्र 20 वर्ष पिता प्रदीप हजारी एवं दूसरे युवक ने नयाबाजार निवासी मो. रहमान उम्र 19 वर्ष पिता रहीम शेख के रूप में बताई। जहां दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। वही राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर के बयान पर दोनों युवकों के विरुद्ध थाना कांड संख्या 166/24 आर्म्स एक्ट एवं बीएनएस की अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

उधर गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों के पास से एक मोबाइल फोन भी पुलिस ने जब्त किया जिसके कॉल डिटेल के आधार पर एवं गिरफ्तार दोनों युवकों से पूछताछ कर पुलिस विस्तृत जानकारी इकट्ठा कर रही है। उधर अवैध देशी कट्टा व जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार दोनों युवक धनराज हजारी एवं मो. रहमान को न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने एवं स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवकों को उक्त बरामद देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस एक व्यक्ति तक पहुंचाना था हालांकि पुलिस की सतर्कता से उनके मंसूबे पर पानी फिर गया और दोनों वाहन चेकिंग के दौरान बीच रास्ते मे ही पकड़े गए। इस प्रेसवार्ता के मौके पर राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।


## लोहरदगा : आजसू पार्टी में टिकट के तीन दावेदार

आनंद कुमार सोनी

**लोहरदगा।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो गई है। दो चरण में मतदान होना है। इस बार भाजपा और आजसू में गठबंधन होना है। सीट बंटवारे की बात लगभग फाइनल हो चुकी है। लोहरदगा विधानसभा आजसू के खाते में जाना तय है। यहां से कई बार आजसू पार्टी के प्रत्याशी जीत चुके हैं। वर्तमान में इस सीट से आजसू पार्टी के तीन दावेदारों का नाम सामने आये हैं। टिकट को लेकर सभी के अपने-अपने तर्क हैं।

टिकट के दावेदारों में एक केंद्रीय महासचिव और पूर्व जिला परिषद सदस्य अंजू देवी है। उनके समर्थकों का कहना है कि अंजू पार्टी के लिए दो-तीन नौकरियों को त्याग चुकी है। वह स्थानीय है। हर वर्ग में उनकी अच्छी-पकड़ है। वह लगातार जनता के बीच काम करती रही हैं। राजनीति जानकार उनका कमजोर पक्ष अभी तक चुनाव नहीं लड़ना बता रहे हैं। कई लोगों का यह भी कहना है कि टिकट नहीं मिलने पर वह निर्दलीय भी चुनाव लड़ सकती है।

दावेदारों में नीरू शांति भगत है। वह पार्टी में लगातार सक्रिय रहती हैं। क्षेत्रों का दौरा भी करती रहती हैं। वह आजसू प्रमुख सुदेश




महतो के करीबी रहे दिवंगत कमल किशोर भगत की पत्नी है। राजनीति जानकार का कहना है कि उन्हें पार्टी दो बार टिकट दे चुकी है। इसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा उनका देवर अनिल उरांव अलग पार्टी का गठन कर लिया है। आजसू को ही वह कमजोर कर रहा है। वह अपने देवर को समझा पाने में असफल रही है। यह उनका कमजोर पक्ष है।

दावेदारों में आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत का नाम भी सामने आ रहा है। वह आंदोलनकारी हैं। उन्होंने झारखंड अलग राज्यम के लिए संघर्ष किया है। आजसू प्रमुख सुदेश महतो के बहुत ही करीबी हैं। हाल के दिनों में वे काफी समय भी यहां दे चुके हैं। उन्हें इससे पहले भी एक बार विधानसभा चुनाव का टिकट मिल चुका है। इसमें उनकी हार हुई थी। इसे उनकी कमजोरी मानी जा रही है।

## कुट्टी काटने के विवाद में पिता और भाइयों ने बेटे व बहू को मारकर किया गंभीर रूप से घायल



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**साहिबगंज** : मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कारगिल दियारा निवासी जनार्दन महतो के 36 वर्षीय पुत्र जोगेश महतो एवं उसकी पत्नी सुनैना देवी को मवेशी के चारा कुट्टी मशीन में काटने के विवाद में पिता, भाइयों एवं भाभी ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं परिजनों द्वारा दोनों घायल पति पत्नी को आनन फानन में बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मोहन मुर्मू के देखरेख में इलाज किया गया।

उधर मारपीट मामले को लेकर घायल सुनैना देवी ने बताया कि वो अपने घर में कुट्टी मशीन में मवेशी का चारा के लिए कुट्टी काटने के लिए गई हुई थी तभी वहां पर पिंकी देवी आई और कहने लगी कि यह कुट्टी मशीन उसका है जिस पर कुट्टी काटने नहीं देंगे।

उधर यह बात सुनैना देवी ने अपनी पति जोगेश महतो को बताई जिसके बाद उसके पति उन लोगों से जब पूछने के लिए गया तो वहां पहले से मौजूद उसके देवर सुनील महतो, किशन महतो, योगेंद्र महतो एवं देवरानी पिंकी देवी, ससुर जनार्दन महतो ने लोहे की रड एवं लाठी डंडे से उसे और उसके पति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

उधर मारपीट की घटना में घायल हुए दोनों पति पत्नी मुफस्सिल थाना पहुंचे जहां थाना प्रभारी ने दोनों घायलों को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल भेज दिया।

वहीं मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है जहां पीड़ित लोगों के द्वारा आवेदन दिए जाने के बाद दोषी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## छह लाख से अधिक की अवैध शराब जब्त

**पलामू** : विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही पलामू पुलिस के द्वारा अवैध शराब को लेकर कार्रवाई तेज कर दी गई है। जिले के पड़वा और हरिहरगंज थाना क्षेत्र में पिछले 24 घंटे के दौरान की गयी कार्रवाई में छह लाख से अधिक की शराब जब्त की गयी है। पड़वा इलाके से पांच लाख 82 हजार 93 रूपए की शराब पकड़ी गयी है। इसके अलावा एक बोलेरो मैक्सी ट्रक (बीआर01जीके3228) को भी जप्त किया गया है। वाहन से 750 एमएल की 358 बोतल और 180 एमएल की 3264 बोतल विदेशी शराब जप्त की गयी है। उधर हरिहरगंज इलाके में 650 एलएल की 216 बोतल एवं 500 एमएल की 48 केन बीयर बरामद की गयी है। इसका बाजार मूल्य 44 हजार रूपए है। जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बुधवार शाम बताया कि अवैध शराब तस्करी को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में बोलेरो वाहन (बीआर 26ए 7477) से अवैध बीयर बरामद किया गया।

## आरोहण माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी के साथ 10 से 15 लोगों ने की मारपीट

### एक कर्मचारी को बनाया गया बंधक



**साहिबगंज** : जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वी फाटक के पास आरोहण माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड का कार्यालय संचालित है जो गरीब असहाय महिलाओं को लोन देकर अपने जीवन में अच्छा कार्य कर अपने जीवन को सवार सकें के लिए कार्य करती है। वही फाइनेंस कंपनी के द्वारा ग्रुप की महिलाओं को सप्ताह या महीना में थोड़ा थोड़ा कर लोन चूकता करना होता है।

उधर आरोहण माइक्रो फाइनेंस कंपनी ने लोहंडा निवासी किसी महिला को ग्रुप लोन दिया था जिसका मासिक किस्त जमा करने की तारीख बुधवार को थी। उधर आरोहण माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी रितेश राणा को महिला को दिए गए ग्रुप लोन का पैसा लेना था लेकिन उक्त महिला ने लोन का किशत समय पर देने से इनकार कर दिया। वही कर्मचारी रितेश राणा ने इसकी सूचना दूरभाष के द्वारा अपने ब्रांच मैनेजर अनीश चौधरी को देते हुए पूरा मामला बताया तो ब्रांच मैनेजर और एक कर्मचारी को अपने साथ लेकर उक्त महिला के लोहंडा निवास स्थान घर पर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी लेनी चाही लेकिन उक्त महिला ने अन्य लोगों को बुलाकर अचानक मारपीट करना शुरू कर दिया।

वहीं घायल ब्रांच मैनेजर एवं कर्मचारी ने बताया कि वे लोग जब बकाए किश्त का पैसा लेने के लिए लोहंडा निवासी महिला के घर गए तो उन लोगों को बंधक बना लिया गया जहां किसी तरह इसकी सूचना ब्रांच मैनेजर अनीश चौधरी को दिया जिसके बाद ब्रांच मैनेजर अनीश चौधरी पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट किया जाने लगा। वही इस दौरान सभी फाइनेंस कंपनी के कर्मी किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर निकलकर 112 नंबर डायल कर इसकी सूचना जिरवाबाड़ी थाना को दिया। जहां सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी पूरे दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर उनलोगों को ग्रामीणों के चंगुल से मुक्त कराकर इलाज हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार के देखरेख में इलाज किया गया।

उधर इस मामले को लेकर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी ने बताया कि फाइनेंस कंपनी के कर्मियों के द्वारा मारपीट सहित बंधक बनाए जाने के मामले में आवेदन मिलने पर दोषी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## आपराधिक संगठन बना कर दहशत फैला रहे 06 गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लातेहार** : जिला पुलिस ने अपराधियों के एक गैंग का पदार्फाश किया है। पुलिस ने 6 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। अपराधियों के पास से पांच हथियार और अन्य सामान भी बरामद किये गये हैं। गिरफ्तार अपराधियों में मनिका के जूंगुर निवासी अनिल यादव, जावेद अंसारी, सदर थाना के मानिकपुर निवासी सागर यादव, शिवनंदन यादव, लातेहार स्टेशन निवासी अखिलेश यादव और बालूमाथ रजवार निवासी मिथिलेश यादव शामिल है।

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि मनिका थाना क्षेत्र के जूंगुर गांव निवासी अनिल यादव एक अलग प्रतिबंधित क्रियावादी उग्रवादी संगठन बनाकर क्षेत्र में दहशत फैला रहा है। संगठन के अपराधियों के द्वारा लोगों को डरा धमकाकर रंगदारी और लेवी की मांग की जा रही है।

इस सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर बरवाडीह डीएसपी भरत राम के नेतृत्व में पुलिस ने एक टीम बनाकर अपराधियों के खिलाफ छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने जूंगुर गांव के पास से अनिल यादव को गिरफ्तार किया। फिर अनिल यादव की निशानदेही पर सदर थाना क्षेत्र के मानिकपुरा गांव में छापेमारी की, वहां छिपे हुए दो अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया।

## चुनाव की घोषणा होते ही एक्शन में प्रखंड प्रशासन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**विष्णुगढ़** : झारखंड विधानसभा के चुनाव की घोषणा होते ही प्रखंड प्रशासन एक्शन में आ गई। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड एवं अंचल के पर्यवेक्षको, कर्मियों, राजनीतिक दलों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। जिसका संचालन अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने किया। बैठक में निर्वाचन कार्य से संबंधित विषयों पर समीक्षा करते हुए आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन करने एवं मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था कराने, मतदाताओं के बीच मतदान हेतू प्रचार प्रसार करने, मतदाता सूची में छूटे हुए योग्य मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ने, स्वीप गतिविधियों का



संचालन सहित अन्य विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही सभी पार्टियों के लगे बैनर पोस्टर को उखाड़ने की प्रक्रिया शुरू किया गया।

सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को लगे बैनर पोस्टर को 72 घंटा के भीतर हटाने का आग्रह किया। इसके अलावा चूनाव अवधि में चूनाव संबंधी सभी कार्य ससमय पर निष्पादित करने के दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, अंचलाधिकारी नित्यानंद दास, विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सागेन मुर्मू, गुरु प्रसाद साव, सुशील कुमार महतो, मुखिया निर्मल कुमार, कपिलदेव चौधरी, रामजन्म राय, किशोर कुमार मंडल, अजय कुमार मंडल, घनश्याम पाठक, सुरेश कुमार महतो सहित सभी बीएलओ पर्यवेक्षक एवं प्रखंड अंचल कार्यालय के पर्यवेक्षक, कर्मी मौजूद थे।

## तीनों शाखा मिलकर करेंगी चुनाव का प्रचार और जनसंपर्क

### ईसीआरकेयू की चुनाव प्रचार समिति की बैठक

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** ईस्ट सेंटर रेलवे कर्मचारी यूनियन (ईसीआरकेयू) की चुनाव प्रचार समिति की बैठक धनबाद शाखा। में हुई। इसमें यूनियन की मान्यता प्राप्ति के लिए 4, 5 और 6 दिसंबर को होने वाले चुनाव पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि तीनों शाखा मिलकर धनबाद क्षेत्र में चुनाव का प्रचार प्रसार करेंगे।

यूनियन के मीडिया प्रभारी एनके खवास में बताया कि इसके तहत 17 अक्टूबर को सुबह 8:30 बजे लो-1 धनबाद और 18 अक्टूबर को शाम 6 बजे क्रू लॉबी में यूनियन द्वारा जनसंपर्क अभियान शुरू किया जाएगा। बैठक में राजेश कुमार सिंह, राकेश कुमार, नेताजी सुभाष, एनके खवास, जेके साव, बीके दुबे, विश्वजीत मुखर्जी, रीतलाल गोप, प्रभाकर कुमार, शंभुनाथ, एम.के. मुकेश, पिंटू नंदन, रंजीत कुमार यादव, शिव कुमार, कुमार आजाद, अशोक कुमार, बीपी आजाद और राजकुमार उपस्थित थे।

## जेबीकेएसएस केन्द्रीय समिति ने संजय मेहता से की चुनाव लड़ने की अपील

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**बरही** : स्थानीयता और झारखंडी मुद्दो की लड़ाई लड़ रहे क्रांतिकारी योद्धा सह जेबीकेएसएस के केन्द्रीय अध्यक्ष संजय मेहता से उनके समर्थकों और आमजनों ने चुनाव लड़ने हेतु अपील किया है। चुनाव की घोषणा होते ही समर्थकों का हुजूम उनके कार्यालय में उमड़ पड़ा। सभी ने जल्द से जल्द उम्मीदवारों की सूची जारी करने की मांग की। जिसमें केन्द्रीय अध्यक्ष संजय मेहता का नाम होना जरूरी बताया।

रांची के कांके में आयोजित केंद्रीय समिति की बैठक में भी केंद्रीय समिति के सदस्यों ने संजय मेहता से चुनाव लड़ने की अपील की। केंद्रीय समिति ने साफ तौर पर कहा कि संजय मेहता संगठन के चेहरा हैं और उन्हें चुनाव लडना ही होगा। स्थानीय निवासी सौरभ कुमार ने कहा कि झारखंड आदूरदर्शी नेताओं के दंश को झेल रहा है। ऐसे में एक पढे-लिखे नेता की जरूरत है जो झारखंड को सही दिशा दिखा कर यहां की दशा को बदलने की काबिलियत रखता है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में एक भी ऐसा नेता नहीं है जो झारखंड कि नीतियों को बनाने कि सलाहियत रखता हो। एकमात्र संजय मेहता जी हैं जो नीतियों पर अपने विजन को लोगों तक पहुँचा रहे हैं। पुनर्वास, विस्थापन, स्थानीयता, नियोजन जैसे मुद्दों पर अच्छी जानकारी



रखते हैं और उसके संदर्भ में कानून बनाने में सक्षम हैं। उनकी कानूनी जानकारी विषय पर अच्छी पकड़ एवं झारखंडी मान-सम्मान के खातिर उनका समर्पण उन्हें सबसे अलग बनाता है। झारखंड को ऐसे योद्धाओं की जरूरत है।

वहीं स्थानीय निवासी सानिया ने कहा कि यदि वो चुनावी मैदान में नहीं उतरेंगे तो झारखंड का नेतृत्व एक बार फिर गलत हाथों में चला जायेगा। झारखंड को बचाने के लिए संजय जी को चुनाव लड़ना ही होगा, हम सब मिलकर उन्हें जितायेंगे।

जेबीकेएसएस कोर कमिटी केंद्रीय समिति की हुई बैठक, विधानसभा चुनाव को लेकर लिए गए अहम फैसले। झारखंड में चुनाव की घोषणा होने के बाद झारखंड बचाओ क्रांति सेना समिति (जेबीकेएसएस) के कोर कमिटी की बैठक बुधवार को रांची में हुई। बैठक में संगठन के केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने चुनाव को लेकर कई अहम फैसले लिए। केंद्रीय अध्यक्ष संजय मेहता ने कहा कि मजबूती से हम चुनाव लड़ेंगे। हमारे प्रत्याशी अनुभवी और शिक्षित प्रत्याशी होंगे। संगठन के केंद्रीय महासचिव भुनेश्वर यादव ने बताया कि हम जल्द ही झारखंड के कुछ सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा करेंगे झारखंड बचाने के इस लड़ाई में पूरी तत्परता से चुनाव लड़ेंगे केंद्रीय समिति की बैठक में भुनेश्वर यादव, अनुराग पांडेय, नेहा टुडू, दीपशिखा कुमारी, रोहित महतो, अमित साहू, अमित यादव, सौरभ कुमार, चंदन महतो, शिवजी प्रसाद, जहांगीर अंसारी, तस्मिया इस्लाम, सानिया, प्रवीण कुमार, दीपक शर्मा, राजदीप राज, अनूप कुमार शाह, राहुल महतो, राजेश मेहता, राज मेहता, पवन तूरी, आशीष कुमार, ओमप्रकाश पासवान समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### तुपकाडीह में अन्न की देवी लक्खी पूजा की धूम



**बोकारो।** शरद पूर्णिमा के दिन तुपकाडीह की पांच पंचायतों क्रमशः तांतरी, कनारी, खुटरी, नूतनडीह और मानगो में अन्न की देवी कही जाने वाली मां लक्खी की पूजा धूमधाम से हुई। नहर किनारे स्थित नूतनडीह गांव के भव्य मंदिर में देवी की आराधना करने के लिए भक्तों का तांता शाम से देर रात तक लगा रहा। पुरोहित विकास पांडेय, बसंत गोस्वामी, कृष्ण मुरारी पांडेय ने यजमानों के हाथों विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना करवायी। कमेटी के सुभाष ठाकुर ने बताया कि यह मंदिर 55 साल पुराना है। यहां लोग आस्था से खींचे चले आते हैं।

### देसी कट्टा के साथ एक युवक धराया



**बोकारो।** बीएस सिटी पुलिस ने देशी कट्टा के साथ सेक्टर-2बी निवासी प्रमोद शर्मा को पकड़ा गया, जिसे कार्रवाई करते हुए बुधवार को जेल भेज दिया गया। इस संबंध में बोकारो एसपी मनोज स्वगीयारी ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी के पास से एक देशी कट्टा, इसके बैरल में 8 एमएम का तीन जिंदा कारतूस व मिस फायर किया हुआ दो कारतूस बरामद किया गया है। एक कारतूस देशी कट्टा में लगा हुआ था, वहीं दो कारतूस आरोपी अपने जेब में रखा हुआ था। उन्होंने बताया कि बीएस सिटी पुलिस ने 15 अक्टूबर को संध्या गश्ती के दौरान एसआई वीरेंद्र खाखा को गुप्त सूचना मिली कि को-ऑपरेटिव मोड़ के पास एक युवक अपने कमर में देशी कट्टा लेकर घूम रहा है। वह कभी भी अप्रिय घटना कर सकता है। सूचना मिलते ही सिटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम कुछ ही देर में कोऑपरेटिव कॉलोनी मोड़ स्थित शराब दुकान के पास पहुंची। पहुंचने के बाद पुलिस युवक की तलाश कर ही रही थी कि वह पुलिस को देखकर भागने लगा।

# एसपी ने वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक, दिए दिशा-निर्देश

## आगामी चुनाव को लेकर जिले में चुस्त-दुरुस्त रखें विधि व्यवस्था : मनोज

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** जिले के नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी की अध्यक्षता में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, सभी थानों एवं ओपी के प्रभारी शामिल हुए।



बैठक के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा एक-एक कर सभी से परिचय लिया गया। तदोपरांत आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के मद्देनजर चुनाव के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने से संबंधित विचार-विमर्श किया गया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में चुनाव संबंधी दैनिक विधि-व्यवस्था पर चर्चा हुई एवं दैनिक प्रतिवेदन को उच्च प्राथमिकता के साथ सुबह 05.00 बजे तक चुनाव कोषांग को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को लंबित जमानतीय तथा गैर-जमानतीय वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की का त्वरित निष्पादन करनेस फरार एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, जिलान्तर्गत शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों का सत्यापन व शस्त्रों का ससमय जमा करना सुनिश्चित करने, चुनाव कार्य को बाधित करने के संदिग्ध लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई, सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध सीसीए प्रस्ताव भेजने, शांति भंग करने वाले व्यक्तियों का पहचान कर गुण्डा पंजी में नाम प्रविष्टि करने, संपत्ति मूलक कांडों में संलिप्त अभियुक्तों का निगरानी प्रस्ताव भेजने, दागियों का भौतिक सत्यापन कर निरोधात्मक कार्रवाई करने के संदर्भ में आवश्यक निर्देश दिए।

### अंतरराज्यीय चेक नाकों पर रखी जाएगी खास मुस्तैदी

बैठक में एसपी ने एमसीसी (आदर्श आचार संहिता) का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई करने, मतदान भवनों, सीएपीएफ एवं अन्य बाह्य बलों के आवासन स्थलों के भौतिक निरीक्षण तथा भवनों में आवश्यकता का आकलन कर अग्रतर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा, जिलान्तर्गत अवस्थित आठ अंतरराज्यीय चेकनाका एवं छह अन्तरजिला चेकनाका को सक्रिय कर कैश, अवैध शराब, ड्रग्स, नारकोटिक्स एवं अन्य अवैध वस्तुओं तस्करी के रोकथाम व जप्ती करने व अवैध शराब एवं अवैध आग्नेयास्त्र के विरुद्ध लगातार छापामारी कर जब्ती व बरामदगी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## बोकारो थर्मल पावर प्लांट के एचटी पैनल में लगी आग, बिजली उत्पादन ठप

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के 500 मेगावाट वाले पावर प्लांट के टरबाइन फ्लोर से नीचे साढ़े तीन मीटर पर स्थित एचटी पैनल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने के बाद एक ओर जहां यूनिट को बंद किया गया, वहीं दूसरी ओर पैनल एवं बोर्ड पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है।



घटना बुधवार सुबह लगभग सवा आठ बजे की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पावर प्लांट के टरबाइन फ्लोर के नीचे साढ़े तीन मीटर की ऊँचाई पर स्थित एचटी पैनल के इलेक्ट्रिकल ब्रेकर के वन बीबी बोर्ड में इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने की सूचना पावर प्लांट स्थित सीआईएसएफ फायर विंग को दी गई। फायर विंग के जवानों एवं अधिकारियों तथा इलेक्ट्रिकल एएमसी के कामगारों ने आकर काफी मशक्कत से आग बुझाने में सफलता प्राप्त की। जब तक आग को बुझाया गया, तब तक पैनल एवं बोर्ड पूरी तरह से जलकर खाक हो गया था। पैनल एवं बोर्ड में आग के कारण इलेक्ट्रिकल सिस्टम काम नहीं करने पर यूनिट भी ट्रिप कर गई। घटना के समय यूनिट से लगभग 350 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा था। मामले को लेकर पावर प्लांट ओएंडएम के जीएम एस भट्टाचार्य से पूछा गया तो उनका कहना था कि इलेक्ट्रिकल फॉल्ट के कारण पावर प्लांट को बुधवार की सुबह बंद करना पड़ा है। आग लगने के कारण पर कहना था कि इसकी जांच की जा रही है कि आग कैसे लगी। उन्होंने कहा कि डीवीसी के ऐश पौंड में छाई का जमाव हो जाने एवं उठाव कम होने के कारण यूनिट को बंद करने पर विचार किया जा रहा था कि इसी बीच इलेक्ट्रिकल फॉल्ट के कारण प्लांट को बंद करना पड़ गया। बताया जाता है कि ऐश पौंड से छाई की कुछ हद तक निकासी के बाद ही यूनिट को लाईट अप किया जाएगा।

## उत्पाद विभाग ने की अवैध देसी शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी

**प्रातःनागपुरी संवाददाता**

**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर बुधवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो उमाशंकर सिंह के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने पेटरवार थाना अंतर्गत चांदो ग्राम में संचालित अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की।



मौके से उत्पाद टीम ने 3,000 किलो जावा महुआ शराब एवं 150 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में फरार अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक सदर सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट महेश दास उपस्थित थे।ज्ञात हो कि विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## टाटा स्टील को मिला वर्ल्डस्टील सेफ्टी एंड हेल्थ एक्सीलेंस रिकग्निशन

- कंपनी के ऑनलाइन पर्जिंग असिस्टेंस मॉडल की हुई सराहना

**प्रातःनागपुरी संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील को वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन (वर्ल्डस्टील) ने सेफ्टी एंड हेल्थ एक्सीलेंस रिकग्निशन-2024 से सम्मानित किया। यह सम्मान कंपनी के अत्याधुनिक ऑनलाइन पर्जिंग असिस्टेंस मॉडल के लिए दिया गया है, जो ब्लास्ट फर्नेस के गैस क्लीनिंग प्लांट (जीसीपी) क्षेत्र में विस्फोट के जोखिम को पूरी तरह से खत्म करता है।



टाटा स्टील इस साल यह प्रतिष्ठित सम्मान हासिल करने वाली दुनिया की छह प्रमुख स्टील उत्पादक कंपनियों में शामिल है। भारत से इस उपलब्धि को प्राप्त करने वाली एकमात्र कंपनी है। वर्ल्डस्टील सेफ्टी एंड हेल्थ एक्सीलेंस रिकग्निशन 2024 के लिए वैश्विक स्तर पर स्टील उत्पादकों का मूल्यांकन चार महत्वपूर्ण श्रेणियों के तहत किया गया। इसमें सुरक्षा संस्कृति और नेतृत्व, ऑक्युपेशनल सेफ्टी मैनेजमेंट, ऑक्युपेशनल हेल्थ मैनेजमेंट, और प्रोसेस सेफ्टी मैनेजमेंट शामिल है। यह पुरस्कार उन कंपनियों को प्रदान किया गया, जो सुरक्षा और स्वास्थ्य में स्पष्ट और प्रभावशाली सुधार लाने में सफल रही हैं। टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी) राजीव मंगल ने कहा, ह्यटाटा स्टील अपने कर्मचारियों और हितधारकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इसके लिए नवीनतम तकनीकों और डिजिटल टूल्स में निवेश कर रही है।

हमें खुशी है कि इस दिशा में हमारे प्रयासों को लगातार वर्ल्डस्टील द्वारा मान्यता मिल रही है, जो हमारी 'शून्य हानि' कंपनी बनाने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। टाटा स्टील का नया पर्जिंग असिस्टेंस मॉडल, रणनीतिक स्थलों पर स्थापित एक सेट रिमोट-ऑपरेटेड वॉल्व के माध्यम से पर्जिंग प्रक्रिया के रियल टाइम अपडेट को ट्रैक करता है। वेंट्स पर स्थापित गैस एनालाइजर का उपयोग करता है। इसके साथ ही, एक लॉजिक और इंटरलॉक्स सिस्टम विकसित किया गया है, जो ऑपरेटर को कंट्रोल रूम से पूरे गैस लाइन की निगरानी और पर्जिंग करने की सुविधा प्रदान करता है। यह नया मॉडल पारंपरिक मैन्युअल कार्यों जैसे नाइट्रोजन वॉल्व को खोलने और वेंट्स के माध्यम से गैस की मात्रा का आकलन करने के कारण गैस लाइन के अपर्याप्त पर्जिंग के जोखिम को समाप्त करता है। विशिष्ट रूप से, यह मॉडल अपर्याप्त पर्जिंग के कारण होने वाले उच्च जोखिम की किसी भी गतिविधि को पूरी तरह खत्म करता है। इसके परिणामस्वरूप, पर्जिंग समय में 50% की कमी आती है, जिससे प्रति शटडाउन करीब 215,000 डॉलर की बचत होती है। इसके अलावा, यह मॉडल संयंत्र के शटडाउन और स्टार्टअप को 100% सुरक्षित बनाता है। प्रोसेस सेफ्टी मैनेजमेंट में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए, टाटा स्टील डिजिटल तकनीक का उपयोग कर रही है, जिससे प्रोसेस सेफ्टी क्रिटिकल इक्विपमेंट का समय पर रखरखाव सुनिश्चित हो सके और महत्वपूर्ण इक्विपमेंट की खराबी में कमी लाई जा सके। इसके अलावा, कंपनी ने अपने सभी लोकेशंस पर कर्मचारियों की प्रोसेस सेफ्टी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रोसेस सेफ्टी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की है। पिछले वर्ष, टाटा स्टील को जोखिम भरी गतिविधियों की रियल-टाइम विजुअलाइजेशन तकनीक के लिए वर्ल्डस्टील सेफ्टी एंड हेल्थ एक्सीलेंस रिकग्निशन से सम्मानित किया गया था।

## भारत संस्कार के अध्यक्ष विनोद वार्ष्णेय ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखी चिट्ठी

### गैर सरकारी शिक्षकों के लिए किया प्रतिमाह सात हजार रुपये मासिक सम्मान पेंशन देने का अनुरोध

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**जमशेदपुर/आदित्यपुर।** भारत संस्कार के अध्यक्ष विनोद वार्ष्णेय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निजी विद्यालय में कार्यरत निजी शिक्षकों की विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा भरपूर आर्थिक शोषण के संबंध में पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा है कि इतने कम वेतन में उनके परिवार का भरण - पोषण मुश्किल से होता है। न उन्हें मेडिकल सुविधा मिलती है और न कोई और सुविधा। ये राष्ट्रनिमार्ता वैज्ञानिक, इंजीनियर, डॉक्टर, वकील, सैनिक, पायलट, आईएएस, आईपीएस, राजनेता आदि के जन्मदाता हैं।



देश की भावी पीढ़ी भविष्य में ऐसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेवारी संभाल कर देश का नवनिर्माण करती है और उस बेचारे गैर-सरकारी शिक्षक को क्या मिलता है। आजादी के इतने वर्षों बाद ऐसी दुर्दशा। प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस पर उसे उपहार और सम्मान देकर खानापूर्ति की जाती है। अपने पत्र में श्री वार्ष्णेय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से देश के ऐसे शिक्षकों के लिए 'सप्तऋषि गुरुसम्मान योजना के अंतर्गत प्रतिमाह सात हजार रुपये मासिक सम्मान पेंशन देने का अनुरोध किया है।

### कोयला की चोरी पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने चलाया अभियान

**बोकारो थर्मल।** बोकारो में मंगलवार को कप्तान बदलते ही बोकारो थर्मल थाना की पुलिस ने अवैध कोयला के खिलाफ अपने तेवर कड़े कर लिए हैं। स्थानीय थाना के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर मंगलवार की रात थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल गोविंदपुर-स्वांग परियोजना एवं फेज दो से बाइकों से होने वाले कोयला की चोरी को रोकने को लेकर अभियान रात तीन बजे से ही चलाया गया। थाना के पुलिस पदाधिकारियों ने अवैध कोयला लेकर जा रहे एक दर्जन बाइकों को छापेमारी के क्रम में रात में ही क्षतिग्रस्त कर डाला। अवैध कोयला के धंधे में संलिप्त कारोबारियों ने बाद में किसी तरह दूसरे वाहनों पर लादकर क्षतिग्रस्त बाइकों को ले गए। पुलिस की कार्रवाई के बाद से बाइकों के द्वारा किए जा रहे अवैध कोयले के कारोबारियों में डर का माहौल व्याप्त हो गया है।पेंक नारायणपुर से जारी है बाइकों से अवैध कोयला- दूसरी ओर नावाडीह प्रखंड अंतर्गत पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के उपरघाट में बाइकों से अवैध कोयला का कारोबार जारी है। सीसीएल के खासमहल परियोजना से चोरी कर बाइकों से कोयला उक्त थाना क्षेत्र में चलने वाले कोयला की फैक्ट्रियों में गिराया जाता है, जहां से उसे पोड़ा कर या कच्चा ही मंडियों में बोकारो थर्मल थाना के रास्ते भेजा जाता है। खनन विभाग एवं पुलिस की टीम ने छापेमारी कर 415 टन कोयला जब्त किया- बोकारो जिला में मंगलवार को एक ओर जहां नए पुलिस कप्तान अपना पदभार ग्रहण कर रहे थे, तो दूसरी ओर पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के बरई में चलने वाली कोयला की फैक्ट्री आर्या फ्यूल प्रालि में बोकारो खनन विभाग के निरीक्षक सीताराम टूडू ने स्थानीय थाना की पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी की। सूचना के आधार पर खनन निरीक्षक ने जब कोयला फैक्ट्री में छापेमारी की, तो उसके परिसर में काफी मात्रा में कच्चा कोयला बाहर ही पोड़ा के लिए रखा हुआ था और कुछ पोड़ा भी किया हुआ था। खनन निरीक्षक ने 290 टन कच्चा कोयला, 125 टन पोड़ा कोयला एवं 10 टन कोल डस्ट को जब्त कर पेंक नारायणपुर थाना प्रभारी अनिल लिंडा के सुपुर्द कर दिया।



## बोकारो इस्पात संयंत्र में 41 ओसीटीटी प्रशिक्षुओं ने दिया योगदान

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में 41 ओ सी टी टी प्रशिक्षुयों ने योगदान दिया तथा दिनांक 16 अक्टूबर को प्रशिक्षुओं का छह सप्ताह का लोकल इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन तथा सुरक्षा शपथ के साथ किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद उपस्थित थे। कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक (माइंस) जयदीप दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (एमआरडी एवं अतिरिक्त प्रभार एसएमएस-न्यू) राजीव धवन तथा मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) मनीष जलोटा भी उपस्थित थे। छह सप्ताह के प्रशिक्षण के पश्चात सभी प्रशिक्षुओं का पदस्थापन बोकारो स्टील प्लांट में किया जाएगा। कार्यक्रम के स्वागत अभिभाषण में उप महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) राजेश कुमार ने प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट में उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद ने अपने संबोधन में प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं करते हुए प्रशिक्षुओं को सुरक्षा संस्कृति व अनुशासन को अपनाते हुए प्लांट के निरंतर विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने प्रशिक्षुओं को इस्पात उद्योग में वर्तमान समय में व्याप्त प्रतिस्पर्धा और बोकारो स्टील प्लांट द्वारा उठाए गए प्रतिस्पर्धात्मक कदम पर भी प्रकाश डाला। अधिशासी निदेशक (माइंस) दासगुप्ता ने भी अपने उद्बोधन में प्रशिक्षुओं को सुरक्षा और अनुशासन की अहमियत को रेखांकित करते हुए आगे बढ़ने तथा नए प्रशिक्षुओं से बोकारो स्टील प्लांट की अपेक्षाओं पर प्रकाश डाला। मुख्य महाप्रबंधक (एमआरडी एवं अतिरिक्त प्रभार एसएमएस-न्यू) राजीव धवन ने अपने अभिभाषण में प्रशिक्षुओं के अपेक्षित रोल पर प्रकाश डाला और कहा कि सभी प्रशिक्षुओं की भूमिका बोकारो स्टील प्लांट की प्रगति के लिए अपेक्षित है। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन एस एन मिश्रा, कनीय अधिकारी (ज्ञानार्जन एवं विकास) ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के नव प्रशिक्षु प्रकोष्ठ के राजू रंजन प्रसाद, सुश्री अनीता तथा सुश्री श्वेता कुमारी के साथ सभी कर्मचारियों का अहम योगदान रहा।

### विस चुनाव की तैयारी को लेकर कोषांगों का गठन

**गोमिया (बोकारो)।** विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर बीडीओ महादेव कुमार महतो और सीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी आफताब आलम की अध्यक्षता में विभिन्न कोषांगों को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में हुई। बैठक में विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया, जिसमें कार्मिक कोषांग, निर्वाचन कोषांग, सामग्री कोषांग, वाहन कोषांग, प्रशिक्षण सह ईवीएम कोषांग, विधि व्यवस्था सह आदर्श आचार संहिता अनुमति कोषांग, पीडब्लूडी एवं मतदाता पोस्टल बैलेट कोषांग शामिल हैं।

## डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने फिर लहराया कामयाबी का परचम

# श्लोक बना स्टेट टॉपर, आरुष को राज्य में दूसरा स्थान

- शानदार अंकों के साथ 15 विद्यार्थियों ने मारी बाजी, बेहतरीन प्रदर्शन पर प्राचार्य डॉ. गंगवार ने दी बधाई

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की कड़ी में डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार फिर कामयाबी का परचम लहराया है। राष्ट्रीय स्तर की लब्ध-प्रतिष्ठित गणितीय परीक्षा इंडियन ओलंपियाड क्वालीफायर इन मैथेमेटिक्स (आईओक्यूएम) में लगातार दूसरे वर्ष विद्यालय का पूरे राज्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। परीक्षा की कैटेगरी ए (कक्षा 8-11) में नौवीं कक्षा के विद्यार्थी श्लोक आनंद ने झारखंड में सर्वाधिक 59 अंक हासिल कर स्टेट टॉपर होने का गौरव पाया है। वहीं, कैटेगरी बी (कक्षा- 12) में आरुष बनर्जी ने 54 अंक प्राप्त कर सूबे में दूसरा स्थान प्राप्त किया और जिले में अव्वल रहा। विद्यालय के कुल 15 छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में शानदार सफलता पाई है।




विद्यालय में कैटेगरी ए में कक्षा 9 के छात्र श्लोक आनंद 59, शिवम ओझा 51 और कक्षा 11 के अनुज 44 अंक लाकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। इसके बाद क्रमशः कक्षा 11 के आयुष राज (42), कुमार अनमोल (41), कक्षा 10 के आरुष रंजन (41), आयुष लच्छीरामका (40), शीर्ष क्रेजिया (33), कक्षा 9 के सुधांशु कुमार (32), 11वीं कक्षा से मालविन परीरा (29) तथा 10वीं के जय सात्विक मेदिरेड्डी (27) ने सफलता प्राप्त की। इसी प्रकार, कैटेगरी बी में 12वीं कक्षा के छात्र आरुष बनर्जी 54 अंक लाकर पहले, नितिन कुमार सिंह 41 अंक के साथ दूसरे तथा आदित्य राज चौहान 35 अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे। जबकि, बालिकाओं की कैटेगरी में कक्षा 10 की छात्रा आयुषी सिंह ने 26 अंक के साथ सफलता पाई।

गौरतलब है कि विगत वर्ष भी डीपीएस बोकारो के आरुष बनर्जी ने झारखंड में स्टेट टॉपर होने का गौरव पाया था। लगातार दूसरे वर्ष अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के इस बेहतरीन प्रदर्शन पर प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने इस उपलब्धि को पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि यह डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों की शैक्षणिक कुशलता, उनकी कड़ी मेहनत, गणित के प्रति उनके जुनून और हमारे शिक्षकों के समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उल्लेखनीय है कि आईओक्यूएम भारत में गणितीय ओलंपियाड कार्यक्रम का पहला चरण है, जिसे गणितीय योग्यता और समस्या-समाधान कौशल के कठोर परीक्षण के लिए जाना जाता है। यह भारतीय राष्ट्रीय गणितीय ओलंपियाड (आईएनएमओ) में प्रतिनिधित्व करने के जिज्ञासु विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

### बीएसएल की टीम ने जीता डायरेक्टर पर्सनल 'रणनीति' कप

**बोकारो।** ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए), नई दिल्ली द्वारा आयोजित रणनीति डायरेक्टर पर्सनल कप बिजनेस सिमुलेशन गेम्स का ग्रैंड फिनाले एमटीआई रांची में आयोजित किया गया। ग्रैंड फिनाले में बोकारो स्टील प्लांट से महाप्रबंधक (एचएसएम) सुधीर, सहायक महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) अमित आनंद और वरीय प्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) सुश्री प्रीति कुमारी की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। बोकारो स्टील प्लांट की ही दूसरी टीम ने स्पर्धा में प्रथम रनर-अप का स्थान हासिल किया, जिसमें उप महाप्रबंधक (एचएसएम) राहुल सिंह, वरीय प्रबंधक (सीटीएस) ओवैस अहमद और प्रबंधक (एचएसएम) राहुल रंजन पांडा शामिल थे।उल्लेखनीय है कि प्लांट-स्तरीय प्रतियोगिता के लेवल -1 में कुल 142 से अधिक टीमों के बीच कड़े मुकाबले के पश्चात विभिन्न सेल प्लांट इकाइयों का प्रतिनिधित्व कर रही 21 उत्कृष्ट टीमें फाइनलिस्ट रहीं। ग्रैंड फिनाले से पहले दिनांक 14 अक्टूबर, 2024 को इन 21 टीमों के बीच एक सेमीफाइनल राउंड आयोजित किया गया, जिसके उपरांत 11 टीमें फाइनल राउंड में पहुंचीं। बोकारो इस्पात संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर दोनों टीमों को बधाई दी है।



# बीएसएनएल : कहीं भीतरघात का शिकार तो नहीं?

**निर्मल रानी**

यदि बी एस एन एल में ही सर्वोच्च पदों पर बैठे अधिकारियों की साजिश के चलते और उनकी उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों से मिली भगत के परिणाम स्वरूप इस पीएसयू की इतनी दयनीय हालत हो रही है तो ऐसे 'विभीषणों ' का भी बेनकाब होना बेहद जरूरी है। न केवल सरकार बल्कि स्वयं बीएसएनएल कर्मियों को भी इस बात पर नजर रखनी होगी कि भारत सरकार का यह लोकप्रिय केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम बी एस एन एल किन कारणों से अपने उपभोक्ताओं को समुचित सेवायें नहीं दे पा रहा है? बी एस एन एल, कहीं भीतरघात का शिकार तो नहीं?

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) भारत सरकार के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) का एक प्रमुख एवं लोकप्रिय उपक्रम है। बीएसएनएल का स्वामित्व दूरसंचार विभाग के पास है और दूरसंचार विभाग संचार मंत्रालय का एक हिस्सा है। भारत सरकार ही बीएसएनएल की 100% शेयर पूंजी का मालिक भी है। इस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में संचार मंत्रालय का कामकाज अश्विनी वैष्णव देख रहे हैं जोकि भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं। हालाँकि भारतीय संचार क्षेत्र में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल तथा वोडाफोन आइडिया जैसे और भी कई छोटी व क्षेत्रीय निजी कम्पनीज सक्रिय हैं परन्तु इन सबसे प्रतिस्पर्धा होने के बावजूद आज भी बीएसएनएल को देश में सबसे अधिक उपभोक्ता रखने का गौरव हासिल है।




आंकड़ों के मुताबिक जुलाई 2024 तक बीएसएनएल के पास देश में लगभग 88.512 मिलियन मोबाइल फोन के ग्राहक थे। इसका मुख्य कारण यह भी था कि देश की प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों ने जून 24 में ही अपने अपने मोबाइल टैरिफ बढ़ा दिये थे। इनमें रिलायंस जियो ने जहां 27 जून को अपने टैरिफ में 12 से 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी वहीं भारती एयरटेल ने 8 जून को अपना टैरिफ 11 से 21 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। इसी तरह वोडाफोन आइडिया ने भी 29 जून, 24 को अपना टैरिफ 10 से 24 प्रतिशत तक बढ़ा दिया। इसी बढ़ोतरी के फौरन बाद ही बीएसएनएल में 2.93 मिलियन ग्राहकों की वृद्धि हुई। जबकि निजी दूरसंचार कंपनियों को अपने करोड़ों ग्राहकों से हाथ धोना पड़ा। उस समय बीएसएनएल ने पहली बार ग्राहकों की इतनी वृद्धि दर्ज की थी। जून- जुलाई 24 में बीएसएनएल ने लगभग 2.9 मिलियन उपयोगकर्ता अपने साथ जोड़े।

बीएसएनएल को ऐसा ही एक अवसर उस समय भी हाथ लगा था जबकि 2020-2021 में हुये किसान आंदोलन के समय पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के किसानों द्वारा 2020 में भारतीय संसद द्वारा पारित तीन कृषि अधिनियमों के विरुद्ध आंदोलन चलाया जा रहा था। उस समय किसान, अंबानी-अडानी द्वारा संचालित उद्यमों व उपक्रमों का भी विरोध कर रहे थे। किसानों का कहना था कि मोदी सरकार अंबानी-अडानी जैसे निजी उद्योगपतियों को फायदा पहुँचाने के लिये ही तीन कृषि अधिनियम लाई है। इसलिये किसानों द्वारा पंजाब, हरियाणा में रिलायंस जियो का भी बड़े पैमाने पर विरोध यहां तक कि बहिष्कार किया जा रहा था। रिलायंस जियो के तो कई मोबाईल टावर्स में भी उस समय तोड़ फोड़ की खबरें आई थीं। बहरहाल जिन उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए निजी कम्पनीज सैकड़ों हजारों करोड़ रुपए विज्ञापन या प्रलोभन में खर्च करती हैं वही उपभोक्ता बिना किसी प्रयास के बीएसएनएल को स्वयं ही मिल रहे थे इससे बड़ी लोकप्रियता की बात बीएसएनएल के लिये और क्या हो सकती है?

परन्तु चिंता का विषय है कि देश का सबसे बड़ा संचार नेटवर्क होने के बावजूद नेटवर्क और स्पीड दोनों ही मामलों में बीएसएनएल अपने में सुधार नहीं कर पा रहा है। उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल व हरियाणा यहाँ तक कि चंडीगढ़ में तो इसकी गति नाममात्र है। सवाल यह है कि देश का सबसे बड़ा व सबसे साधन संपन्न नेटवर्क व सबसे अधिक टावर्स रखने के बावजूद आखिर क्या वजह है कि गांव में तो दूर शहरों तक में इसके पूरे मोबाईल सिग्नल नहीं आ पाते? आज के युग में जबकि 5 -10 रुपये से लेकर लाखों रुपए तक की लेनदेन मोबाईल गूगल या पे फोन जैसे माध्यमों से की जा रही हो, ऐसे में अन्य निजी कम्पनीज की ही तरह बीएसएनएल का भी राष्ट्रव्यापी नेटवर्क तीव्र गति के साथ उपलब्ध होना बेहद जरूरी है। परन्तु एक तरफ तो देशभक्ति का जज्बा रखने वाले ग्राहकों का बीएसएनएल की ओर आकर्षित होना और दूसरी तरफ बीएसएनएल द्वारा अपने ग्राहकों की जरूरतों और नेटवर्क व स्पीड की कमी के चलते उन्हें होने वाली परेशानियों की अनदेखी करना या इसका तत्काल समाधान न करना बीएसएनएल के ग्राहकों के मन में संदेह जरूर पैदा करता है।

दरअसल पिछले एक दशक से ऐसी तमाम खबरें आ रही हैं जिनसे यह पता चलता है कि सरकारें उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों की हितैषी के रूप में काम कर रही हैं। जिसतरह विद्युत, रेल, बंदरगाह, इन्शुरन्स, बैंकिंग, तेल, गैस, कोयला, सैन्य सामग्री, विमानन व संचार जैसे अनेक क्षेत्रों में सरकारों की सरपरस्ती में उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों का दखल बढ़ा है और देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी इन उद्योगपतियों के लिये व्यवसायिक आधार तैयार कर कई देशों में इन्हें माइनिंग, बिजली व निर्माण आदि के ठेके दिलवाये गये हैं उन्हें देखकर यह संदेह होना भी स्वभाविक है कि कहीं बीएसएनएल को बदनाम करने व इसे कमजोर करने के लिये ही तो यह षड़यंत्र किसी बड़ी व सत्ता संरक्षित साजिश के तहत तो नहीं किया जा रहा?

यदि बीएसएनएल ईमानदारी से चाहे तो कम से कम समय में अपने उपभोक्ताओं को हो रही इन परेशानियों से निजात दिला सकता है। और यदि बीएसएनएल की ओर से पूरे देश के हर कोने तक अपना नेटवर्क व पूरा सिग्नल पहुंचा दिया जाये और उसकी गति में सुधार कर दिया जाये तो निश्चित रूप से निजी कम्पनीज की तरफ से अभी और भी करोड़ों उपभोक्ता अपना मुंह फेर लेंगे। परन्तु सत्ता में बैठे उद्योगपतियों के वे शुभचिंतक जो वास्तव में सरकार में उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों के हितों के न केवल पैरोकार हैं बल्कि सच पूछिए तो उन्हीं के सीधे प्रतिनिधि के रूप में सत्ता में अहम पदों पर बैठे हुये हैं। ऐसे लोगों के सत्ता के शीर्ष पदों पर रहते क्या बीएसएनएल, प्रमुख निजी टेलीकॉम कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा कर सकेगा? बीएसएनएल मोबाइल के मौजूदा नेटवर्क तथा उसकी मंद गति को देखकर इस बात पर संदेह होना स्वाभाविक है। और यदि बी एस एन एल में ही सर्वोच्च पदों पर बैठे अधिकारियों की साजिश के चलते और उनकी उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों से मिली भगत के परिणाम स्वरूप इस पीएसयू की इतनी दयनीय हालत हो रही है तो ऐसे 'विभीषणों ' का भी बेनकाब होना बेहद जरूरी है। न केवल सरकार बल्कि स्वयं बीएसएनएल कर्मियों को भी इस बात पर नजर रखनी होगी कि भारत सरकार का यह लोकप्रिय केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम बी एस एन एल किन कारणों से अपने उपभोक्ताओं को समुचित सेवायें नहीं दे पा रहा है? बी एस एन एल, कहीं भीतरघात का शिकार तो नहीं?

## संपादकीय

### सरकार का सख्त रुख

भारत और कनाड़ा के बीच कूटनीतिक टकराव ने नया मोड़.ले लिया है। सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जुड़े.आरोपों के कारण भारत ने कनाड़ा के छह राजनयिकों को निष्कासित करने से पहले उच्चायुक्त और कुछ अधिकारियों को कनाड़ा से वापस बुलाने का फैसला किया। विदेश मंत्रालय ने कनाड़ा के प्रभारी राजदूत स्टीवर्ट वीलर को तलब किया और स्पष्ट रूप से चेताया कि भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा और अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को निराधार तरीके से निशाना बनाया गया जो नई दिल्ली को पूरी तरह से अस्वीकार्य है। हाल के वर्षों में दूसरा अवसर है जब किसी पश्चिमी देश के राजनयिक को इस तरह की फटकार लगाई गई है। इससे पहले दिसम्बर, 2020 में भी कनाड़ा के राजदूत को विदेश मंत्रालय ने फटकार लगाई थी। उस दौरान कनाड़ा ने भारत के किसान आंदोलन को लेकर मानवाधिकारों के हनन की बात कही थी। इस बार भारत के सख्त रुख को लेकर विदेश नीति के जानकारों का नजरिया अलग-अलग है। एक मत यह है कि भारत ने कनाड़ा ही नहीं, बल्कि अमेरिका को भी संदेश दिया है। वस्तुतः खालिस्तानी अलगाववादी निज्जर को लेकर कनाड़ा और अमेरिका दोनों आरोप लगाते रहे हैं कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंसियों का हाथ है। इस संबंध में भारत ने कनाड़ा से सबूत मांगे हैं, लेकिन उसने कोई सबूत नहीं दिया। प्रधानमंत्री ट्रूडो सिखों के वोट के लिए इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगाते रहते हैं। जाहिराना तौर पर कनाड़ा के नेताओं के बयानों को भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के रूप में देखा गया था और विदेश मंत्रालय ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज की थी। हालांकि भारत और कनाड़ा के बीच व्यापक रिश्ते रहे हैं, लेकिन खालिस्तानी आंदोलन से जुड़े.सिखों द्वारा भारत में स्वतंत्र सिख राष्ट्र-राज्य की मांग के कारण दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं। कनाड़ा में सिख आबादी खासी है। ट्रूडो राजनीतिक फायदे के लिए सिखों का समर्थन करते रहते हैं। इस बार मोदी सरकार के सख्त रुख से दोनों देशों के कूटनीतिक रिश्ते खत्म होने के कगार पर हैं। वास्तव में पश्चिमी देशों का सत्ता प्रतिष्ठान, सिविल सोसाइटी और मीड़िया का रुख भारत की राष्ट्रवादी मोदी सरकार के प्रति अनुकूल नहीं रहा है। वे किसी न किसी मुद्दे को लेकर मोदी सरकार को निशाना बनाने की कोशिश करते रहते हैं। अब मोदी सरकार ने ऐने लोगों के प्रति 'भय बिन होए न प्रीति' की नीति अपनाई है।



## अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस : गरीबी के शर्म के कलंक को धोना होगा

अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस हर साल 17 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरूआत 17 अक्टूबर, 1987 को हुई थी। उस दिन, पेरिस के ट्रोकाडेरो में एक लाख से ज्यादा लोग इकट्ठा हुए थे। इस दिन को मनाने का मकसद, अत्यधिक गरीबी, हिंसा, और भूख से पीड़ित लोगों को सम्मानित जीवन उपलब्ध कराना है। इस दिवस की 2024 की थीम है, ह्यसामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार को समाप्त करना, न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण और समावेशी समाज के लिए मिलकर कार्य करना।ह्न यह दिन गरीबी को कम करने के लिए सामूहिक कार्रवाई की जरूरत पर जोर देता है। इस दिवस का मकसद गरीबों के संघर्षों और उनकी चिंताओं को सुनना, उन्हें गरीबी से बाहर आने में मदद करना और अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर जोर देना भी है। जो गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है। गरीबी को खत्म करना सिर्फ. गरीबों की मदद करना नहीं है - बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का मौका देना है। गरीबी किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन है। यह न केवल अभाव, भूख और पीड़ा का जीवन जीने की ओर ले जाती है, बल्कि मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं के आनंद का भी बड़ा अवरोध है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 2022 के अंत तक विश्व की 8.4 प्रतिशत जनसंख्या, या लगभग 670 मिलियन लोग, अत्यधिक गरीबी में रह रहे थे। अनुमान है कि वैश्विक जनसंख्या का लगभग 7 प्रतिशत लगभग 575 मिलियन लोग 2030 तक भी अत्यधिक गरीबी में फंसे रह सकते हैं।

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत दस वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन-स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही गरीबमुक्त संतुलित समाज संरचना की जा सकती है।

गरीबी पहले भी अभिशाप थी लेकिन अब यह संकट और गहराया है। गरीबी केवल भारत की ही नहीं, बल्कि दुनिया की एक बड़ी समस्या है। गरीबी एक गंभीर बीमारी है, किसी भी देश के लिए गरीबी एक बदनुमा दाग है। जब किसी राष्ट्र के लोगों को रहने को मकान, जीवन निर्वाह के लिये जरूरी भोजन, कपड़े, दवाइयां आदि जैसी चीजों की कमी महसूस होती है, तो वह राष्ट्र गरीब राष्ट्र की श्रेणी में आता है। इस गरीबी से मुक्ति के लिये सरकारें व्यापक प्रयत्न करती हैं। हम जिन रास्तों पर चल कर एवं जिन योजनाओं को लागू करते हुए देश में समतामूलक संतुलित समाज निर्माण की आशा करते हैं वे योजनाएं विषम और विषभरी होने के कारण सभी कुछ अभिनय लगता है, छलावा लगता है, भ्रम एवं फरेब लगता है। सब नकली, धोखा, गोलमाल, विषमताभरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य का सुनहरा स्वप्न ऐसी नींव पर कैसे साकार होगा? क्योंकि यहां तो सारे राजनीति दल एवं लोकतंत्र को हांकने वाले सब अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। विश्व की सारी संपदा, सारे संसाधन गरीबी को मिटाने में लगते तो आज स्थिति बहुत भिन्न होती, किन्तु बीच में सत्ता की लालसा एवं विश्व पर साम्राज्य स्थापित करने की महत्वाकांक्षाओं ने व्यवधान खड़े कर दिये। इसी कारण जो संपदा है, वह मानव को सुखी, संतुलित या सामान्य बनाने की दिशा में नहीं लगी, संहारक अस्त्रों के निर्माण, आतंकवाद एवं युद्ध की मानसिकता में लगी। एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को भयभीत रखने में अपनी ऊर्जा खपा रहा है, न कि गरीब इंसान की गरीबी दूर करने में।

आज का भौतिक दिमाग कहता है कि घर के बाहर और घर के अन्दर जो है, बस वही जीवन है। लेकिन राजनीतिक दिमाग मानता है कि जहां भी गरीब है, वही राजनीति के लिये जीवन है, क्योंकि राजनीति को उसी से जीवन ऊर्जा मिलती है। यही कारण है कि इस देश में सतहत्तर साल के बाद भी गरीबी कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है, जितनी गरीबी बढ़ती है उतनी ही राजनीतिक जमीन मजबूती होती है। क्योंकि सत्ता पर काबिज होने का मार्ग गरीबी के रास्ते से ही आता है। बहुत बड़ी योजनाएं इसी गरीबी को खत्म करने के लिये बनती रही हैं और आज भी बन रही हैं। लेकिन गरीब खत्म होते गये और गरीबी आज भी कायम है। सरकारी योजनाओं की विसंगतियां ही है कि गांवों में जीवन ठहर गया है। बीमार, अशिक्षित, विपन्न मनुष्य मानो अपने को ढो रहा है। कह तो सभी यही रहे हैं--बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है। रोटी केवल शब्द नहीं है, बल्कि बहुत बड़ी परिभाषा समेटे हुए है अपने भीतर। जिसे आज का मनुष्य अपनी सुविधानुसार परिभाषित कर लेता है। रोटी कह रही है-मैं महंगी हूँ तू सस्ता है। यह मनुष्य का घोर अपमान है। रोटी कीमती, जीवन सस्ता। मनुष्य सस्ता, मनुष्यता सस्ती। और इस तरह गरीब को अपमानित किया जा रहा है, यह सबसे बड़ा खतरा है। गरीब यानी जिसके पास धन उसकी जरूरत से कम हो या जो दो वक्त की रोटी की जुगाड़ नहीं कर सकता। जो अपनी बूढ़ी मां का इलाज नहीं करवा सकता। जो अपने बच्चों की फीस नहीं भरवा सकता।

गरीबी व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने में अक्षम बनाता है। गरीबी के कारण व्यक्ति को जीवन में शक्तिहीनता और आजादी की कमी महसूस होती है। गरीबी उस स्थिति की तरह है, जो व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार कुछ भी करने में अक्षम बनानी है। गरीबी ऐसी त्रासदी एवं दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति है जिसका कोई भी अनुभव नहीं करना चाहता। एक बार महात्मा गांधी ने कहा था कि गरीबी कोई दैवीय अभिशाप नहीं है बल्कि यह मानवजाति द्वारा रचित सबसे बड़ी समस्या है। भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में गरीबी रेखा नहीं होनी चाहिए। यह रेखा उन कर्णधारों के लिए शर्म की रेखा है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए। यहां प्रश्न है कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी? जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा? जो शिष्य को अच्छे-बुरे का भेद न बता सके, वह गुरु कैसा?

गांधी और विनोबा ने सबके उदय एवं गरीबी उन्मूलन के लिए 'सर्वोदय' की बात की। लेकिन राजनीतिज्ञों ने उसे निज्योदय बना दिया। जे. पी. ने जाति धर्म से राजनीति को बाहर निकालने के लिए 'संपूर्ण क्रांति' का नारा दिया। जो उनको दी गई श्रद्धांजलि के साथ ही समाप्त हो गया। 'गरीबी हटाओ' में गरीब हट गए। स्थिति ने बल्कि नया मोड़ लिया है कि जो गरीबी के नारे को जितना भुना सकते हैं, वे सत्ता प्राप्त कर सकते हैं। कैसे समतामूलक एवं संतुलित समाज का सुनहरा स्वप्न साकार होगा? कैसे मोदीजी का नया भारत निर्मित होगा?

**-ललित गर्ग**


## चिंतन-मनन

### भक्त के भीतर रहते हैं कृष्ण

जब भगवान चैतन्य बनारस में हरे कृष्ण महामंत्र के कीर्तन का प्रवर्तन कर रहे थे, तो हजारों लोग उनका अनुसरण कर रहे थे।

तत्कालीन बनारस के अत्यंत प्रभावशाली और विद्वान प्रकाशानंद सरस्वती उनको भावुक कहकर उनका उपहास करते थे। कभी-कभी भक्तों की आलोचना दार्शनिक यह सोचकर करते हैं कि भक्तगण अंधकार में हैं और दार्शनिक दृष्टि से भोले-भाले भावुक हैं, किंतु यह तथ्य नहीं है। ऐसे अनेक बड़े-बड़े विद्वान पुरुष हैं, जिन्होंने भक्ति का दर्शन प्रस्तुत किया है। किंतु यदि कोई भक्त उनके इस साहित्य का या अपने गुरु का लाभ न भी उठाए और यदि वह अपनी भक्ति में एकनिष्ठ रहे, तो उसके अंतर से कृष्ण स्वयं उसकी सहायता करते हैं।अतः कृष्णभावनामृत में रत एकनिष्ठ भक्त ज्ञानरहित नहीं हो सकता। इसके लिए इतनी ही योग्यता चाहिए कि वह पूर्ण कृष्णभावनामृत में रहकर भक्ति संपन्न करता रहे। आधुनिक दार्शनिकों का विचार है कि बिना विवेक के शुद्ध ज्ञान प्राप्त नहीं किया जा सकता। उनके लिए भगवान का उत्तर है- जो लोग शुद्धभक्ति में रत हैं, भले ही वे पर्याप्त शिक्षित न हों तथा वैदिक नियमों से पूर्णतया अवगत न हों, किंतु भगवान उनकी सहायता करते ही हैं। भगवान अजरुन को बताते हैं कि मात्र चिंतन से परम सत्य भगवान को समझ पाना असंभव है, क्योंकि भगवान इतने महान हैं कि कोरे मानसिक प्रयास से उन्हें न तो जाना जा सकता है, न ही प्राप्त किया जा सकता है। भले ही कोई लाखों वर्षो तक चिंतन करता रहे, किंतु यदि भक्ति नहीं करता, यदि वह परम सत्य का प्रेमी नहीं है, तो उसे कभी भी कृष्ण या परम सत्य समझ में नहीं आएंगे।परम सत्य, कृष्ण, केवल भक्ति से प्रसन्न होते हैं और अपनी अचिंत्य शक्ति से वे शुद्ध भक्त के हृदय में स्वयं प्रकट हो सकते हैं।शुद्धभक्त के हृदय में तो कृष्ण निरंतर रहते हैं और कृष्ण की उपस्थिति सूर्य के समान है, जिसके द्वारा अज्ञान का अंधकार तुरंत दूर हो जाता है।

## साइबर ठगी का बढ़ता दायरा, सज्जनों पर संकट


विजय कुमार जैन

आधुनिक संचार क्रांति के युग में मोबाइल एवं इंटरनेट जितने लाभदायक हैं उससे ज्यादा हानिकारक भी हैं। मोबाइल एवं इंटरनेट के माध्यम से भारत ही नहीं दुनिया में आए दिन साइबर ठगी की घटनाएं सुनने में आ रही है साइबर अपराध करने वालों की गैंग जानबूझकर ऐसे समय संबंधित को निशाना बनाते हैं जब वह विचार ही नहीं कर पाता और उनके द्वारा जितनी राशि की मांग की जाती है तत्काल उनके खाते में डाल देते हैं। इसके बाद पछतावा ही हाथ रहता है। मैं साइबर ठगी की कुछ घटनाओं का यहां पर उल्लेख करना चाहूंगा गुना जिले में श्री द्वारका प्रसाद शर्मा महिला बाल विकास विभाग में लिपिक हैं, इनको अपरिचित मोबाइल से फोन आया और मोबाइल नंबर का केवाईसी करने की बात कही ओटीपी पूछा और बैंक खाते से रू.16000 निकल लिये ।श्री बलवीर सिंह गुर्जर निवासी साडा कॉलोनी राघौगढ़ सेवानिवृत्त गुना तहसीलदार रीडर इनके पंजाब नेशनल बैंक शाखा साडा कॉलोनी राघौगढ़ के खाते में किसी ने रू.1 जमा किया उन्होंने जैसे ही मोबाइल खोलकर बैंक अकाउंट देखा उनके बैंक खाते से पहली बार रुपए 9970, दूसरे बार 9999 कट गए।

उन्होंने तत्काल बैंक शाखा में जाकर अपना खाता ब्लॉक कराया। रुठियाई तहसील राघौगढ़ निवासी रविंद्र सिंह परिहार के पास फोन आया और बताया कि आपका बेटा पुलिस थाने में बैठा है उन्होंने कहा कि मेरा बेटा तो नौकरी पर है उधर से कहा आपका बेटा एक लड़की के साथ होटल में अनैतिक कार्य करते हुए पकड़ा गया है। अपने बेटे को बचाना है तो तत्काल तीन लाख रुपए खाते में डालो। उन्होंने अपनी पत्नी से कहा बेटे को फोन लगाओ। उन्होंने बेटे से पूछा कहां हो बेटे कहा कि मैं तो ऑफिस में हूं फिर उन्होंने जिनका फोन आया था बेटा का फोन कनेक्ट कर बात करवायी। बेटे ने उनसे भला बुरा कहा तब फोन काट दिया।एक सेवानिवृत अधिकारी जिनकी लड़की इंदौर में पढ़ती है घटना चार माह पुरानी है उनके पास फोन आया आपकी बेटी थाने में बैठी है अनैतिक स्थिति में होटल में पकड़ी है उन्होंने दूसरे नंबर से बेटी को फोन लगाया बेटी कॉलेज में थी फोन बंद था इस कारण बात नहीं हो सकी। जिनका फोन आया था उन्होंने कहा अपनी बेटी को बचाना चाहते हो तो तत्काल रू 6 लाख रुपए खाते में डालो घबराहट में उन्होंने तीन लाख रुपये खाते में भेज दिये ।फिर लड़की का फोन आया कि पापा जी फोन क्यों किया। तब उन्होंने सारी घटना बतायी। उनके साथ साइबर ठगी हो गई ।मैं स्वयं भी साइबर ठगी से होते-होते बचा फोन आया मेरे से कहा कि आपके मोबाइल नंबर की केवाईसी होना है मैंने उनसे कहा मेरा नंबर तो एयरटेल का है अब बी एस एन एल में केवाईसी क्यों हो रही है तो उधर से जवाब आया आपकी सिम पुरानी है पहले बी एस एन एल की थी ।इसलिए आपको 24 घंटे के अंदर केवाईसी करना आवश्यक है अन्यथा सिम बंद हो जाएगी ।मैंने उनसे पूछा कि मुझे क्या करना है उन्होंने कहा कि हम आपको एक प्रोफार्मा भेज रहे हैं उसमें हम जो जानकारी पूछे उनका आप मोबाइल चालू रखकर हमें जवाब देते जाएं। मैंने उनके कुछ प्रश्नों के उत्तर दिए थोड़ी देर बाद मेरी पौत्री 14 वर्षीय तन्वी जैन मेरे पास आई और बोली दादाजी मुझे ऐसा लग रहा है आप साइबर ठगी के शिकार होने वाले हैं। आप तत्काल इस नंबर को काट दें और इस नंबर को ब्लॉक कर दें। इस प्रकार में साइबर ठगी से बच पाया । साइबर ठगी की ही यह घटना मेरे मित्र श्री राघवेंद्र सिंह परिहार सेवानिवृत्ति कृषि अधिकारी राघौगढ़ ने मुझे बताया मैं ऑनलाइन दवाइयां मंगाता था। उनके लिए अपरिचित नंबर से फोन आया और कहा कि आप जिस कंपनी से दवाइयां ऑनलाइन मांगते हैं उस कंपनी ने ड्रा निकाला है ड्रा में आपके नाम कार निकली है आपको बधाईयां।परिहार जी ने उनसे पूछा मुझे क्या करना है उन्होंने कहा कार तो हम आपके लिए कोलकाता में डिलीवरी दे देंगे या फिर आप कहेंगे तो आपके निवास पर पहुंचा देंगे। आपको मात्र इतना करना है आप रजिस्ट्रेशन के पैसे हमारे खाते में डाल दो ।उन्होंने कहा मेरा भतीजा कोलकाता में ही सर्विस में है वह आपसे मिलेगा कहां मिलना है पता आप मुझे भेजिए दूसरी ओर से पता नहीं आया और वह साइबर ठगी से बच गये। पिछले माह एसिया



के बड़े उद्योग पति ओसवाल ग्रुप लुधियाना के मालिक की भारत की संभवतः अभी तक की सबसे बड़ी सायवर ठगी हुई। यह ठगी साढ़े सात करोड़ रुपये की थी। इस सायवर ठगी का समाचार देश के अनेक समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ। वर्तमान में साइबर ठगी की घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है आम भोले भाले नागरिक उनके जाल में फंसकर अपना नुकसान कर रहे हैं। मोबाइल एवं इंटरनेट का उपयोग करते समय हर व्यक्ति की जागरूकता आवश्यक है के वाई सी के झांसे में ना आए ओटीपी ना भेजें।

(लेखक वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं)



# करवा चौथ पर हाथों की खूबसूरती बढ़ाने का काम करेंगे नेल आर्ट की ये डिजाइंस

**अगर आप करवा चौथ पर हाथों की खूबसूरती बढ़ाना चाहती हैं तो आप इस तरह के नेल आर्ट डिजाइंस करवा सकती हैं। इस तरह का नेल आर्ट डिजाइन आपके नाखूनों की खूबसूरती बढ़ाने का काम करेंगे**

इन दिनों नेल आर्ट काफी ट्रेंड में है और कई सारे खास मौके पर महिलाएं अपने हाथों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए नाखूनों पर नेल आर्ट डिजाइन बनावती हैं। वहीं अब करवा चौथ का त्योहर आने वाला है और इस खास मौके पर महिलाएं सोलह श्रंगार करती हैं। वहीं अगर आप गे करवा चौथ के मौके पर हाथों की खूबसूरती बढ़ाना चाहती हैं तो आप ये नेल आर्ट डिजाइंस अपने नाखूनों पर बनवा सकती हैं।

## मार्बल डिजाइन नेल आर्ट

यह मार्बल डिजाइन नेल आर्ट इन दिनों काफी फैशन में है और अगर आप अपने नाखूनों को न्यू लुक देना चाहती हैं तो आप इस तरह के नेल आर्ट डिजाइन अपने नाखूनों पर बनवा सकती हैं। इस तरह का नेल आर्ट डिजाइन आप लाइट कलर के आउटफिट के हिसाब से बनवा सकती हैं।

## ग्लिटर नेल आर्ट

आगर आप डार्क कलर का आउटफिट पहन रही हैं तो आप इस तरह का नेल आर्ट डिजाइन अपने नाखूनों पर बनवा सकती हैं। यह नेल आर्ट को बनाने के लिए आपको नेल पॉलिश साथ ही ग्लिटर की मदद से बना सकती हैं। यह नेल आर्ट भी हाथों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए आप अपने नाखूनों पर बनवा सकती हैं। इस तरह के नेल आर्ट को आप नेल साथ ही ग्लिटर की मदद से बनाएं साथ ही मार्केट से आप इस नेल आर्ट डिजाइन बनवा जा सकता है। रेड कलर का ये नेल आर्ट डिजाइन भी आपकी खूबसूरती में चार चाँद लगाना का काम करेगा और इस नेल आर्ट को आप घर पर ही दो नेल पॉलिश की मदद से बनवा सकती हैं।

## फ्लोरल डिजाइन नेल आर्ट

नाखूनों को न्यू लुक देने के लिए इस तरह का नेल आर्ट डिजाइन भी बेस्ट ऑप्शन हो सकता है और इस तरह का नेल आर्ट लाइट कलर की नेल पॉलिश से बना सकती हैं साथ ही इसमें फूल का डिजाइन भी बनवा सकती हैं।

## स्पार्कल नेल आर्ट

यह नेल आर्ट डिजाईन भी काफी ट्रेंड में है और अगर आपको ये समझ नहीं आ रहा है कि कसी तरह नेल आर्ट डिजाइन आप अपने नाखूनों को बनवाएं तो आप इस तरह का स्पार्कल नेल आर्ट डिजाइन अपने नाखूनों पर बनवा सकती हैं।



# करवा चौथ पर नजर आएंगी सबसे अलग

**अगर आप न्यू लुक चाहती हैं तो आप इस तरह का सूट करवा चौथ के मौके पर स्टाइल कर सकती है। इस तरह के सूट में जहां आपका लुक रॉयल नजर आएगा तो वहीं आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।**

महिलाओं को सलवार-सूट पहनना काफी पसंद है और कई सारे मौके पर महिलाएं इन्हें स्टाइल करती हैं। वहीं अगर आप करवा चौथ पर सूट पहनने का सोच रही हैं और रॉयल लुक चाहती हैं तो आप अफगानी सूट स्टाइल कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले अफगानी सूट दिखा रहे हैं जो आप करवा चौथ के मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। ये सूट न्यू लुक पाने के लिए बेट्स ऑप्शन हो सकते हैं और इस तरह के सूट में आप भीड़ से अलग नजर आएंगी।

## प्रिंटेड अफगानी सूट

अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के प्रिंटेड अफगानी सूट स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सूट में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। इस सूट को करवा चौथ पर दिन में होने वाली पूजा के दौरान वियर कर सकती हैं और इस सूट को 1,500 से 3,000 रुपये में खरीद सकती हैं।

## सिल्क प्रिंटेड अफगानी सूट

यह सिल्क फैब्रिक वाला अफगानी सूट भी आप करवा चौथ पर स्टाइल कर सकती है। यह सूट सिल्क फैब्रिक में है और इस सूट बेहद ही खूबसूरत ब्लाक प्रिंट में है। इस तरह का सूट आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा और इस सूट को आप 2,500 रुपये की कीमत मिल जाएंगी।

## एम्ब्रॉयडरी अफगानी सूट

यह एम्ब्रॉयडरी अफगानी सूट भी आप करवा चौथ पर न्यू लुक पाने के लिए आप वियर कर सकती हैं। इस सूट में बेहद ही खूबसूरत एम्ब्रॉयडरी की गई है। जिसमें आपका लुक रॉयल नजर आएगा। इस सूट को अप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 2,500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।



# करवाचौथ के लिए खास हैं जॉर्जेट साड़ी की ये डिजाइंस

**करवा चौथ पर ज्यादातर महिलाएं इस दिन साड़ी पहनना पसंद करती हैं लेकिन कुछ महिलाएं औसत से कम हाइट होने की वजह से साड़ी पहनने से हिचकने लगती है। उन्हें लगता है कि साड़ी उन पर अच्छी नहीं लगेगी या फिर साड़ी सिर्फ लम्बी हाइट की महिलाओं पर अच्छी लगती है लेकिन ऐसा नहीं है। आप अगर किसी भी ड्रेस को कुछ बेसिक स्टाइलिंग टिप्स के साथ कैरी करते हैं, तो आप पर हर ड्रेस अच्छी लगती है। साड़ी के साथ भी ऐसे ही कुछ स्टाइलिंग टिप्स जुड़ें हैं।इलिंग टिप्स जुड़ें हैं।**

## फ्लोरल डिजाइन जॉर्जेट साड़ी

फ्लोरल डिजाइन एवरग्रीन फैशन ट्रेंड में रहता है। इस तरह की साड़ी में आपको ज्यादातर बॉर्डर और साड़ी के पल्लू में देखने को मिलेगा। वहीं सोबर लुक चाहती हैं तो इसमें आप पेस्टल कलर कॉम्बिनेशन की साड़ियां ट्राई कर सकती हैं। लुक में जान डालने के लिएपर्ल ज्वेलरीको स्टाइल कर सकती हैं। मेकअप के लिए ग्लॉसी लुक को ट्राई कर सकती हैं।

## गोटा-पट्टी डिजाइन जॉर्जेट साड़ी

फैंसी डिजाइन में साड़ी ढूंढ रही हैं तो किसी भी प्लेन साड़ी में अपनी पसंद की गोटा-पट्टी लेस लगवा सकती हैं। इसमें आप एक से ज्यादा डिजाइन की लेस भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी के साथ में आप कानों में गोल्डन झुमकी को पहन सकती हैं। देखने में इस तरह का लुक काफी मिनिमल और फैंसी लुक देने में मदद करता है।

## मल्टी-शेड जॉर्जेट साड़ी

आखिरी साल आलिया भट्ट ने एक फिल्म के दौरान एक के बाद एक जॉर्जेट साड़ी को पहना था, जिसके बाद बॉलीवुड स्टाइल प्लेन साड़ी काफी चर्चा में नजर आई हैं। ऐसे में मल्टी-शेड के कलर कॉम्बिनेशन वाली साड़ी को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। इस तरह की साड़ी के साथ में आप बोहो ज्वेलरी पहन सकते हैं।



# ऐसे करें अपना श्रृंगार नहीं हटेगी पति की नजर

**सुहागिनों का सबसे बड़ा पर्व माने जाने वाला करवा चौथ शादीशुदा महिलाओं के लिए बहुत खास माना जाता है. हिलाएं करवा माता और शिव-पार्वती से अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं.इस दिन सभी सुहागिन महिलाएं पूरा दिन निर्जला व्रत रखती और रात में चांद दिखने के बाद ही पानी या अन्न ग्रहण करती हैं. करवाचौथ में शिव-पार्वती, कार्तिक और करवा चौथ माता की पूजा की जाती है.**

करवा चौथ के दिन महिलाएं 16 श्रृंगार कर दुल्हन की तरह खुद को संवारती हैं. करवा चौथ के समय पार्लर और ब्यूटी शॉप पर महिलाओं की खासा भीड़ लगी रहती है.लेकिन इस साल कोरोना के कारण पार्लर जाना सुरक्षित नहीं है.तो ऐसे में हम आपके लिए कुछ खास ब्यूटी टिप्स लाए है, जिसे अपनाकर आप करवा चौथ के दिन एकदम परफेक्ट लग सकती हैं.

## हाथों में लगाएं मेहंदी

मेहंदी हर त्योहार और सुहागिनों की पहचान होती है इसलिए करवाचौथ से एक दिन पहले अपने हाथों में मेहंदी जरूर लगाएं. मेहंदी मोहब्बत की पहचान है, क्योंकि इसके रंग की गहराई ये बताती है कि पति अपनी पत्नी को कितना प्यार करता है.

## निखारें अपने हाथ और पैरों को

अपने हाथों और पैरों को और अधिक सुंदर बनाने के लिए आप वैक्सिंग, मैनिक्योर, पेडिक्योर आदि भी करा सकती हैं.नाखूनों के लिए बहुप्रचलित नेल आर्ट की ओर भी आप रुख कर सकती हैं.

## फेश पैक का करें इस्तेमाल

त्वचा को स्वस्थ रखने और इसमें चमक बनाए रखने के लिए यह बहुत जरूरी है कि आप अधिक से अधिक पानी पीएं.मुल्तानी मिट्टी के साथ शहद वाले घर में बने घरेलू पैक का इस्तेमाल करें.अपने रोजाना की डाइट में फल और हरी सब्जियां लें.

## ऐसे सजाएं अपनी आंखों को

रंगीन र
रंग के आइ लाइनर का इस्तमाल करें.आप डबल आई लाइनर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं.पहले साधारण ब्लैक लाइनर का इस्तेमाल करें और फिर उसके ऊपर रंगीन लाइनर का.अगर आप वाकई आई शैडो का इस्तेमाल करना चाहती हैं तो फिर आप कच्चे रंग को चुनें या फिर उसके ऊपर भूरा या काले रंग का इस्तेमाल स्मूक के तौर पर करें. आंख के बीचो-बीच कुछ ऐसे रंग का इस्तेमाल करें जो सबका ध्यान खींचे.

## इन लिपिस्टिक को करें ट्राई

लिप्स यानी होंठ हमेशा ही आपके लुक को पूरा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.मरून और लाल रंग की लिपिस्टिक का इस्तेमाल यहां न करें.किसी दूसरे मुख्य रंगों में से एक को चुनें, जैसे गहरा भूरा, बरगंडी ताकि आप कुछ अलग और आकर्षक लग सकें.

## चेहरे को ऐसे बनाएं सुंदर

चेहरे पर फाउंडेशन एकसार लगाएं जिससे कि आपका मेकअप ज्यादा भड़कीला नहीं लगे.इसके बाद कॉम्पैक्ट पाउडर से टचअप करें.वहीं चेहरे की ड्राईनेस दूर करने के लिए क्रीम या लोशन लेकर हल्के हल्के हाथों से लगाएं.इससे आपकी स्किन को नमी बरकरा रहेगी और मेकअप लंबे समय तक बना रहेगा.





# करवाचौथ पर ट्राई करें ये हेयर स्टाइल्स

करवाचौथ पर एथनिक आउफिट्स के साथ जूलरी और हेयर स्टाइल पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है.खासतौर पर एथनिक आउटफिट्स पर हेयर स्टाइल का एक खास रोल है लेकिन फिर भी कई बार ऐसा होता है कि हम आउटफिट के साथ मैचिंग जूलरी का तो खास ख्याल रखते हैं लेकिन बालों पर सिर्फ शैम्पू और कंडीशनर करके इन्हें भूल जाते हैं.ऐसे में करवा चौथ के लिए हम आपको सजेस्ट कर रहे हैं कुछ हेयर स्टाइल्स आप इनमें से कोई भी एक हेयर स्टाइल पिक कर सकते हैं.

## मेसी बन

आपने अगर सिर्फ सेलिब्रिटीज को ही इस लुक में देखा है, तो इस बार आप खुद भी इस हेयर स्टाइल को खुद पर अप्लाई करके देखें.एथनिक आउटफिट्स खासकर साड़ी, लहंगा-चोली के साथ मेसी बन से लुक बहुत अच्छा लगता है.

## वेव वॉटरफॉल

इस हेयर स्टाइल में आपने कृति सेनन को देखा होगा.इस हेयर स्टाइल में बाल वेवी बनाकर आपको सारे बाल एक साइड करने होते हैं.आप चाहें, तो अपर साइड में एक फ्रेंच स्टाइल चोटी भी बना सकते हैं.

## फिशटेल

यह हेयर स्टाइल कुर्ती या फिर सलवार-कमीज के साथ बहुत अच्छा लगता है.इस हेयर स्टाइल में आपको एक साइड से चोटी करनी होती है. आलिया भट्ट ने कई फिल्मों में इस हेयर स्टाइल को अप्लाई किया है.

## ट्रेडिशनल बन विद गजरा

यह हेयर स्टाइल कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होता.आपको ट्रेडिशनल बन यानी जूड़ा बनाकर इसमें गजरा सेट करना है.आपको अगर गजरा हैवी लगता है या फिर पसंद नहीं है, तो फिर ट्रेडिशनल बन में आप गुलाब का फूल भी लगा सकते हैं





## संक्षिप्त खबरें

### रील्स बनाने में पेड़ से टकरायी बाइक, एक की मौत

**उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)।** उदाकिशुनगंज थाने के आलमनगर-बुधमा पथ पर कुस्थनी गांव के पास रील्स बनाने के दौरान सड़क किनारे पेड़ से बाइक टकरा गयी, जिससे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। वहीं दूसरा जख्मी हो गया। लोगों ने घटना की जानकारी बुधमा कैंप पुलिस को दी। मौके पर कैंप पुलिस प्रभारी अजीत कुमार ने घायल को आलमनगर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। मृतक सहरसा के काशनगर थाना क्षेत्र की पड़ड़िया पंचायत वार्ड 16 निवासी जयनंदन पासवान का पुत्र लवकुश कुमार है, जबकि घायल केदार पासवान का पुत्र आदित्य कुमार है। लोगों ने बताया कि बेलदौर थाने के महिनाथनगर निवासी माना कुमार साह से बाइक मांगकर युवक लाया था।

### दुर्गा मंदिर की दानपेटी से एक लाख की चोरी

**रामपट्टी (मधुबनी)।** राजनगर थाना क्षेत्र के रामपट्टी दुर्गा मंदिर में बीते मंगलवार की रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने मंदिर की दानपेटी को तोड़ कर उसमें रखी नकदी ले लिया। दान पेटी में कम से कम एक लाख रुपये थे। चोर मंदिर के पीछे की ओर से आये और मंदिर में घुसे। चोरों ने मंदिर कार्यालय का ताला तोड़कर भीतर रखी दान पेटी को तोड़ दिया व उमसें रखी नकदी ले लिया।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की गयी जान

**ताजपुर (समस्तीपुर)।** बंगरा थाना क्षेत्र के सिरसिया में युवक की मौत जहरीला पदार्थ खाने से हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान उमेश शर्मा के पुत्र धर्मेंद्र कुमार के रूप में की गयी है। बताया जाता है कि युवक की पत्नी बच्चों के साथ मायके गयी थी। घर में युवक अकेला था। देर रात स्थानीय लोग गये तो उसकी स्थिति को गंभीर बनी हुई थी।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा 20 हजार का इनामी अपराधी

**चनपटिया (पचं)।** कुमारबाग थाने में दर्ज मामले में वांछित व 20 हजार के इनामी अपराधी हिमांशु सिंह की गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर वन के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया था। बुधवार को हिमांशु सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार पिछले माह एक ठेकेदार के मुंशी को कुछ बदमाशों ने कुमारबाग थाना क्षेत्र के मठिया में रंगदारी के पैसे के लिए बंधक बना लिया था।

# सीएम ने 107.87 करोड़ की परियोजना का उद्घाटन व 405.52 करोड़ की योजना का किया शिलान्यास

**कटिहार।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को कटिहार जिले के बरारी प्रखंड अंतर्गत लक्ष्मीपुर पंचायत से एक साथ कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। जिसमें 107.87करोड़ की लागत से बना 52 परियोजना का उद्घाटन, 405.52 करोड़ की लागत से बनने वाली 182 योजना का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने सभी योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम स्थल बरारी के लक्ष्मीपुर से ही रिमोट कंट्रोल के माध्यम से किया। मुख्यमंत्री ने गंगा एवं कटाव से विस्थापित 5100 सौ परिवारों के बीच बासगीत पर्चा वितरण समारोह का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री नीरज सिंह बबलू, लेसी सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री सह कटिहार सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, बरार विधायक विजय सिंह निषाद, कोढ़ा विधायक कविता पासवान, प्राणपुर विधायक निशा सिंह, एमएलसी अशोक अग्रवाल उपस्थित तब।



मुख्यमंत्री ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया उनमें ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा 14 ग्रामीण क्षेत्रों में 47.62 करोड़ की लागत से बना सड़कों का निर्माण, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 5.23 करोड़ की लागत से बना एक जिला अतिथिगृह का अतिरिक्त भवन, नियोजन एवं प्रशिक्षण निदेशालय (श्रम संसाधन विभाग) द्वारा 5.93 करोड़ की लागत से महिला आईटीआई में टैक लैब एवं वर्कशॉप (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस), योजना एवं विकास विभाग द्वारा 0.997 करोड़ की लागत से संयुक्त योजना भवन, पंचायती राज विभाग द्वारा 38.56 करोड़ की लागत से 11 पंचायत सरकार भवन एवं अन्य, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा 9.53 करोड़ की लागत से तीन मॉडल थाना शामिल है। मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज के कार्यक्रम में पांच हजार से भी ज्यादाकटाव पीड़ित परिवारों को जमीन का पर्चा दिया जा रहा है। कटिहार में स्वंय सहायता समूह से जुड़ी जीविका दीदियों को आगे काम बढ़ाने के लिए 150 करोड़ से ज्यादा की सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। सतत जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत लगभग 900 परिवारों को अपना रोजगार शुरू करने के लिए लगभग चार करोड़ रुपये की राशि दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि कटिहार जिले में गंगा एवं कोशी नदियों के कटाव के कारण विस्थापित परिवारों को रहने हेतु भूमि उपलब्ध नहीं होने की बात बताई गई थी। मुझे संतोष है कि सभी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।

बाढ़ प्रभावित लोगों की खाने एवं उनके पशुओं की चारे की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि ये सब पहले नही होता था। 2005 से जब बिहार में एनडीए की सरकार बनी है तब से एक एक समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

## विधायक से मांगी 25 लाख की रंगदारी, आरोपित धराया

**सीतामढ़ी।** बाजपट्टी विधायक मुकेश कुमार से बदमाशों ने मोबाइल के वाट्एएप पर कॉल कर 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। रंगदारी मांगने वाले ने खुद को सोनू झा का शूटर बताया है। इस संबंध में विधायक के निजी सहायक अभिराम पांडेय ने बुधवार को नानपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शातिर बदमाश रघुवंश कुमार झा को गिरफ्तार कर लिया है। वह कटिहार जिले के फलका थाने की पंचायत सौहथा वार्ड नंबर 13 निवासी गोपाल झा का पुत्र है। प्राथमिकी में बताया है कि गत 15 अक्तूबर 2024 को रात्रि 7.50 बजे विधायक मुकेश कुमार यादव के मोबाइल 9471230325 पर वाट्सएप कॉल आयी। कॉल रिसीव किया, तो कॉल करने वाले ने खुद को सोनू झा का शूटर बताया। गाली-गलौज करते हुए 25 लाख रंगदारी नहीं देने पर विधायक को गोली मारने की धमकी दी। घटना से एसपी को अवगत कराया गया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई कर कॉल करने वाले व्यक्ति की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जिस मोबाइल से रंगदारी की मांग की गयी थी।

### इधर, जदयू विधायक व निजी सहायक को मिली धमकी

**सीतामढ़ी।** मोस्ट वांटेड बदमाश सरोज राय ने रून्नीसैदपुर से जदयू विधायक पंकज कुमार मिश्रा व उनके निजी सहायक मनीष कुमार को सड़क निर्माण में रंगदारी नहीं मानने पर हत्या की धमकी दी है। सरोज ने दोनों लोगों से एक सड़क निर्माण कार्य से अलग रहने या कार्य कराने पर कमीशन मांगा है। कमीशन पूरा नहीं करने पर हत्या की धमकी दी गयी है। इस संबंध में विधायक के निजी सहायक मनीष कुमार ने रून्नीसैदपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। निजी सहायक मनीष कुमार मुजफ्फरपुर जिले के बरूराज थाने के बरूराज कोठियां के राम विनोद शाही के पुत्र हैं।

## व्यवसायी ने नदी में छलांग लगा दी जान

**मुजफ्फरपुर।** अहियापुर के शिवराहा चतुर्भुज गांव के रहने वाले शहद व्यवसायी अमरेश कुमार (45) ने अखाड़ाघाट पुल से बूढ़ी गंडक नदी में छलांग लगा कर अपनी जान दे दी।

घटना मंगलवार की रात 11:30 बजे के आसपास की है। अमरेश की बुलेट लावारिस हालत में पुल पर मिलने के बाद सिकंदरपुर पुलिस गाड़ी को जब्त कर थाने ले गयी थी। परिजन व पुलिस अमरेश की तलाश में जुटे हुए थे। बूढ़ी गंडक नदी में खोजबीन के लिए बुधवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। मुसहरी तक नदी में खोजबीन की। लेकिन, कुछ पता नहीं चल पाया। इस बीच दोपहर साढ़े तीन बजे सकरा के मीरापुर के वार्ड नंबर - 10 स्थित गौड़ घाट के पास नाविक नदी में एक शव उपलाता देखा। उसको नदी से बाहर निकाल कर साइड में रखा। वार्ड मेंबर से सूचना मिलने के बाद सकरा थाने के दारोगा पहुंचे।

## पेज एक का शेष

### अब 'अंधा' नहीं...

**नई न्याय की देवी का चौतरफा स्वागत :** मुख्य न्यायाधीश न्यायिक प्रक्रिया में अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही परिपाटी को बदलकर उसमें भारतीयता का रंग घोलने की पहल में जुटे हुए हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। न्याय की मूर्ति में किए गए इन बदलावों के जरिए वह संविधान में समाहित समानता के अधिकार को जमीनी स्तर पर लागू करना चाहते हैं। इन बदलावों का चौतरफा स्वागत किया जा रहा है।

### वीआईपी सुरक्षा...

जिसे अब सीआरपीएफ ने टेकओवर कर लिया है। एएसएल मतलब किसी वीआईपी के किसी जगह पहुंचने से पहले उस जगह की छानबीन, सिक्योरिटी जांच, लोकेशन आदि की सुरक्षा जांच होती है। सीआरपीएफ अब ये सारा काम इन दोनों नेताओं के लिए करेगी। इसके पहले सीआरपीएफ अभी तक एएसएल का काम गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और गांधी परिवार के तीनों सदस्य।

**एनएसजी से बनाई जाएगी खास स्ट्राइक टीम :** सरकार की योजना है कि एनएसजी कमांडों में से चुने हुए जवानों की खास एलीट फोर्स बनाई जाएगी। जिसे स्ट्राइक टीम कहा जाएगा। ताकि हाई-रिस्क एरिया की सिक्योरिटी या आतंकी हमले का जवाब देने लायक टीम बन सके। ये टीम अयोध्या के राम मंदिर समेत देश के सभी महत्वपूर्ण इमारतों की सुरक्षा भी करेगी। एनएसजी को दो दशक पहले वीआईपी सिक्योरिटी में लगाया गया था।

### पूर्व सीएम चंपाई सोरेन...

**अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं :** चंपाई सोरेन ने अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान किए गए कामों की चर्चा करते हुए कहा कि हमेशा, हर किसी के मुद्दों/शिकायतों को सुनने तथा उनका समाधान तलाशने के लिए प्रयासरत रहा हूं। हमारे कार्यकाल में दर्जनों डिग्री कॉलेज, पॉलीटेक्निक तथा अन्य शिक्षण संस्थानों का निर्माण शुरू किया गया था। हमारे पांच महीनों के अल्पकालिक कार्यकाल के दौरान शुरू की गई विभिन्न नियुक्ति प्रक्रियाओं को रोकने की जद्दोजहद ने ना सिर्फ आपको, बल्कि मुझे भी खासा निराश किया है।

**बीजेपी के सत्ता में आने से होगा व्यवस्था परिवर्तन :** बीजेपी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में जब हम परिवर्तन की बात करते हैं, तब हमारा मकसद सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था में परिवर्तन लाना है। हमलोग एक ऐसी व्यवस्था बनाएंगे, जहां क्लर्क से लेकर सीएम तक, हर कोई आपकी शिकायतों को सुने एवं पूरी ईमानदारी के साथ उन पर कार्रवाई करे।

**पेपर लीक पर किया वार :** चंपाई सोरेन ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि आइये साथ मिलकर हम एक ऐसी सरकार बनाते हैं, जो कैलेंडर बनाकर, पारदर्शिता से सभी नियुक्ति प्रक्रियाओं को पूरा करवाएगी। एक ऐसी व्यवस्था बनाते हैं, जिसमें सिर्फ योग्य एवं प्रतिभाशाली छात्रों का चयन हो तथा पेपर लीक एवं भ्रष्टाचार का कोई स्थान न रहे।

**बीजेपी की सरकार बनते ही भरे जाएंगे सारे रिक्त पद :** चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा की सरकार आने के तुरंत बाद 2.87 लाख नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके साथ ही 5 लाख युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाये जाएंगे। ताकि वैसे लोग भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें, जो किसी कारणवश नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकते।

फर्स्ट टाइम वोटर से की ये अपील : उन्होंने फर्स्ट टाइम वोटर से बीजेपी को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा इससे पीएम नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत होंगे। उन्होंने नया झारखंड बनाने की बात कही। इसमें लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

### हरियाणा की तरह...

उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार बढ़ा है, दलितों व महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है। इसलिए इस सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है।

अनुसूचित जाति मोर्चा ने किया बेहतर प्रदर्शन : हरियाणा में अनुसूचित जाति मोर्चा ने बेहतर प्रदर्शन कर वहां बीजेपी की सरकार बनाने का काम किया है। झारखंड में भी एससी मोर्चा बेहतर प्रदर्शन करते हुए एनडीए गठबंधन की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि मोदी है, तो मुमकिन है और कमल का निशान सुशासन व विकास का निशान है।

विधायक ने कहा- हेमंत सरकार से जनता त्रस्त : विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि झारखंड में अंधी, गुंगी व बहरी सरकार से जनता त्रस्त है। इसलिए झारखंड में विकास के लिए डबल इंजन की सरकार बनाना आवश्यक है। सम्मेलन की अध्यक्षता मोर्चा के जिलाध्यक्ष परेश चंद्र दास, संचालन बप्पी बाउरी व धन्यवाद ज्ञापन नरेंद्र कुमार हरि ने दिया।

### देवघर के सिविल सर्जन...

इस बीच इनके गॉल ब्लॉरडर का ऑपरेशन हुआ था। इसके कारण आवेदक ने 24 दिन की देरी से 3 जुलाई, 2024 को प्रमाण पत्र रिनुअल का आवेदन सिविल सर्जन कार्यालय को दिया था।

काफी दिन के बाद भी जब इनके आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तब वे सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा से मिले। सिविल सर्जन ने आवेदक के नर्सिंग होग का प्रमाण पत्र रिनुवल के लिए 1 लाख रुपये की मांग की। आवेदक के आरजू विनती करने पर डॉ रंजन ने कहा कि तीन-चार बार में उक्त राशि दे देना, रिनुअल हो जायेगा। परिवादी घूस नहीं देना चाहते थे। इस मामले का सत्यापन कराया गया। सत्यापन के क्रम में आरोपी सिविल सर्जन डॉ रजन सिन्हा द्वारा घूस की रकम 1 रुपये से बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये करने की पुष्टि हुई थी। आरोपी द्वारा आवेदक को घूस की रकम की प्रथम किस्त 70,000 रुपये के साथ 16 अक्टूबर, 2024 को देवघर जिले के कालीबाड़ी, बेलाबगान स्थित उनके आवास के नवजीवन हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर पर बुलाया था।

परिवादी के लिखित आवेदन एवं सत्यापनकर्ता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर एसीबी ने 15 अक्टूबर, 2024 पंजीकृत किया। प्राथमिकी अभियुक्त डॉ रंजन सिन्हा को एसीबी दुगका टीम द्वारा 70.000 रुपये घूस लेते 16 अक्टूबर, 2024 को रगे हाथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### छह फसलों का न्यूनतम...

कैबिनेट समिति की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज इसकी घोषणा की।

गेहूं के लिए एमएसपी में 150 रुपये का इजाफा : एक अधिसूचना जारी कर सरकार ने बताया कि गेहूं के लिए एमएसपी 2275 रुपये से बढ़ाकर 2425 रुपये प्रति क्विंटल की गई है। वहीं, जौ का एमएसपी 1850 रुपये से बढ़ाकर 1980 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

चना पर 210 रुपये अधिक मिलेंगे : चने पर एमएसपी 5440 रुपये से बढ़ाकर 5650 रुपये प्रति क्विंटल की गई है। दाल (मसूर) पर एमएसपी 6425 रुपये से बढ़ाकर 6700 रुपये प्रति क्विंटल की गई है। सरसों पर एमएसपी 5650 रुपये से बढ़ाकर 5950 रुपये प्रति क्विंटल की गई। वहीं, सूरजमुखी पर एमएसपी 5800 रुपये से बढ़ाकर 5940 रुपये प्रति क्विंटल की गई है।

रबी फसलों के लिए एमएसपी में यह बढ़ोतरी केंद्र सरकार के 2018-19 के बजट में की गई घोषणा के अनुरूप है, जिसमें एमएसपी को उत्पादन की कुल लागत से कम से कम डेढ़ गुना तय करने की बात की गई थी। एमएसपी में बढ़ोतरी से किसानों न केवल फसलों के लिए बेहतर कीमत मिलेगी, बल्कि यह फसल विविधता को भी प्रोत्साहित करेगा। इससे कृषि क्षेत्र में स्थिरता आएगी और किसानों की आय में सुधार होगा।

इस नई एमएसपी वृद्धि से उम्मीद की जा रही है कि किसान अपनी उपज पर औसत उत्पादन लागत से 105 फीसदी अधिक लाभ हासिल कर सकेंगे। इसी तरह, सरसों पर 98 फीसदी, मसूर पर 89 फीसदी, चना और जौ पर 60 फीसदी और सूरजमुखी पर 50 फीसदी होगा।

मल्टीट्रैकिंग परियोजना को लेकर जताई खुशी : इसके साथ ही पीएम मोदी ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की ओर से गंगा नदी पर एक नए रेल-सह-सड़क सेतु सहित वाराणसी-पं.दीन दयाल उपाध्याय मल्टीट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी दिए जाने पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे तीर्थयात्रियों, पर्यटकों और क्षेत्र के लोगों को बेहतर संपर्क मिलने के साथ ही रोजगार और कारोबार के नए-नए अवसर भी बनेंगे। उन्होंने कहा कि काशीवासियों की सुख-सुविधा के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में गंगा पर एक रेल-सड़क पुल को मंजूरी दी गई है। इससे तीर्थयात्रियों, पर्यटकों और यहां के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलने के साथ ही रोजगार और कारोबार के नए-नए अवसर भी बनेंगे।

### तीन प्रतिशत बढ़ा...

इससे पहले बीते 24 मार्च 2024 को केंद्रीय कर्मचारियों को 4% DA Hike का तोहफा दिया था। इस इजाफे के साथ उन्होंने मिलने वाला महंगाई भत्ता 46% से बढ़ाकर 50% कर दिया गया था। अब ताजा इजाफे के बाद ये बढ़कर 53 फीसदी हो गया है।

**3 महीने का एरियर भी मिलेगा :** मोदी सरकार द्वारा महंगाई भत्ते में किए गए इजाफे के बाद अब केंद्रीय कर्मचारियों को तीन महीने का एरियर भी मिलेगा। इसके तहत कर्मचारियों को मिलने वाली अक्टूबर की सैलरी में जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने का एरियर भी जुड़कर आएगी। यानी दिवाली के मौके पर उनके हाथ में मोटी रकम आएगी। यहां बता दें कि कर्मचारियों को मिलने वाले डीए की गणना अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से संबंधित होती है, जो बीते 12 महीनों में रिटेल इन्फ्ले शन को ट्रैक करता है। दुनिया के महंगाई के दबाव और बढ़ती लागतों के साथ, यह निर्णय देश भर में घरेलू बजट के मैनेजमेंट के लिए महत्वपूर्ण है।

### भाजपा ने 20...

झारखंड को भाजपा ने 20 वर्षों तक दोनों हाथों से लूटने, सुखाने और इसकी जड़ों पर मट्ठा डालने का काम किया था। यही कारण था कि युवा झारखंड में गरीब, वंचित और शोषित वर्ग के लोग सामाजिक सुरक्षा जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए तरसते थे। हमारे आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक खोई हुई पहचान के लिए तरसते थे। राज्य के नौनिहाल अच्छी शिक्षा, होनहार युवा नौकरी और रोजगार के लिए तरसते थे। मेहनतकश किसान कर्ज के बोझ तले दबे जाते थे। मातायें-बहनें मान-सम्मान और स्वाभिमान के लिए तरसतीं थीं। मजदूर भाई-बहन अपनी पहचान और जल-जंगल-जमीन अपनी अस्मिता के लिए तरसते थे।

**गरीबों को सामाजिक सुरक्षा दिए बिना राज्य नहीं बढ़ सकता आगे :** मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि गरीब, वंचित और शोषित वर्ग के लोगों की सामाजिक सुरक्षा जब तक सुनिश्चित नहीं होती, उनका रोटी-कपड़ा और मकान सुनिश्चित नहीं होता, तब तक कोई राज्य आगे नहीं बढ़ सकता है। इसलिए उन्होंने हर वर्ष राज्य के कोने-कोने में सरकार आपके द्वार के महाअभियान के तहत लाखों लोगों को सर्वजन पेंशन योजना, हरा राशन कार्ड, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, अबुआ आवास योजना जैसी कई कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा। लाखों परिवारों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली और बकाया बिजली बिल माफ कर महंगाई के इस दौर में थोड़ी राहत देने का भी काम किया।

### उमर अब्दुल्ला ने ली...

मुख्यमंत्री के तौर पर उमर अब्दुल्ला के अलावा नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता सकीना इट्टू, जावेद राणा, जावेद अहमद डार और सतीश शर्मा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। सुरिंदर चौधरी ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

इस अवसर पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा, जेकेएनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, सीपीआई नेता डी राजा सहित इंडिया गठबंधन के अन्य नेता भी मौजूद रहे। उमर अब्दुल्ला के जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमें खुशी है कि हमारा गठबंधन सहयोगी सीएम बना और लंबे समय के बाद यहां लोकतंत्र स्थापित हुआ है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यहां राज्य का दर्जा बहाल हो।

### नायब सिंह सैनी...

**सैनी के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे पीएम मोदी :** शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे। राज्य की 90 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को 48 सीट पर जीत मिली है, जबकि कांग्रेस ने 37 सीट प्राप्त की है।

### भारत ने...

जयशंकर ने कहा कि सहयोग आपसी सम्मान और संप्रभुता की समानता पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि समूह आपसी भरोसे के आधार पर मिलकर आगे बढ़ता है, तो एससीओ सदस्य देशों को काफी लाभ हो सकता है। बता दें, सम्मेलन से पहले प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने जयशंकर से हाथ मिलाया और शिखर सम्मेलन स्थल जिन्ना कन्वेंशन सेंटर में उनका और एससीओ के अन्य सदस्य देशों के नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया।

### बिहार में जहरीली...

सीवान के डीएम मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया, ₹बुधवार सुबह करीब 7।30 बजे सूचना मिली कि मगहर और औरिया पंचायत में रहस्यमय परिस्थितियों में तीन लोगों की मौत हो गई। अफसरों की एक टीम तुरंत इलाके में भेजी गई और 12 और लोगों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनमें से एक व्यक्ति की रास्ते में ही मौत हो गई।

डीएम ने कहा कि सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घटना का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चल सकेगा। गुप्ता ने आगे कहा कि कुछ पीड़ितों को बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल (पीएमसीएच) रेफर कर दिया गया।

**मृतकों का नहीं किया खुलासा :** अधिकारियों ने मृतकों और इलाजरत लोगों की पहचान का खुलासा नहीं किया है। वहीं, इस घटना को लेकर ग्रामीणों का दावा है कि मृतकों की संख्या जिला प्रशासन द्वारा पुष्टि की गई संख्या से ज्यादा है। जहां एक तरफ पीड़ितों के परिवार यह दावा कर रहे हैं कि यह जितनी भी मौत हुई है वो जहरीली शराब पीने से हुई है। वहीं, डीएम गुप्ता ने जोर देकर कहा कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। हालांकि, घटना के कारणों की पुष्टि करने के लिए अफसर फिलहाल स्थिति की जांच कर रहे हैं। सीवान में भयावह स्थिति को देखते हुए, डीएम ने प्रभावित गांवों में एंबुलेंस तैनात कर दी है।

सारण में जिले में जहरीली शराब पीने से इन लोगों की हुई मौत : वहीं, सारण जिले के इब्राहिमपुर गांव में मंगलवार शाम जहरीली शराब पीने से एक लोग की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। मृतक की पहचान लतीफ मियां के बेटे इस्लामुद्दीन के रूप में हुई है, जबकि दो अन्य शमशाद अंसारी और मुमताज अंसारी की हालत नाजुक है। इन दोनों को इलाज के लिए सदर हॉस्पिटल छपरा में भर्ती कराया गया है। छपरा (हेडक्वार्टर) के एएसपी राकेश कुमार ने कहा, ₹हमें मंगलवार को शराब पीने वाले तीन लोगों के बारे में जानकारी मिली है। उन्हें सदर हॉस्पिटल छपरा में भर्ती कराया गया और उनमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई।₹

जांच में जुटे अफसर : सीवान और सारण में हुई दोनों घटनाओं की फिलहाल जांच चल रही है। अफसर मौतों के सही कारणों का पता लगाने में जुटे हुए हैं। मेडिकल जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है, ताकि यह साफ हो सके कि घटना के लिए सीधे तौर पर जहरीली शराब जिम्मेदार है या नहीं।

### मुख्य चुनाव आयुक्त...

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गिरीश गोस्वामी ने बताया कि मुनस्यारी से 42 किलोमीटर पहले रालम गांव में ऊंचाई वाले क्षेत्र में प्रतिकूल मौसम के समय जब हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारना पड़ा, तब वह मिलम हिमनद के रास्ते में था। उन्होंने बताया कि उस वक्त घने बादल छाए हुए थे और दृश्यता बहुत कम थी।

हेलीकॉप्टर में सवार थे तीन लोग : जिलाधिकारी गोस्वामी ने बताया कि हेलीकॉप्टर में उत्तराखंड के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे भी थे। जिलाधिकारी ने कहा कि रालम में एक हेलीपैड पर सुरक्षित उतर गए हेलीकॉप्टर में चालक के अलावा तीन व्यक्ति सवार थे। उन्होंने बताया कि सभी व्यक्ति सुरक्षित हैं।

सभी सुरक्षित : गोस्वामी ने बताया कि उनके पास सैटेलाइट फोन सहित अन्य आवश्यक संचार उपकरण हैं। उन्होंने कहा, मैंने मुख्य चुनाव आयुक्त से दो बार बात की है। वे सभी सुरक्षित हैं। आयुक्त और उनकी टीम मुनस्यारी से मिलम के लिए दोपहर एक बजे रवाना हुए थे और उनके हेलीकॉप्टर को करीब डेढ़ बजे आपात स्थिति में उतारना पड़ा।

### झारखंड पार्टी ने...

एनोस एक्का झारखंड सरकार में मंत्री भी रहे। अब झापा ने राज्य में 20 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने का एलान किया है। पार्टी के अध्यक्ष एनोस एक्का ने बुधवार को रांची में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पांच सीटों के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। इनमें से दो सीटों पर एनोस एक्का के पुत्र और पुत्री का नाम शामिल है। झारखंड पार्टी की ओर से कोल्हान प्रमंडल की चाईबासा सीट से कोलंबस हांसदा, मनोहरपुर से महेंद्र जमुदा को मैदान में उतारने का ऐलान किया गया। इसके अलावा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सिमडेगा से आयरिन एक्का, कांके से अनिल कुमार पासवान और कोलेबिरा से संदेश एक्का को उम्मीदवार बनाया गया है।

पुत्री सिमडेगा और पुत्र कोलेबिरा से चुनाव मैदान : एनोस एक्का के पुत्र संदेश एक्का कोलेबिरा विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में होंगे। इस सीट से एनोस एक्का तीन बार चुनाव जीत चुके है। लेकिन पिछली बार एनोस एक्का की पत्नी को हार का सामना करना पड़ा। वहीं एनोस एक्का की पुत्री आयरिन एक्का सिमडेगा से चुनाव लड़ेंगी। आयरिन पिछली बार भी सिमडेगा सीट से चुनाव लड़ी, लेकिन सफलता नहीं मिली थी।

समान विचारधारा वाले दलों से तालमेल : झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि पार्टी झारखंड के हितों की बात करने वाले और समान विचारधारा वाले दलों से गठबंधन की पक्षधर है।उन्होंने दावा किया कि राज्य में चुनाव के बाद बनने वाली सरकार में झारखंड पार्टी अहम भागीदार होगी।

पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा के पुत्र राजकुमार मुंडा झापा में : झारखंड पार्टी की ओर से रांची के कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में आयोजित मिलन समारोह में झारखंड के पूर्व मंत्री स्वर्गीय रमेश सिंह मुंडा के बड़े पुत्र और तमाड़ सीट से झामुमो के विधायक विकास मुंडा के भाई राजकुमार मुंडा ने अपने समर्थकों के साथ झारखंड पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

तमाड़ में भाई-भाई का मुकाबला संभव : संभावना व्यक्त की जा रही है कि राजकुमार मुंडा तमाड़ सीट पर झारखंड पार्टी के उम्मीदवार होंगे, जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से उनके भाई और मौजूदा विधायक विकास मुंडा का भी मैदान में उतरना तय माना जा रहा है। यानी, इस सीट पर भाई-भाई में मुकाबले की तस्वीर बनती दिख रही है।

## धनबाद में 3 छात्रों ने सहपाठियों की अश्लील तस्वीर बना सोशल मीडिया पर डाला, हुए सस्पेंड

**धनबाद।** मुगमा के एक स्कूल की नौवी कक्षा के तीन छात्रों द्वारा अपनी ही कक्षा के कुछ छात्र-छात्राओं की तस्वीर को एडिट कर अश्लील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला प्रकाश में आया है।वायरल फोटो की जानकारी जब छात्रों के अभिभावकों को हुई, तो उन लोगों ने बुधवार को स्कूल पहुंचकर जमकर हंगामा किया।प्राचार्य से शिकायत की और आरोपी छात्रों पर कार्रवाई की मांग की।अभिभावकों ने आरोपी छात्रों के खिलाफ थाना में शिकायत करने की बात कही है।सूचना मिलने पर पूर्व विधायक अरूप चटर्जी व निरसा थानेदार मंजीत कुमार दलबल के साथ स्कूल पहुंचे और प्राचार्य व अभिभावकों से मामले की जानकारी ली।निरसा थानेदार ने सभी अभिभावकों को थाना पहुंचकर मामले की शिकायत देने की बात कही है।अभिभावकों ने बताया कि तीनों आरोपी छात्र निरसा के रहने वाले हैं। उन लोगों ने नौंवी कक्षा के ही करीब छह छात्रों व छात्राओं की फोटो एडिट कर अश्लील बनाकर इंटरनेट पर डाल दिया। इधर, प्राचार्य ने स्कूल परिसर में इस तरह की किसी घटना से इनकार किया है।कहा कि घटना स्कूल के बाहर की है।फिर भी तीनों छात्रों को कक्षा से सस्पेंड कर दिया गया है।

## 27 अक्टूबर को होने वाली यूपीपीसीएस परीक्षा स्थगित

**उत्तर प्रदेश।** यूपी लोक सेवा आयोग ने 27 अक्टूबर को होने वाली यूपीपीसीएस परीक्षा स्थगित कर दी है। परीक्षा दिसंबर 2024 के मध्य में होने की संभावना जताई जा रही है। लोक सेवा आयोग ने लेटर जारी कर परीक्षा स्थगित करने की जानकारी दी। परीक्षा नियंत्रक हर्ष देव पांडेय ने बताया, लोक सेवा आयोग अधिनियम 1985 में संशोधन के मद्देनजर आयोग के परीक्षा कैलेंडर 3.6.24 के अनुसार 27 अक्टूबर को आयोजित होने वाली परीक्षा स्थगित की जाती है। उन्होंने बताया, परीक्षा आगामी दिसंबर माह के मध्य तक आयोजित किए जाने की संभावना है। परीक्षार्थियों को सूचित किया गया है कि परीक्षा के आयोजन की तिथि और कार्यक्रम के संबंध में विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से अवगत करा दिया जाएगा।

## दिल्ली के तापमान में गिरावट शुरू, हवा की गुणवत्ता में भी हो रहा सुधार

नई दिल्ली । दिल्ली में तापमान में गिरावट शुरू हुई है। वहीं हवा की गुणवत्ता में कुछ सुधार हुआ है। इस बीच,पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है। इस साल की शुरुआत से 15 अक्टूबर तक पराली जलाने की 2,399 घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 2,791 घटनाएं दर्ज की गई थीं। दिल्ली में खराब होती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के पहले चरण के तहत प्रतिबंध लागू हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि सर्दियों में विशेष प्रदूषण रोधी उपायों के अंतर्गत ग्रैप के पहले चरण के तहत प्रतिबंध का उद्देश्य निर्माण स्थलों पर धूल को कम करना, उचित अपशिष्ट प्रबंधन और सड़कों की नियमित सफाई के माध्यम से प्रदूषण को नियंत्रित करना है।ग्रेप के पहले चरण में प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की सख्त जांच, बेहतर यातायात प्रबंधन और उद्योगों, बिजली संयंत्रों और ईंट भट्ठों में उत्सर्जन नियंत्रण को अनिवार्य बनाया गया है। इसके तहत 500 वर्ग मीटर या उससे ज़्यादा के आकार के प्राइवेट कंस्ट्रक्शन और डेमोलिशन प्रोजेक्ट्स पर रोक। दिल्ली के 300 किलोमीटर के दायरे में पॉल्यूशन फैलाने वाली इंडस्ट्रियल यूनिट और थर्मल पावर प्लांटों पर कार्रवाई पटाखों के प्रोडक्शन, स्टोरेज, और बिक्री पर रोक। 10-15 वर्ष पुराने डीजल/पेट्रोल वाहन पर रोक। खुले में कचरा जलाने पर रोक। खुले स्थानों पर कूड़ा-कचरा फैलाने पर रोक।

## मुंबई में 10 मंजिली इमारत में लगी आग, तीन की मौत तीन घायल

मुंबई । मुंबई के अंधेरी वेस्ट में 10 मंजिला इमारत में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। आग में झुलसने से तीन लोगों की मौत हुई है। वहीं, तीन अन्य लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान चंद्रप्रकाश सोनी (74), कांता सोनी (74) और 42 वर्षीय पेलुबेटा के रुप में हुई है। घायलों को कूपर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार, आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची। फिलहाल अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों, हाइड्रेंट, टर्नटेबल सीढ़ी और एक एम्बुलेंस मौजूद हैं। आग एक आवासीय फ्लैट तक ही सीमित है और अधिकारी स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। फिलहाल आग पर काबू पाया जा रहा है।

## मां ने रात में कंघी करने से रोका तो बेटी ने लगा ली फांसी

शहडोल । माता-पिता का समझाना आज कल बच्चों को इतना बुरा लगाता हैं कि अपनी जान तक की परवाह नहीं करते। ऐसा ही कुछ मध्य प्रदेश के शहडोल जिले से बेहद ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवती ने बालों में कंघी करने से मां के द्वारा मना करने पर सुसाइड किया। मामला छत्तीसगढ़ बार्डर पर स्थित झिकबिजुरी चौकी क्षेत्र के पथरिया टोला के जंगल का है। ग्राम कुटेला के रहने वाली एक 20 वर्षीय युवती आरती उर्फ गुड्डी को मां ने देर शाम बालों में कंघी करने से मना किया। मां की यह बात युवती को इतनी नागवारा गुजरी कि वह नाराज होकर घर से बाहर निकल गई। इसके बाद पथरिया टोला के जंगल में एक पेड़ में फांसी का फंदा बनाकर झूल गई। हालांकि पुलिस को घटनास्थल के पास कुछ आपत्तिजनक चीजें भी मिली है, जिससे ऐसा लग रहा है कि युवती के सुसाइड की वजह कुछ और भी हो सकती है। फिलहाल युवती के सुसाइड का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। वहीं, मामले में शहडोल एडिशनल एसपी अभिषेक दिवान का कहना है कि युवती के सुसाइड की जानकारी लगने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। प्रथम दृष्टया मृतका की माता द्वारा बताया गया है कि रात में कंघी करने से मना किया था जिसके बाद वह कही चली गई। इसके बाद उसका फांसी के फंदे झूलता शव मिला है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ के ग्राउंड वाटर में मिला यूरेनियम, खतरनाक बीमारियों का बढ़ा खतरा

रायपुर। एक रिसर्च में छत्तीसगढ़ के कई जिलों में ग्राउंड वाटर में जहरीले यूरेनियम की खतरनाक मात्रा का खुलासा हुआ है। दुर्ग, राजनांदगांव, कांकेर, बेमेतरा, बालोद और कवर्धा के कई गांवों के पानी में यूरेनियम की मात्रा तय मानक से तीन गुना ज्यादा पाई गई है। भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) के रसायनशास्त्र विभाग की इस रिसर्च में पाया कि पानी में यूरेनियम की मात्रा 30 पीपीबी से ज्यादा नहीं होनी चाहिए, लेकिन इन इलाकों के पानी में यह मात्रा 86 से 105 पीपीबी पाई है। इससे अगले कुछ सालों में कैंसर, किड़नी और त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा पैदा हो सकता है। बीआईटी की टीम ने 6 जिलों के गांवों में पानी के सैंपल की जांच की। बालोद जिले के देवतराई गांव का पानी सबसे ज्यादा दूषित पाया, जिसमें यूरेनियम की मात्रा 89 पीपीबी थी।

## मुर्शिदाबाद में टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में तनाव, पुलिस बल तैनात

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर में एक टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई इसके बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया है। मृतक की पहचान प्रदीप दत्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दत्ता जब सुबह की मॉर्निंग वॉक पर निकले थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोलियां बरसाईं। हमलावरों ने दत्ता पर बहुत पास से सात गोलियां चलाईं। बताया जा रहा है कि गोली चलने की आवाज सुनकर लोग अपने घर से बाहर आ गए और देखा कि दत्ता खून से लथपथ थे। उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बहरामपुर में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। वहीं पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है और हत्या के पीछे का कारण जानने की कोशिश कर रही है। वहीं हमलावरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जिला पुलिस अधिकारी ने बताया घटना की जानकारी हासिल करने स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# नीतीश के साथ फिर गठबंधन पर बोले तेजस्वी अब सवाल ही नहीं, खत्म हो गया उनका समय



**पटना (एजेंसी)।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ गठबंधन की अटकलों को खारिज कर दिया और दावा किया कि थके हुए जदयू अध्यक्ष के लिए समय आ गया है। जनवरी में जब कुमार अचानक भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में लौट आए तो यादव को उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। तेजस्वी ने कहा कि बिहार में दिन-ब-दिन कानून-व्यवस्था की स्थिति पर नजर डालें तो...ऐसा कोई विधानसभा क्षेत्र नहीं है, जहां हत्या, लूटपाट, अपहरण और बलात्कार जैसे अपराध नहीं होते हों।

राजद नेता ने दावा किया कि बड़ी मुश्किल से एफआईआर दर्ज होती है, जांच शून्य होती है, पीड़ित परिवार को कभी न्याय नहीं मिलता और आरोपी छूट जाता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति भयावह हो गई है। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार अब बिहार नहीं चला पा रहे हैं, थक चुके हैं, उनकी स्थिति हम देख सकते हैं। बांका जिले में पत्रकारों से बात करते हुए, राजद नेता ने उन्हें चुनौती दी कि वे केंद्र में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके जाति जनगणना करवाएं, साथ ही राज्य के लिए विशेष दर्जा और हाल की बाढ़ से तबाह हुए क्षेत्रों के लिए राहत पैकेज भी हासिल करें।

एक सवाल के जवाब में, अब विपक्ष के नेता, यादव ने कहा अब नीतीश कुमार के साथ हाथ मिलाने का सवाल ही नहीं उठता। उनका समय समाप्त हो गया है। वह थक गए हैं और अब बिहार पर शासन करने में सक्षम नहीं हैं। विशेष रूप से, यादव की पार्टी, जिसका नेतृत्व उनके पिता लालू प्रसाद कर रहे हैं, की जद (यू) के साथ दो साझेदारियाँ रही हैं, दोनों ही अल्पकालिक रहीं। दोनों पार्टियों ने पहली बार 2015 में गठबंधन किया था, जब गठबंधन ने विधानसभा चुनावों में शानदार जीत दर्ज की थी, हालांकि कुमार दो साल बाद एनडीए में वापस चले गए।

## योगी सरकार के मंत्री के नाम पर पोती कालिख, गेट पर लिखा चोर-बेईमान

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी में योगी सरकार के एक राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के आवास पर चोर-बेईमान लिखा गया है। इतना ही नहीं उनके आवास पर राज्यमंत्री के नेम प्लेट पर कालिख तक पोत दी गई है। यह सबकुछ कांग्रेस के नेताओं ने किया। दरअसल, कांग्रेस के नेता आक्रोशित हैं। बताया जा रहा है कि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की तरफ से कांग्रेस नेता एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी को लेकर टिप्पणी की गई थी। जिसके विरोध में राज्यमंत्री के घर पर चोर-बेईमान लिखा गया है। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह के आवास पर बुधवार को कांग्रेस नेता अनिल यादव पहुंचे। अनिल यादव ने सबसे पहले राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह के आवास पर चोर बेईमान लिखा, उसके बाद आवास पर लगे नेम प्लेट (नाम पट्टिका) पर कालिख पोत दी। खास बात यह रही कि यह सब करते हुये कांग्रेस नेता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि प्रियंका गांधी वायनाड से चुनाव लड़ने जा रही हैं, कांग्रेस ने उन्हें वायनाड लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। इसी पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने टिप्पणी कर दी। उन्होंने यह टिप्पणी अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर की है। उन्होंने लिखा है कि अन्तत: लड़की लड़ नहीं पाई और भाग ही गई वहां जहां लड़ना न पड़े। बूढ़ी जो हो गई। वहीं कालिख पोते जाने की जानकारी जब मंत्री के आवास पर मौजूद लोगों को हुई तो उन्होंने आनन-फानन में चोर-बेईमान लिखा हुआ को मिटा दिया है।

## महाराष्ट्र चुनाव के पहले अजित पवार को लगा झटका, एनसीपी के 600 से अधिक कार्यकर्ताओं ने छोड़ी पार्टी

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले अजित पवार को मंगलवार को बड़ा झटका लगा। पुणे शहर इकाई से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के 600 से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया। आक्रोशित कार्यकर्ता पुणे शहर अध्यक्ष दीपक मानकर को एमएलसी पद नहीं देने के राज्यपाल के फैसले का विरोध कर रहे थे। यह घटनाक्रम उसी दिन हुआ जब भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की।

मानकर के समर्थक मंगलवार शाम पुणे शहर के नारायणपेठ इलाके में राकांपा कार्यालय में एकत्र हुए और एक बैठक की, जहां उन्होंने अपने इस्तीफे की घोषणा की। सामूहिक इस्तीफे में शहर उपाध्यक्ष, विधानसभा क्षेत्र प्रमुख, विभिन्न सेल प्रमुख और पार्टी कार्यकर्ता जैसे प्रमुख नाम शामिल थे। विशेष रूप से, शहर इकाई ने राज्यपाल के कोटे से पार्टी को आवंटित तीन एमएलसी सीटों में से एक पर मानकर की नियुक्ति की मांग की थी। हालाँकि, राकांपा ने राजनीति में मौजूदा पारिवारिक संबंधों वाले लोगों को फिर से नामांकित करने का फैसला किया। उन्होंने निराशा



और मोहभंग व्यक्त करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और डिप्टी सीएम अजीत पवार को सौंपने के लिए एक ज्ञापन भी तैयार किया।

उन्होंने कहा कि मानकर ने पुणे शहर में राकांपा को मजबूत किया है और इसलिए वह एमएलसी सीट के हकदार हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस अपमान से भविष्य में पार्टी कमजोर होगी। अपने ज्ञापन में नेताओं ने कहा, 'हमें विश्वास था कि अजित पवार पार्टी कार्यकर्ताओं को न्याय दिलाएंगे। हालांकि, दीपक मानकर को एमएलसी सीट से वंचित कर हमारा भरोसा तोड़ दिया गया है।' इस बीच, एनसीपी पुणे शहर के उपाध्यक्ष दत्ता सागरे ने कहा, 'हमारे शीर्ष नेतृत्व द्वारा पुणे शहर के अध्यक्ष दीपक मानकर को राज्यपाल के कोटे से एमएलसी पद से वंचित किए जाने के विरोध में आज 600 पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया।'

# शर्तें मान लें, सलमान को माफ कर देगा बिश्नोई समाज

**जोधपुर (एजेंसी)।** बीते 26 साल से अभिनेता सलमान खान और बिश्नाई समाज के बीच तनातनी चल रही है। वजह ये है कि 1998 में सलमान खान ने काले हिरन का शिकार किया था। इससे विश्नाई समाज नाराज है। समाज का कहना है कि सलमान खान झूठ न बोलें, पानी छानकर पिए, भगवान बिष्णु का आराधना और प्रार्थना सहित 29 नियमों का पालन करें तो पूरा विवाद खत्म हो जाएगा।

फिल्म हम साथ-साथ हैं की शूटिंग के दौरान जोधपुर के कांकाणी गांव में काले हिरण के शिकार के मामले में सलमान खान सहित कई फिल्मी हस्तियों पर आरोप लगाए गए थे। यह मामला अभी भी न्यायालय में विचाराधीन है, लेकिन अब सवाल उठता है कि क्या बिश्नोई समाज सलमान खान को माफ कर सकता है? अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बूड़िया ने इस विषय पर अहम बयान दिया है।

देवेंद्र बूड़िया का कहना है कि अगर सलमान खान अपने कृत्य के लिए समाज से माफी मांगते हैं और मुकाम में आकर अपनी गलती को स्वीकार करते हैं, तो बिश्नोई समाज के 29 नियमों के तहत उन्हें माफ किया जा सकता है। बिश्नोई समाज के दसवें नियम में यह प्रावधान है कि गलती करने वाले को क्षमा किया जा सकता है। यह नियम समाज के धर्मगुरु भगवान जंभेश्वर जी द्वारा स्थापित किया गया था, जिसके अनुसार दया और क्षमा के भाव से अपराधी को माफ करने की व्यवस्था है।

बिश्नोई समाज प्रकृति प्रेम और शांति का प्रतीक माना जाता है, और अपने 29 नियमों के माध्यम से यह समाज न केवल धार्मिक अनुशासन बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी को भी बढ़ावा देता है। महिपाल बिश्नोई, जो इस घटना से जुड़े रहे, ने बताया कि 1998 की उस रात गांव वालों ने गोली की आवाज सुनी थी और बाद में दो काले हिरणों का शव पाया गया। समाज के लोगों ने एक जिप्सी को घटनास्थल से भागते देखा, जिसमें सलमान खान और उनके साथी मौजूद थे। बिश्नोई समाज का मानना है कि प्रकृति और जीवों की रक्षा करना उनका धर्म है। हालांकि, देवेंद्र बूड़िया के बयान के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या सलमान खान माफी मांगेंगे और क्या समाज उन्हें क्षमा करेगा।

### इन नियमों का करना होगा पालन

सुबह स्नान करना और शुद्धता बनाए रखना, शील, संतोष, और शुद्धता का पालन करना,

सुबह-शाम संध्या और प्रार्थना करना, शाम को आरती करना और भगवान विष्णु के गुण गाना, सुबह हवन करना, पानी छानकर पीना और शुद्ध वाणी बोलना, ईंधन और दूध छानकर लेना,



क्षमा और सहनशीलता का पालन करना, दया और नम्रता से जीवन जीना,

चोरी न करना, निंदा न करना, झूठ न बोलना, वाद-विवाद से बचना, अमावस्या का व्रत रखना, विष्णु भजन करना, सभी प्राणियों पर दया रखना, पेड़ों को नहीं काटना, अपने हाथ से खाना पकाना, बैल को बधिया (नपुंसक) न करना, नशे (अमल), तंबाकू, भांग और शराब का सेवन न करना, मांस का सेवन न करना, नीले रंग के कपड़े न पहनना।


## अब मणिपुर में होगी शांति, मैतेई, कुकी और नगा की हुई बैठक में बनी सहमति

### केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुलाई थी विधायकों की बैठक

नई दिल्ली। मणिपुर में जारी हिंसा के बीच शांति की पहली हुई। केंद्रीय गृह मंत्रालय की पहल पर मणिपुर के मैतेई, कुकी और नगा समुदायों के 20 विधायक दिल्ली पहुंचे। बैठक पहले गृह मंत्रालय में तय थी, लेकिन बाद में उन्हें खान मार्केट स्थित आईबी दफ्तर ले जाया गया। मंगलवार को बैठक में आईबी के पूर्वोत्तर के संयुक्त निदेशक राजेश कांबले, बीजेपी के समन्वयक संबित पात्रा, केंद्र के सुरक्षा सलाहकार एके मिश्रा और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में पहले कुकी, फिर मैतेई और बाद में नगा नेताओं से बातचीत की गई, जिसमें उन्होंने अपनी-अपनी मांगें केंद्र के सामने रखीं। इसके बाद सभी नेताओं को एकत्रित कर संकल्प दिलाया कि मणिपुर में न तो कोई गोली चलेगी और न ही किसी की जान जाएगी। तीनों समुदायों के प्रतिनिधियों ने इस पर सहमति जताई और एक-दूसरे से हाथ मिलाया। सूत्रों के मुताबिक मणिपुर में हालात को सुधारने के लिए नगा लोगों का अहम रोल था। राज्य में 2016 में सात नए जिले बनाए गए थे, जिन्हें कुकी बहुल कहा जाता है, हालांकि यहां नगा भी रहते हैं। नगा संगठन, यूनाइटेड नगा काउंसिल, इन जिलों को वापस लेने और 1972 की स्थिति को बहाल करने की मांग कर रहा है। 11 सितंबर को गृह मंत्रालय से 15 दिन में इस मुद्दे को हल करने की चेतावनी दी थी। कुकी जनजाति ने तीन मुख्य मांगें उठाई जिसमें सीएम एन. बीरेन सिंह को हटाना, कुकी इलाकों में अलग प्रशासन की मांग और हथियारबंद समूहों को गैर-कानूनी घोषित करना। इन मांगों पर अंतिम निर्णय कुकी काउंसिल की बैठक में लिया जाएगा, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# आज पुडुचेरी और नेल्लोर तट से टकरा सकता है बंगाल की खाड़ी से उठा तूफान

**कोलकाता(एजेंसी )।** बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी में दबाव का क्षेत्र चक्रवाती तूफान में बदल गया है और गुरुवार सुबह पुडुचेरी और नेल्लोर के बीच तूफान के तट से टकराने की आशंका है और इससे दक्षिण तट और रायलसीमा के कई स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। आंध्र प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मौसम विभाग ने कहा कि तूफान के गुरुवार सुबह पुदुचेरी और नेल्लोर के बीच तट के पास टकराने की उम्मीद है। तट के किनारे हवाएं चल रही हैं जिनके 40-60 किमी/घंटा की गति होने की उम्मीद है।



चेन्नई और तमिलनाडु के कई इलाकों में विगत दिवस हुई भारी बारिश से शहर में आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। रिहायशी इलाकों और सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। बारिश के कारण यातायात थम सा गया है। सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बाधित हो गईं और कई घरेलू उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। दक्षिणी रेलवे ने जलभराव के चलते चेन्नई सेंट्रल-मैसूर कावेरी एक्सप्रेस सहित चार एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया है। कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है कुछ को चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन से पहले ही रोक दिया था। कई घरेलू उड़ानें रद्द की गईं हैं क्योंकि पर्याप्त संख्या में यात्री नहीं आए। आईएमडी के मुताबिक चिह्नित निम्न दबाव क्षेत्र एक अवसाद में बदल गया है और गुरुवार सुबह चेन्नई तट को पार करने की उम्मीद है।

आईएमडी ने कहा कि तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और चेन्नई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश और एक या दो स्थानों पर मूसलाधार भारी बारिश होने की संभावना है। कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा ने कहा कि भारी बारिश के पूर्वानुमान के बाद बेंगलुरु में आपदा प्रतिक्रिया बल के जवानों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी जरुरत के लिए 40 कर्मियों को तैनात किया जा रहा है। हमने तत्काल प्रतिक्रिया के लिए अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं को स्टैंडबाय पर रखा है। शहर के नागरिक निकाय ब्रुहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने आठ क्षेत्रों में 24 घंटे चालू रहने वाले विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किए हैं और बारिश से संबंधित समस्याओं की रिपोर्ट करने एक हेल्पलाइन नंबर 1533 भी चालू किया है। जिस पर सूचना दी जा सकती है।

# तमिलनाडु में बारिश का दौर जारी तटरक्षक दल कोअलर्ट पर रखा गया

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के तटों पर मौसम की बिगड़ती स्थिति के बीच भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने अपनी आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों को सक्रिय कर दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और राहत अभियान तेज कर दिया गया है। चेन्नई के कुछ क्षेत्रों में 20 सेंटीमीटर से अधिक बारिश हुई, जिसके कारण अधिकारियों को 15 और 16 अक्टूबर को स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी घोषित करनी पड़ी। चेन्नई स्थित तटरक्षक के क्षेत्रीय मुख्यालय (पूर्व) ने हाई अलर्ट पर रहने के लिए 148 प्रशिक्षित कर्मियों वाली 29 आपदा प्रतिक्रिया टीमों (डीआरटी) को तैनात किया है।

इस बीच, 1,000 मानसून चिकित्सा शिविर भी स्थापित किए गए हैं, जिनमें चेन्नई में 100 ऐसी सुविधाएं शामिल हैं। बारिश से संबंधित कार्यों में अधिकारियों की सहायता के लिए 13,000 से अधिक स्वयंसेवक आगे आए हैं। कुल मिलाकर, तमिलनाडु में 65,000 स्वयंसेवक स्टैंडबाय पर हैं। तटरक्षक अधिकारियों के अनुसार, ये टीमें आपात स्थिति में तेजी से प्रतिक्रिया देने के लिए आवश्यक जीवन रक्षक और चिकित्सा गियर से लैस हैं, जो प्रतिकूल मौसम से प्रभावित लोगों को महत्वपूर्ण बचाव और चिकित्सा सहायता प्रदान करती हैं।

29 डीआरटी में से 10 टीमों को विशेष रूप से चेन्नई में तैनात



किया गया है ताकि क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली किसी भी आपात स्थिति के लिए त्वरित और स्थानीय प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। ये टीमें बाढ़ बचाव, चिकित्सा निकासी और आपातकालीन राहत वितरण सहित विभिन्न आपदा परिदृश्यों को संभालने के लिए तैयार हैं। तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के तटों पर आईसीजी के रिमोट ऑपरेटिंग स्टेशन और जहाज तटीय अधिकारियों और स्थानीय समुदायों के साथ निरंतर संचार में रहे हैं।

# वायु प्रदूषण को ले सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा व पंजाब को लगाई फटकार

**-आदेश का पालन नहीं हुआ तो मुख्य सचिव पर होगी अवमानना की कार्रवाई**

**-दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से लोग हो रहे परेशान**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को लेकर हरियाणा और पंजाब को फटकार लगाई है। बुधवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ तो हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने पहले आदेश का पालन नहीं किए जाने को लेकर बुधवार 16 अक्टूबर को हरियाणा और पंजाब सरकार को जबरदस्त फटकार लगाई है। कोर्ट ने चेतावनी दी और कहा कि यदि उसके आदेश का पालन नहीं किया गया तो हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि आखिर पराली जलाने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाने और नाममात्र को जुर्माना लगाकर लोगों को छोड़ने से राज्य क्यों कतरा रहा है? इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को एक सप्ताह का समय देने की बात कहते हुए कहा कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना का मामला दर्ज करेंगे। कोर्ट के इस सवाल पर कि आप लोगों पर मुकदमा चलाने से क्यों कतराते हैं? हरियाणा के वकील ने बताया कि हमने इस साल करीब 17 के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं।

### कानून का उल्लंघन करने वालों पर एक भी मुकदमा नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने जहां यह कहा कि आयोग का कोई भी सदस्य वायु प्रदूषण से निपटने के लिए योग्य नहीं हैं वहीं इस बात को लेकर हैरानी भी जताई कि कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया गया यहां तक कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभी तक एक भी मुकदमा नहीं चलाया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि सब कुछ महज कागज़ों पर चल रहा है। पराली जलाने वालों को रोकने में असफल रहने के चलते सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के मुख्य सचिव को अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट में पेश होने का आदेश भी दे दिया।

### नाममात्र का जुर्माना और कुछ नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि आप तो नाममात्र का जुर्माना ले रहे हैं। हद यह है कि इसरो आपको बता रहा कि आग कहां लगी थी और आप कहते हैं कि आपको कुछ नहीं मिला। कोर्ट ने कहा कि कानून उल्लंघन के 191 मामले आए और आपने सिर्फ़ नाममात्र का जुर्माना लिया। एनसीटी क्षेत्र अधिनियम के तहत आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना की गई है। इस पर हरियाणा सरकार की ओर से पेश हुए वकील ने गलती स्वीकार करते हुए कहा कि मैं अपनी ओर से हुई चूक या गलती को स्वीकार करता हूं। इस पर कोर्ट का कहना था कि यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है यदि मुख्य सचिव किसी के इशारे पर काम कर रहे हैं तो उनके खिलाफ भी हम समन जारी करेंगे।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकार लगाई और कहा कि पंजाब सरकार ने भी पराली जलाने पर रोक के आदेश पर कुछ नहीं किया। विगत 03 सालों में पंजाब ने एक भी व्यक्ति पर मुकदमा नहीं चलाया। नाममात्र का जुर्माना लगा रहे हैं और कुछ नहीं किया गया। धान की पराली जलाई जा रही है और आप वायु प्रदूषण निवारण अधिनियम 1981 के तहत कुछ करना ही नहीं चाहते। वायु लगातार प्रदूषित हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने पर रोक लगाने में असफल रहने पर पंजाब सरकार के मुख्य सचिव को भी अगले बुधवार 23 अक्टूबर को सुनवाई में अदालत में व्यक्तिगत तौर पर पेश होने के आदेश दिए हैं।



पंजाब और हरियाणा को फटकार लगाने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को भी आदेश दिया कि हरियाणा और पंजाब के जिन अधिकारियों ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया उनके खिलाफ वो कारवाई करे। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण से लोगों का जीना मुहाल हो जाता है, ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने इस बार सख्ती दिखाई है, ताकि समस्या का समाधान निकाला जा सके।

# सेमीकंडक्टर, असेंबली व इलेक्ट्रिक वाहन के क्षेत्र में नौकरियां पैदा करेगा टाटा समूह

**टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने दिया बयान**

**नई दिल्ली ।** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की राह में नई नौकरियों को लाने की बात कहीं है। चेयरमैन चंद्रशेखरन ने कहा है कि भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है और देश को बढ़ते कार्यबल की रोजगार जरूरतों को पूरा करने के लिए 10 करोड़ नौकरियों का सृजन करने की जरूरत है। टाटा समूह देश में अधिक से अधिक विनिर्माण नौकरियां बनाने पर भी ध्यान दे रहा है, क्योंकि पूरा इकोसिस्टम भारतीय कंपनियों, विशेषकर 500,000 छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए कई अवसरों से भरा हुआ है।

चंद्रशेखरन के अनुसार, टाटा समूह सेमीकंडक्टर, प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में निवेश कर रहा है, इसलिए वह अगले पांच वर्षों में पांच लाख विनिर्माण नौकरियां पैदा करेगा। सेमीकंडक्टर विनिर्माण जैसे क्षेत्र कई अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें विकसित राष्ट्र बनने के लिए 100 मिलियन नौकरियां पैदा करने की जरूरत है। देश में हर माह करीब दस लाख लोग कार्यबल में शामिल होते हैं, जिससे देश के भविष्य के विकास के लिए विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन आवश्यक होता है। पिछले महीने, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टाटा संस और पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कारपोरेशन (पीएसएमसी) की नेतृत्व टीम से मुलाकात की, जो गुजरात के धोलेरा में 91,000 करोड़ रुपये की लागत से मेगा सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन फैसिलिटी तैयार कर रही हैं।

मार्च में, प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में टाटा-पीएसएमसी चिप प्लांट की आधारशिला रखी थी। फैब निर्माण से क्षेत्र में 20,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कुशल नौकरियां पैदा होंगी। इतना ही नहीं असम में टाटा समूह का सेमीकंडक्टर प्लांट प्रतिदिन 4.83 करोड़ सेमीकंडक्टर चिप्स का उत्पादन करेगा, साथ ही चालू होने पर 15,000 प्रत्यक्ष और 13,000 तक अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगा।

# भारत में तेजी से फलता-फूलता जा रहा ऑनलाइन गेमिंग बाजार

**मुंबई ।** भारत का ऑनलाइन गेमिंग बाजार का वर्तमान मूल्य 3.1 बिलियन डॉलर है। रेगुलेशन और टैक्सेशन से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद इसके 2034 तक 60 बिलियन डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। भारत के गेमिंग सेक्टर में अमेरिकी योगदान महत्वपूर्ण है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 2.5 बिलियन डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में से 1.7 बिलियन डॉलर सिर्फ अमेरिका से आया है। गेमिंग कारोबार के जानकार के अनुसार, यह भारत के तेजी से बढ़ते गेमिंग बाजार में वैश्विक निवेशकों के विश्वास को दिखाता है, जिसके 2034 तक 60 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इस एफडीआई का 90 प्रतिशत हिस्सा पे-टू-प्ले सेगमेंट में है, जो कि इस सेक्टर के समग्र मूल्यांकन का 85 प्रतिशत है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपने हाई टैक्स रेट के लिए जाना जाता है। ऑनलाइन गेमिंग के लिए प्लेयर्स को अपनी कुल जमा पर सभी फॉर्मेट के लिए 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी चुकाना होता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र केंद्रीय उत्पाद वर्गीकरण (यूएन सीपीसी) गेमिंग को ऑनलाइन जुए से अलग परिभाषित करता है। 600 मिलियन से ज्यादा गेमर्स के साथ इस सेक्टर का तेजी से मुद्रीकरण किया जा रहा है। यह निर्यात के लिए अवसर पेश करता है। हालांकि, भारतीय कंपनियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए, हमें प्रगतिशील टैक्स और रेगुलेटरी नीतियों के साथ समान अवसर की आवश्यकता है, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो। रिपोर्ट में 12 प्रमुख गेमिंग बाजारों में रेगुलेटरी फ्रेमवर्क और टैक्सेशन पॉलिसी पर नजर डाली गई। इसमें पता चला कि सभी 12 देशों में गेम्स ऑफ चांस को लेकर अलग कानूनी परिभाषा है। इस परिभाषा के साथ स्किल गेमिंग फॉर्मेट को लेकर अंतर स्पष्ट होता है।

## कर्ज मुक्त हुई टाटा संस, नये उद्यमों में निवेश बढ़ाने में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली।**




18 साल में पहली बार टाटा संस शुद्ध आधार पर कर्ज मुक्त कंपनी बनी है। टाटा समूह की मुख्य होल्डिंग कंपनी टाटा संस पर वित्त वर्ष 2023 के आखिर में 22,176 करोड़ रुपए का कर्ज था जो मार्च 2024 में घटकर 363.2 करोड़ रुपए रह गया था। वित्त वर्ष 2024 के आखिर में टाटा संस के पास 3,042 करोड़ रुपए की नकदी और समतुल्य राशि थी, जो इससे एक साल पहले 1,534 करोड़ रुपए थी। कंपनी पर कर्ज खत्म होने के बाद 2,679.2 करोड़ रुपए की नकदी बचेगी। मार्च 2020 के आखिर में टाटा संस पर सबसे ज्यादा 31,603 करोड़ रुपए का कर्ज था और उसका शुद्ध कर्ज एवं इक्विटी का अनुपात 0.56 गुना था।

कर्ज-मुक्त बैलेंस शीट और समूह की सूचीबद्ध कंपनियों जैसे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स, टाइटन और टाटा कंज्यूमर से ज्यादा लाभांश मिलने से टाटा संस को नए उद्यमों में निवेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे पहले वित्त 2006 में टाटा संस शुद्ध आधार पर कर्ज मुक्त हुई थी। उसके बाद विदेशी में कई बड़े अधिग्रहण किए गए थे, जिसने समूह को पूरी तरह से बदल दिया। टाटा संस की बैलेंस शीट और विभिन्न उद्यमों में इसके पूंजी निवेश की रफ्तार में संबंध दिखता है। वित्त वर्ष 2005-06 से 2014-15 के दौरान जब टाटा संस की बैलेंस शीट मजबूत थी तब उसने कई सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध उद्यमों में निवेश किया था। दिलचस्प बात यह है कि टाटा स्टील ने अक्टूबर 2006 में कोरस समूह के लिए 8.1 अरब डॉलर की बोली लगाई थी और 12.1 अरब डॉलर की प्रतिस्पर्धी बोली लगाकर ब्रिटेन की इस कंपनी का अधिग्रहण किया था। टाटा मोटर्स ने जनवरी 2008 में ब्रिटेन की लक्जरी कार विनिर्माता जगुवार लैंड रोवर को 2.3 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया था। 2006 के बाद की अवधि में टाटा केमिकल्स, इंडियन होटल्स और टाटा ग्लोबल बेवरिजेज ने भी विदेश में कई बड़े सौदे किए थे। टाटा समूह की कंपनियों ने अपने संसाधनों और कर्ज के जरिये इन अधिग्रहण सौदों को पूरा किया था। टाटा संस इन सौदों में परोक्ष रूप से शामिल थी और संबंधित कंपनियों को अतिरिक्त इक्विटी पूंजी मुहैया कराई थी जिससे वे बड़ा कर्ज जुटा सके।

## 37 दिन बाद काम पर लौटे सैमसंग इंडिया के कर्मचारी, खत्म की हड़ताल

**कर्मचारियों ने प्रबंधन के खिलाफ काम नहीं करने पर जताई सहमति**

**नई दिल्ली।**




सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की फैक्टरी में कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को खत्म हो गई। तमिलनाडु सरकार ने बताया कि सभी कर्मचारी काम पर लौट आए हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की श्रीपेरंबुदूर इकाई के कर्मचारियों ने राज्य सरकार और प्रबंधन के साथ हुई बातचीत के बाद 37 दिन लंबी हड़ताल वापस ले ली।

सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीआईटीयू) के नेतृत्व में हड़ताल कर रहे कर्मचारियों की वेतन वृद्धि समेत ज्यादातर मांगों को सैमसंग प्रबंधन ने पहले ही मान लिया था। इसके बावजूद सीटू ने अपनी यूनियन की मान्यता की मांग को लेकर हड़ताल जारी रखी है, जिसका मामला अदालत में चल रहा है। इस मामले पर कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच कानूनी नतीजे का इंतजार करने पर सहमति बनी है। साथ ही सरकार ने भी यूनियन के पंजीकरण की मांग का समर्थन किया, जिसके बाद यूनियन हड़ताल वापस लेने पर सहमत हो गई। बातचीत के दौरान प्रबंधन और हड़ताली कर्मचारी दोनों के प्रतिनिधि इस बात पर सहमत हुए कि सभी कर्मचारी तुरंत हड़ताल खत्म कर देंगे और काम पर लौट आएंगे। प्रबंधन ने कहा कि हड़ताल में शामिल कर्मियों को प्रताड़ित नहीं किया जाएगा। दूसरी ओर कर्मचारियों ने पूरा सहयोग करने और काम पर लौटने के साथ प्रबंधन के हितों के खिलाफ किसी भी तरह का काम नहीं करने पर भी सहमति जताई है। सरकारी बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने इस सलाह को मान लिया है। कर्मचारियों ने बताया है कि वे तुरंत हड़ताल खत्म कर काम पर लौट आएंगे। इसके साथ सैमसंग फैक्टरी में हड़ताल खत्म हो गई है और सभी कर्मचारियों ने काम फिर से शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि कर्मचारी बुधवार को सैमसंग इंडिया वर्कर्स यूनियन की आमसभा के बाद आधिकारिक तौर पर हड़ताल वापस ले लेगी। हालांकि, नेताओं ने कहा कि उनकी सभी मांगे सरकार और कंपनी दोनों ने मान ली हैं।

# सोने ने लगाई छलांग, 76700 रुपये प्रति 10 ग्राम पार, चांदी भी चमकी

**नई दिल्ली।**

सोने ने बुधवार को ऑल टाइम हाई का रेकॉर्ड बना दिया। एमसीएक्स पर सोने की कीमत 76700 रुपए प्रति 10 ग्राम पार कर गई। मंगलवार के मुकाबले बुधवार को इसमें 363 रुपए की तेजी आई। इसके साथ 10 ग्राम सोने की कीमत 76723 रुपए हो गई। यह पहली बार है जब सोने ने रिकॉर्ड बना लिया है। बुधवार को चांदी में भी उछाल आया। सोने की कीमत में पिछले दो दिनों से गिरावट देखी जा रही थी लेकिन बुधवार को तेजी आई। मंगलवार को सोना 76360 रुपए पर बंद हुआ था। बुधवार को यह फ्लैट कीमत पर खुला लेकिन इसके बाद इसमें पंख लग गए। एक समय यह 76750 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई थी। हालांकि बाद में इसमें उतार-चढ़ाव जारी रहा। बुधवार को चांदी भी चमकी। एमसीएक्स पर दोपहर तक यह 544 रुपए बढ़कर 92194 रुपए प्रति किलो पहुंच गई। मंगलवार को यह 91623 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी। इससे पहले दो दिन तक इसमें भी मंदी थी। बुधवार दोपहर तक इसमें आधे फीसदी से ज्यादा उछाल आ गया। हालांकि यह अभी अपनी उच्चतम कीमत से कम है। इस महीने की शुरुआत में चांदी की कीमत प्रति किलो 93 हजार रुपए प्रति किलो पार कर गई थी। सोने की कीमत पिछले 15 दिनों में डेढ़ फीसदी से ज्यादा बढ़ गई है। त्योहारी और शादियों के सीजन को देखते हुए सोना महंगा हो सकता है। जानकार बताते हैं कि अगले साल की शुरुआत में सोना 80 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम हो सकता है। वहीं मिडिल ईस्ट में तनाव और अमेरिकी केंद्रीय बैंक की ओर से ब्याज दर कम होने की संभावना को



देखते हुए इसमें और तेजी आ सकती है। एक तरफ भारत में सोने की कीमत में तेजी आई तो वहीं वैश्विक स्तर पर इसमें गिरावट आई है। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने के कारण सोने की कीमत में तेजी आई है। वहीं अमेरिका में सोने में गिरावट आई है। यहां सोना 0.53 फीसदी की गिरावट के साथ 2,676.57 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## रुपया बढ़त के साथ बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ ही 84.03 पर बंद हुआ । आज सुबह रुपय 84.01 पर खुला । वहीं गत दिवस रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ ही 84.04 रुपये पर बंद हुआ था । शेयर बाजार के कमजोर कारोबार से भी आज रुपये की बढ़त पर अंकुश रहा। सकारात्मक घरेलू बाजारों से मिलने वाला समर्थन विदेशी पूंजी की निकासी से खत्म हो रहा था। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से भी रुपये पर दबाव आया । इससे भारत का पहले से ही चिंताजनक व्यापार घाटा और बढ़ गया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 84.06 प्रति डॉलर पर खुला और फिर शुरुआती सौदों के बाद 84.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.05 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखापने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 फीसदी की गिरावट के साथ 103.25 पर रहा।




## अदाणी ग्रीन एनर्जी ने डॉलर बॉन्ड से धन जुटाने की योजना रोकी

**मुंबई ।** रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में काम करने वाली अदाणी ग्रुप की कंपनी, अदाणी ग्रीन एनर्जी ने डॉलर बॉन्ड के माध्यम से धन जुटाने की योजना को रोक दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, निवेशकों ने कंपनी की अपेक्षा से अधिक यील्ड पर बोली लगाई, जो कंपनी के लिए स्वीकार्य नहीं थी। इस कारण कंपनी ने धन जुटाने की योजना को रद्द कर दिया। एक बैंकर के मुताबिक, प्रारंभिक मार्गदर्शन के तहत 20 साल की परिपक्वता अवधि के लिए 7 प्रतिशत यील्ड की पेशकश की गई थी। मामले से जुड़े बैंकर ने कहा, कुछ निवेशक उच्च यील्ड की मांग कर रहे थे, जो अडानी समूह के हिसाब से सही नहीं थी, इसलिए उन्होंने सौदे को रद्द करने का निर्णय लिया।' दूसरे बैंकर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों से संबंधित व्यापक बाजार अनिश्चितता और घरेलू राजनीतिक जोखिमों के कारण निवेशक अधिक यील्ड की मांग कर रहे थे, जो बॉन्ड जारीकर्ताओं की पुनर्भुगतान क्षमता को प्रभावित कर सकता है। मार्च में, अदाणी ग्रीन एनर्जी ने करीब 3 अरब डॉलर की बोलियां प्राप्त करने के बाद 18-वर्षीय बॉन्ड के माध्यम से 40.9 करोड़ डॉलर जुटाए। ताजा बॉन्ड इश्यू का नेतृत्व अदाणी ग्रीन की यूनिट्स – अदाणी हाइब्रिड एनर्जी जैसलमेर वन, अदाणी हाइब्रिड एनर्जी जैसलमेर टू, अदाणी हाइब्रिड एनर्जी जैसलमेर फोर और अदाणी सोलर एनर्जी जैसलमेर वन ने एक संरचित बॉन्ड डील के माध्यम से किया था।

## क्यूआईपी से अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी ने कमाए 4,200 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी, अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने अपने संस्थागत शेयर बिक्री या क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के समापन का ऐलान किया है। क्यूआईपी से अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी ने 4,200 करोड़ कमाए हैं। अडाणी एंटरप्राइजेज ने 9 अक्टूबर को संस्थागत शेयर बिक्री की शुरुआत की थी। अडाणी एंटरप्राइजेज ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स को 1 रुपए के फेस वैल्यू वाले 1.41 करोड़ इक्विटी शेयरों के निर्गम और आवंटन को मंजूरी दे दी। कंपनी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि क्यूआईपी के लिए इश्यू प्राइस 2,962 रुपए प्रति शेयर तय किया है, जो कि 3,117.47 रुपए प्रति शेयर के फ्लोर प्राइस से पांच फीसदी की छूट है। मंगलवार के क्लोजिंग प्राइस की तुलना में, इश्यू प्राइस पर दी गई छूट फ्लोर प्राइस की तुलना तकरीबन समान ही है। एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने बताया कि क्वांट म्यूचुअल फंड अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के हाल ही में खत्म हुए क्यूआईपी में सबसे बड़े प्रतिभागी के रूप में उभरा है, जिसने कुल इश्यू शेयरों का करीब 47 फीसदी हिस्सा प्राप्त किया। क्वांट म्यूचुअल फंड की फ्लैगशिप स्कीम, क्वांट स्मॉल कैप फंड ने क्यूआईपी का 17.41 फीसदी का बड़ा आवंटन हासिल किया है। अन्य क्वांट योजनाएं जैसे क्वांट ईएलएसएस टैक्स सेवर फंड, क्वांट एक्टिव फंड, और क्वांट फ्लेक्सी कैप फंड ने भी क्यूआईपी में 7 फीसदी से ज्यादा की अहम हिस्सेदारी ली है। क्यूआईपी के अन्य प्रमुख प्रतिभागियों में विनरो कमर्शियल (इंडिया) लिमिटेड शामिल है, जिसने अनुमानित 525 करोड़ रुपए की राशि के लिए 12.5 फीसदी हिस्सेदारी ली और ट्री लाइन एशिया मास्टर फंड (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड, जिसे कुल आवंटन का 5.95 फीसदी हासिल हुआ। इसके अतिरिक्त, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को 5.06 फीसदी का आवंटन मिला, जिसके लिए अनुमानित निवेश 212 करोड़ रुपए से ज्यादा का है।

## दो हाई स्पीड ट्रेन सेट्स की डिजाइन बनाने का बीईएमएल को मिला ठेका

**मुंबई ।** सरकारी कंपनी बीईएमएल को 867 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट मिला है, इसके तहत दो हाई-स्पीड ट्रेन सेट्स का डिज़ाइन, निर्माण और कमीशनिंग होगा। यह पहली बार है जब इस तरह का काम देश में ही किया जाएगा। यह ठेका चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) द्वारा दिया गया है। बीईएमएल ने एक्सचेंजों को जानकारी दी, ÷प्रत्येक कार की कीमत 7.86 करोड़ है और टोटल कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू 866.87 करोड़ है। इसमें डिजाइन खर्च, एक बार की विकास लागत, गैर-आवर्ती शुल्क, और जिग्स, टूलिंग, फिक्स्चर, और टेस्टिंग सुविधाओं की लागत शामिल है, जो भारत की भविष्य की सभी हाई-स्पीड रेल परियोजनाओं में उपयोग की जाएगी। यह प्रोजेक्ट भारत की हाई-स्पीड रेल यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है और इसमें 280 किमी प्रति घंटा की टेस्ट स्पीड के साथ पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित ट्रेन सेट्स देखने को मिलेंगी। बीईएमएल के बेंगलुरु रेल कोच कॉम्प्लेक्स में यह सेट्स तैयार होने है और इनकी डिलीवरी 2026 के अंत तक निर्धारित है। जापानी बुलेट ट्रेन हासिल करने के लिए हुई वार्ताओं में असफलता के बाद, रेलवे ने अपनी खुद की ट्रेनें बनाने का फैसला किया है। हालांकि, बीईएमएल द्वारा तैयार ट्रेनें मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए होंगी या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। बीईएमएल के अनुसार, पूरी तरह एयर-कंडीशंड इन ट्रेनों में रेक्लाइनिंग और रोटेटेबल सीटें होंगी, विशेष प्रावधान विकलांग यात्रियों के लिए होंगे, और ऑनबोर्ड इंफोटेनमेंट सिस्टम की सुविधा भी मिलेगी। पिछले एक साल में रेलवे ने राजस्थान में स्टैंडर्ड गेज ट्रेनों के परीक्षण के लिए एक ट्रैक तैयार किया है, ताकि हाई-स्पीड ट्रेनों के निर्माण में अपनी क्षमता को साबित किया जा सके। रेलवे का उद्देश्य वंदे भारत ट्रेनों को ब्रॉड गेज से बदलकर स्टैंडर्ड गेज में तब्दील करना है, जो वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा उपयोग में आने वाला गेज है, और इन्हें निर्यात भी किया जा सके।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ । बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों और बिकवाली से आई है । वहीं गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। । आज प्रमुख कंपनियों के दूसरी तिमाही के परिणाम निराशाजनक और विदेशी निवेशकों के घरेलू बाजार से पैसा निकालने से भी ये नीचे आया है।

इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर अधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 0.39 फीसदी करीब 318.76 अंक टूटकर 81,501.36 पर बंद हुआ । वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी-50 भी 0.34 फीसदी तकरीबन 86.05 अंक फिसलकर 24,971.30 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) का शेयर सबसे अधिक 2.87 फीसदी गिरा । इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स, कोटक बैंक, आईटीसी, टाइटन, इंडसइंड बैंक, अल्ट्रा सीमेंट, नेस्ले इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी नीचे आये ।

वहीं दूसरी ओर एचडीएफ़सी बैंक का शेयर सबसे ज्यादा 0.92 फीसदी उछला । इसके अलावा भारती एयरटेल, रिलायंस, एशियन पेंट्स, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के शेयर भी उछले हैं।

बाजार जानकारों के अनुसार वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर रुझान, आईटी स्टॉक्स और ऑटो कंपनियों के शेयरों में गिरावट और विदेशी निवेशकों की निकाषी हावी हाने से घरेलू बाजार में गिरावट आई।

दूसरी ओर विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस 1,748.71 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची।

इससे पहले आल सुबह घरेलू




शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर खुला। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले कमजोर रुख से बाजार में ये गिरावट दर्ज की गयी। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 198 अंक करीब 0.24 फीसदी नीचे आकर 81,621 पर खुला। वहीं दूसरी ओर निफ्टी-48 अंक तकरीबन 0.19 फीसदी फिसलकर 25,009 पर खुला। वहीं गिफ्ट निफ्टी से बाजार की कमजोर शुरुआत दिख रही है। सुबह गिफ्ट निफ्टी फ्यूचर्स करीब 49 अंक फिसलकर 25,069 पर कारोबार कर रहा था।

इससे पहले गत दिवस अमेरिकी शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आया। इस दौरान वॉल स्ट्रीट के तीनों प्रमुख इंडेक्स नुकसान में रहे। नैस्डैक कंपोजिट में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। यह इंडेक्स 1.01 नीचे आया। एसएंडपी 500 0.76 फिसला, डॉव जोन्स भी नुकसान में रहा।

आज शुरुआती कारोबार में एशियाई बाजारों में भी गिरावट आई है। यह इंडेक्स 1.85 फीसदी गिरा, टॉपिक्स 1.13 फीसदी नीचे आया, ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी /एएसएक्स 200 0.4 फीसदी की गिरावट के साथ खुला, जबकि कोरिया का कोस्पी 1.22 फीसदी और कोस्डाक 0.93 फीसदी गिरा। पिछले कारोबारी सत्र में बाजार में गिरावट दर्ज की गयी थी।

# 21 को खुलेगा वारी एनर्जीज का आईपीओ

**नई दिल्ली।**

हुंडई का आईपीओ खुल गया, लेकिन निवेशक खुश नहीं हैं, क्योंकि इस स्टॉक के लिए ग्रे मार्केट में प्रीमियम हर दिन कम हो रहे हैं, लेकिन चिंता करने की जरुरत नहीं। वारी एनर्जीज़ का आईपीओ सोमवार को खुलने वाला है। इसका प्राइस बैंड तय हो गया है और सबसे अच्छी बात ये है कि ग्रे मार्केट में इसका प्रीमियम जीएमपी 85 फीसदी तक उछल गया है। वारी एनर्जीज़ ने अपने आईपीओ के लिए 1,427 से 1,503 रुपए प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। यह आईपीओ 21 अक्टूबर सोमवार को खुलेगा और 23 अक्टूबर तक निवेशक इसमें बोली लगा सकेंगे। निवेशक न्यूनतम 9 शेयरों की एक लॉट में बोली लगा सकते हैं और इसके बाद 9 के मल्टीप्लाई (18, 27, 36ज) की संख्या में शेयरों की बोली लगा सकते हैं। आईपीओ वॉच के मुताबिक हुंडई का ग्रे-मार्केट प्रीमियम बुधवार को कुछ उछला है मंगलवार को यह 45 रुपए था, बुधवार को यह 65 रुपए पर पहुंच गया। हुंइई में बोली लगाने के केवल दो दिन बचे हैं। हालांकि सुबह हुइंई का आईपीओ केवल 22 फीसदी ही सबस्क्राइब हुआ था। मंगलवार को पूरे दिन में यह 18 फीसदी ही बोलियां हासिल कर सका था। इस आईपीओ में कंपनी की फ्रेश इक्विटी शेयरों की बिक्री के जरिए से 3,600 करोड़ रुपए जुटाए जाएंगे। ऑफर फॉर सेल के जरिए 48 लाख शेयर बिक्री के लिए रखे जाएंगे, जिनमें से वारी सस्टेनेबल फाइनेंस और चंदुरकर इन्वेस्टमेंट्स अपने हिस्सेदारी बेचेंगे। प्राइस बैंड के ऊपरी बैंड पर ऑफर फॉर सेल का कुल मूल्य 721.44 करोड़ रुपए हो सकता है, जिससे कुल आईपीओ आकार 4,321.44 करोड़ रुपए का होगा।वारी एनर्जीज़ के शेयर अनलिस्टेड मार्केट में 1,280 रुपए के




प्रीमियम पर ट्रेड हो रहे हैं, जोकि 1,503 रुपए के ऊपरी प्राइस बैंड के हिसाब से 85 फीसदी है। इसका मतलब है कि इस आईपीओ के प्रति निवेशकों का अच्छा उत्साह है और इसे बाज़ार में बड़ी संभावनाएं दिख रही हैं। इस आईपीओ में 50फीसदी हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए आरक्षित है, जबकि 15फीसदी नॉन-इंस्टीट्यूशनल निवेशकों के लिए और 35 फीसदी रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व है। कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई दोनों स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्ट होंगे।

## विकसित भारत के लिए जीडीपी में विनिर्माण का योगदान बढ़ाने की जरूरत : बाली

**नई दिल्ली।**

वोल्वो ग्रुप इंडिया के प्रबंध निदेशक और अध्यक्ष कमल बाली ने विनिर्माण क्षेत्र को विकसित भारत के लिए 'कमजोर कड़ी' बताते हुए कहा कि इस लक्ष्य को पाने जीडीपी में विनिर्माण का योगदान बढ़ाकर 25 फीसदी करने की आवश्यकता है। बाली ने एक संगोष्ठी में कहा कि देश को गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करके अपने पड़ोसी से अन्य भौगोलिक क्षेत्रों में तीन लाख करोड़ डॉलर के विनिर्माण अवसर को भुनाने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि हमें विकसित भारत बनाना है तो विनिर्माण को पूरी क्षमता से काम करना होगा। विनिर्माण क्षेत्र हमारी कमजोर कड़ी है। उन्होंने कहा कि पिछले 20-25 सालों से विनिर्माण क्षेत्र भारत के जीडीपी के 15-16 फीसदी स्तर पर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक सरकारों और कई नेताओं ने कोशिश भी की है लेकिन यह आगे नहीं बढ़ पाई है। इसलिए, इसमें बदलाव की जरुरत है। बाली ने जर्मनी, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि इनमें से ज्यादातर देश 40 से 50 सालों से विनिर्माण के जरिए से आगे बढ़ रहे हैं। भारत भी इससे अलग नहीं होगा। इसलिए विनिर्माण क्षेत्र को जीडीपी के 25 फीसदी तक बढ़ाना होगा। उन्होंने स्वीकार किया कि यह एक बड़ा कदम होगा और एक तरह से चुनौती भरा है।




# संत जेवियर्स कॉलेज में स्नातकोत्तर कर नवा बिद्यार्थीमन कर स्वागत

सोनू सपरवार

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में नवा सत्र 2024-26 में नामांकित स्नातकोत्तर कर बिद्यार्थीमन कर सोवागत बुधवार के करल गेलक। ई अवसर में आयोजित ओरिएंटेशन कार्जकरम में जेसुइट सिछा परनाली आउर बिरासत उपरे चरचा करल गेलक। इकर बाद कॉलेज कर बिज़न आउर मिसन कर बारे में बताल गेलक। बिद्यार्थीमन के कॉलेज में उपलब्ध सुबिधा, दिसा-निरदेस आउर कॉलेज कर बिभिन्न कमेटीमन कर बारे में बिस्तार से अवगत कराल गेलक। कॉलेज कर प्राचार्य डॉ. फादर एन. लकड़ा, एसजे बिद्यार्थीमन के संबोधित करते कहलयं कि चरित्र निरमान, सिछा कर उद्देस के पहचानू आउर समाज के समर्थ बनाऊ। ऊ जेसुइट सोसाइटी कर स्वर्णिम इतिहास कर बारे में भी छात्रमन के बतालयं।

कॉलेज कर उप-प्राचार्य डॉ. फादर प्रदीप रोबर्ट कुजूर, एसजे स्पस्ट दिसा-निरदेस देइ के बतालयं कि कॉलेज अनुसासन कर चलतेहे अग्रनी संस्थान कर रूप में आपने के अस्थापित कइर हे। छात्रमन के बतालयं कि ऊ आपन सैछिक जिनगी के गंभीरता से लेवयं। कठिन मेहनत कइर के आपन सर्वांगीन करु।

मौउका में कॉलेज कर रेक्टर फादर सुधीर मिंज, एसजे, उप-प्राचार्य (इवनिंग) डॉ. फादर अजय अरुण मिंज,एसजे, रजिस्ट्रार डॉ. फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, एसजे, बीएड बिभागाध्यक्ष डॉ. फादर फ्लोरेंस पूर्ति, एसजे, तीनों संकाय कर डीन, डीएसडब्ल्यू डॉ. संजय सिन्हा, आईक्यूएसी संयोजक डॉ. शिव कुमार, सउब बिसय कर बिभागाध्यछ, बर्सर फादर रवि हेमंत कुजूर, एसजे, अन्य प्राध्यापक संगे नवा छात्र-छात्रामन उपस्थित रहयं।

## सीसीएल में एक दिनक छमता निरमान कार्जकरम कर आयोजन

**रांची।** सीसीएल कर मानव संसाधन विकास बिभाग साइबर सुरछा उपरे एक दिनक छमता निरमान कार्जकरम 16 अक्टूरबर के आयोजित करलक। कार्जकरम कर उद्घाटन सीवीओ पंकज कुमार, महाप्रबंधक (सतर्कता) एके सिंह आउर महाप्रबंधक (सिस्टम) सुरेश बेहरा कर उपस्थिति में करल गेलक। सीवीओ पंकज कुमार आउर सुरेश बेहरा प्रतिभागीमन के संबोधित करते साइबर सुरछा कर महत उपरे जोर देलयं। एगो उत्पादक आउर इंटरैक्टिव सत्र कर सुभकामना देलयं। सत्र में डिजिटल साछरता जइसन परमुख बिसयमन उपरे चरचा करल गेलक। इकर में ई समझाल गेलक कि हमिन ऑनलाइन कतई सुरछित हेकी। बिभिन्न इंटरनेट साइटमन में नेविगेट करेक बेरा का करब आउर का नी करब। साइबर सुरछा कर स्तंभ (गोपनीयता, अखंडता आउर उपलब्धता) आउर एगो मजबूत साइबर के बढ़ावा देवेक कर महत उपरे सुरछा संस्कृति कर निरमान कइसे करब।

मालूम होवी कि ई छमता निरमान कार्जकरम सीसीएल में चलेक वाला सतर्कता जागरुकता अभियान 2024 कर अंतर्गत आयोजित करल जाए रहे। सीसीएल द्वारा ई अभियान कर तहत मुख्यालय संगे सउब छेतर में ढेइरे कार्जकरम आयोजित करल जात हे।






## बीआईटी मेसरा में 19 के होवी देवफेस्ट'24

**रांची।** झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कर सहजोग से गूगल डेवलपर ग्रुप्स (जडीजी), रांची 19 अक्टूबर 2024 के देवफेस्ट '24 कर आयोजन करेक वाला हय। बीआईटी मेसरा में होवेक वाला कार्जकरम में स्पीकर सेसन, पैनल डिस्कसन आउर सवाल जबाब कर आयोजन करल जाई।

स्पीकर सेसन में कतई परतिसठीत बक्ता सामिल होंबयं। इकर में गूगल कर सीनियर सोल्यूशनस कंसल्टेंट विजय कुमार जंगमशेट्टी, सर्विसनाउ कर सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रिंस कुमार, एपीआई डैश कर फाउंडर आशिता प्रसाद, देओलाइट कर सिनियर एग्जीक्यूटिव इमरान रौशन, आइरिस एरियल इनोवेशनस कर फाउंडर आउर सीइओ निखिल सैनी आउर क्यूंविन कर सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिषेक दोशी भी हयं।

इकर अलावा एआई उपरे निर्धारित एगो पैनल डिस्कसन कर भी आयोजन करल जाई जेकर में अन्य आउर कतई बक्ता सामिल होंबयं। जेनज़ोन कर सीनियर मैनेजर अंतरिक्ष गुप्ता कर द्वारा एगो लाइव पॉडकास्ट कर भी आयोजन करल जाई, जेकर में ऊ जेनरेटिव एआई कर बिसय उपरे बात करबयं।

## रांची समर्पण शाखा गौसाला में ग्यारस में करलक गौ सेवा

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा हरमू रोड कर गौसाला में ग्यारस कर उपलछ में गौ सेवा करलक। ई सेवा मीनू अग्रवाल करुवालयं। ऊ कहलयं कि गौ माता कर सेवा से बड़ केऊ सेवा नखे। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल बतालयं कि सेवा में गौ माता के गुड़, चोकर, कूटी आउर हरियर सबजी खियल गेलक। गौ सेवा प्रभारी आशा संथोलिया आउर संयोजिका डॉली बंसल गौ सेवा कर सउब तइयारी करलयं। कार्जकरम में अध्यछ विनिता सिंघानिया, आशा संथोलिया, मीनू अग्रवाल, किरण खेतान, दीपिका मोतिका, डॉली बंसल, पिंकी अग्रवाल, नेहा बागड़िया संगे बहुतेझन मउजूद रहयं।




## इंटर इस्कूल योग प्रतिजोगिता संगे योग उत्सव 26 आउर 27 के

- जीडी गोयनका पब्लिक इस्कूल में पोस्टर कर होलक अनाबरन

**रांची।** नामकुम रोड इस्थित जीडी गोयनका पब्लिक इस्कूल में 26 आउर 27 अक्टूबर के द्वितीय इंटर इस्कूल योग प्रतिजोगिता संगे योग उत्सव-2024 होवी। इस्कूल कर उप निदेसक अमन सिंह, प्रचार्य डॉ सुनील कुमार, रिलेशंस कर निदेसक आशुतोष द्विवेदी आउर नटराज योग संस्थान कर निदेसक आर्य प्रहलाद भगत संयुक्त रूप से कार्जकरम कर पोस्टर कर अनाबरन 16 अक्टूबर के करलयं।

आर्य प्रहलाद भगत बतालयं कि 26 आउर 27 अक्टूबर, 2024 के नटराज योग संस्थान, जीडी गोयनका पब्लिक इस्कूल आउर रिलेशंस कर संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय इंटर इस्कूल योग प्रतिजोगिता संगे योग उत्सव-2024 कर आयोजन जीडी गोयनका पब्लिक इस्कूल में करल जाथे। रांची कर बिभिन्न इस्कूलमन कर छउवामन ई प्रतिजोगिता में सामिल होंबयं।



ई प्रतिजोगिता में योगासन, स्पीच, क्विज, पेंटिंग आदि प्रतिजोगिता में छउवामन भाग लेंबयं। इकर में 5 बछर से 18 बछर तक कर बालक/बालिका भाग लेइ सकयंना। सउब बिजेता प्रतिभागीमन के ट्रॉफी, मेडल आउर परसस्ति पतर देइ के सम्मानित करल जाई। ई अवसर में सोनल गाबा, दिव्या सेहगल, रिया नायक आदि मउजूद रहयं। बेसी जानकारी ले 7808475779 में संपर्क करल जाए सकेला।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com